

# 27:08:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

राष्ट्रीय ख़बर

हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 234 epaper.rashtriyakhabar.com श्रावण, शुक्लपक्ष एकादशी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

न्यायागतस्त द्रव्यस्य बौद्धव्यौ द्वावतिक्रमौ।

अपात्रे प्रतिपत्तिश्च पात्रे चाप्रतिपादनम्॥

भावार्थ : हे राजन्! न्यायपूर्वक कमाए गये धन के दो ही दुरुपयोग हैं - अपात्र को दे देना तथा सुपात्र को न देना। अपात्र को दिया गया धन/ दान बंजर भूमि में डाले गये बीज की भांति व्यर्थ हो जाता है और धन पास होते हुए भी सद्पात्र को धन न देना अपनी धनवानता को व्यर्थ करना, क्योंकि धन की तीन ही गतियां हैं - दान, भोग और नाश। इनमें दान ही सर्वश्रेष्ठ है। भोग मध्यम है और नाश अधम है, क्योंकि वह किसी के काम नहीं आता।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 23.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.11 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.28 बजे

## चुनाव से पहले एमपी में तीन नये मंत्री बने

**भोपाल:** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के ठीक पहले आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए तीन मंत्रियों को शामिल किया, जिसमें श्री गौरीशंकर बिसेन और श्री राजेंद्र शुक्ल कैबिनेट मंत्री और श्री राहुल सिंह लोधी राज्य मंत्री बनाए गए हैं। राजभवन में आयोजित संक्षिप्त एवं गरिमामय समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने तीनों नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले क्षेत्रीय, जातीय और राजनैतिक संतुलन के उद्देश्य से नए मंत्रियों को शपथ दिलायी गई है। मंत्रिमंडल में अब मुख्यमंत्री के अलावा मंत्रियों की संख्या बढ़कर 33 हो गयी है। इसमें 25 कैबिनेट मंत्री और आठ राज्य मंत्री शामिल हैं। दो सौ तीस सदस्यीय राज्य विधानसभा में तय मापदंड के अनुरूप मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 35 मंत्री हो सकते हैं। इस तरह अब भी एक पद रिक्त है।

## आयकर विभाग की वेबसाइट नये स्वरूप में लांच

**नयी दिल्ली:** करदाताओं के अनुभव को बेहतर बनाने और नई प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बनाये रखने के लिए आयकर विभाग ने अपनी वेबसाइट को उपयोगकर्ताओं के लिए सहज इंटरफेस, मूल्य वर्द्धित फीचरों तथा नए मॉड्यूल के साथ नये स्वरूप में लाँच किया है। उन्नत वेबसाइट उदयपुर में आयकर निदेशालय (सिस्टम्स) द्वारा आयोजित 'चिंतन शिविर' में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ( सीबीडीटी ) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता द्वारा लांच की गई थी। हालांकि आयकर विभाग ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी दी है। यह वेबसाइट कर तथा अन्य संबंधित सूचनाओं के भंडार के रूप में कार्य करती है। यह परस्पर संदर्भित और हाइपरलिंक्ड तरीके से प्रत्यक्ष कर कानूनों कई अन्य संबद्ध अधिनियमों, नियमों, आयकर परिपत्रों और अधिसूचनाओं तक पहुंच प्रदान करती है। यह साइट 'करदाता सेवा मॉड्यूल' की भी पेशकश करती है जिसमें करदाताओं को उनके आयकर रिटर्न दाखिल करने में सहायता करने के लिए विभिन्न टैक्स टूल्स शामिल हैं। वेबसाइट को मोबाइल - रेस्पांसिव लेआउट के लिए सुंदर तरीके से नया रूप दिया गया है। इस वेबसाइट में नए फीचर और कार्यात्मकताओं के साथ कंटेंट के लिए 'मेगा मेनू' है। वेबसाइट पर आने वाले आगंतुकों की सुविधा के लिए, इन सभी नए फीचरों को एक गाइडेड वर्चुअल टूर और नए बटन इंडीकेटरों के माध्यम से समझाया गया है।

## कश्मीर में 'छड़ी मुबारक' यात्रा शुरू

**श्रीनगर:** भगवान शिव की पवित्र गदा, स्वामी अमरनाथ की 'छड़ी-मुबारक' के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि शनिवार तड़के अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए दशनामी अखाड़ा मंदिर श्रीनगर से बस में रवाना हुए। स्वामी गिरि अन्य साधुओं के साथ यात्रा को पूर्ण करेंगे और यहां पहुंचकर अमरनाथ यात्रा के अंतिम अनुष्ठानों का संचालन करेंगे। इस यात्रा को स्वामी ओर साधुओं को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूर्ण करायी जाएगी। छड़ी मुबारक, जिसमें एक भगवान शिव और दूसरी देवी पार्वती का चित्रण है। सदियों पुरानी परंपराओं, अनुष्ठानों के अनुसार, यात्रा श्रीनगर के दशनामी अखाड़ा मंदिर से पहलगाम के लिए रवाना होती है, जिसमें दक्षिण कश्मीर में पारंपरिक पहलगाम मार्ग से साधुओं का एक समूह 'बम बम बोले' का नारा लगाते हुए अमरनाथ गुफा की ओर जाता है। रास्ते में 'छड़ी मुबारक' को बिजबेहरा में शिवजी महाराज हरिश्चंद्र मंदिर और श्री मार्तंडा मंदिर ले जाया जाएगा, जहां विशेष पूजा की जाएगी। वार्षिक 64 दिवसीय अमरनाथ यात्रा एक जुलाई को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के बालटाल मार्गों से शुरू होती है और 31 अगस्त को श्रावण-पूर्णिमा के अवसर पर समाप्त होती है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

# बर्फ पिघलने के कारण अंटार्कटिका में हजारों पेंगुइन मर गये

**बेलिंग्सहॉसन:** जलवायु परिवर्तन के कारण अंटार्कटिका के सम्राट पेंगुइन विलुप्त होने के खतरे में हैं। आशंका है कि इस आपदा में अब तक करीब 10,000 पेंगुइन की मौत हो चुकी है। इससे पहले कि शिशु पेंगुइन के जलरोधक पंख विकसित हों, उनके पैरों के नीचे की बर्फ पिघलने लगती है और वे बर्फ के ठंडे पानी में गिर जाते हैं। बाद में पक्षी या तो पानी में डूब जाते हैं या जम कर मर जाते हैं। वैज्ञानिकों को डर है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो इस प्रजाति को बचाना मुश्किल हो जाएगा। पिछले वर्ष उपग्रहों से पता चला कि अंटार्कटिका के पश्चिम में बेलिंग्सहॉसन सागर के किनारे हजारों पेंगुइन स्वतंत्र रूप से मर रहे हैं। वैज्ञानिकों को डर है कि निरंतर ग्लोबल वार्मिंग के परिणामस्वरूप इस सदी के अंत तक 90 प्रतिशत से अधिक सम्राट पेंगुइन उपनिवेश गायब हो जाएंगे। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण (बीएएस) डॉ. पीटर फ्रेटवेल ने कहा, पेंगुइन की ये प्रजातियां अपने प्रजनन चक्र के लिए समुद्री बर्फ पर निर्भर हैं। यह एक ठोस मंच की तरह है जिसका उपयोग वे अपने बच्चों को विकसित करने के लिए करते हैं। लेकिन अगर बर्फ पर्याप्त व्यापक नहीं है - या बहुत तेजी से पिघलती है - तो पक्षी नष्ट हो जाएंगे खतरे में है। उन्होंने कहा, उम्मीद खत्म नहीं हुई है, हम कार्बन उत्सर्जन को कम कर सकते हैं। और अगर हम असफल होते हैं, तो हम



इन प्रतिष्ठित, सुंदर पक्षियों को विलुप्त होने के कगार पर पहुंचा देंगे। वैज्ञानिकों ने बेलिंग्सहॉउस सागर के पास पांच कॉलोनियों का पता लगाया है- रोथ्सचाइल्ड द्वीप, वर्डी इनलेट, स्माइली द्वीप, ब्रायन प्रायद्वीप और फ्रॉगनर पॉइंट। यूरोपीय संघ के सेंटिनल-2 उपग्रह का उपयोग करके, वे पेंगुइन की सभी गतिविधियों पर नजर रखने में सक्षम थे। जैसे ही मार्च के आसपास दक्षिणी गोलार्ध में सर्दियाँ आती हैं, वयस्क पक्षी समुद्री बर्फ की ओर चले जाते हैं। वहां वे संभोग करते हैं, अंडे देते हैं, बच्चों को सेते हैं और उनके परिपक्व होने तक उनकी देखभाल करते हैं। दिसंबर या जनवरी के आसपास नए पक्षी समुद्र में चले जाते हैं। लेकिन शोध टीम ने नवंबर में पाया कि चूजों के तैरने के लिए जरूरी पंख उगने से पहले ही समुद्री बर्फ टूटने लगी थी।

पांच में से चार कालोनियों में पुनरुत्पादन विफल रहा; केवल उत्तरी रोथ्सचाइल्ड द्वीप समूह ही कुछ हद तक फलदायी हैं। 2016 की गर्मियों के बाद से अंटार्कटिका में बर्फ गंभीर संकट में है। 2021-22 और 2022-23 की दो गर्मियों में रिकॉर्ड बर्फ पिघली; यह कहा जा सकता है कि बेलिंग्सहॉसन सागर बर्फ के आवरण से रहित था। दूसरी ओर, दुनिया के दूसरी ओर, आर्कटिक क्षेत्र में, पिछले दशक में समुद्री बर्फ रिकॉर्ड दर से पिघल रही है। अंटार्कटिक बर्फ विशेषज्ञ डॉ. कैरोलिन होम्स ने बताया, अभी हम जो देख रहे हैं वह पहले जो हुआ उससे बिल्कुल विपरीत है। हमें बदलाव की उम्मीद थी लेकिन यह इतनी जल्दी होगा यह नहीं सोचा था। आर्कटिक पर विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, यदि जलवायु वार्मिंग को उलटा किया जा सकता है, तो उत्तरी ध्रुव में समुद्री बर्फ का पुनः प्राप्त होना संभव है। हमें नहीं पता कि यह अंटार्कटिका पर भी लागू होता है या नहीं। लेकिन ऐसा सोचने का हर कारण है यदि यह पर्याप्त ठंडा हो गया, तो समुद्री बर्फ ठीक हो जाएगी। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) सम्राट पेंगुइन को ह्यविलुप्त होने के करीबह्व के रूप में वर्गीकृत करता है। हालाँकि, उन्हें अधिक असुरक्षित श्रेणी में रखने का प्रस्ताव किया गया है क्योंकि तापमान में लगातार वृद्धि के कारण उनकी जिंदगी खतरे में है।

**घोषणा** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जायेगा 23 अगस्त का दिन

# वैज्ञानिकों से भेंट कर खुशी से रो पड़े प्रधानमंत्री मोदी

- यह आज के विकसित भारत की छवि है
- दोनों लैंडिंग प्वाइंट का नामकरण भी किया
- दुनिया अब हमारे विकास का लोहा मानती है



राष्ट्रीय खबर

**बेंगलुरुः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने के गौरवशाली दिन 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जायेगा। श्री मोदी ने आज यहां भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) टीम के वैज्ञानिकों से मुलाकात के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि चंद्रयान-2 के लैंडिंग प्वाइंट का नाम तिरंगा और चंद्रयान-3 के लैंडिंग प्वाइंट का नाम शिवशक्ति होगा। चंद्रयान-3 के 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की गौरवशाली उपलब्धि के आलोक में एक आल्हादित क्षण उस समय नजर आया जब इसरो टीम के वैज्ञानिकों से मुलाकात करने पहुंचे श्री मोदी की आंखे हर्षातिरेक में छलछला सी गयी और वह अपने आंसुओं को नहीं रोक सके। उन्होंने यहां चंद्रयान-3 टीम और इसरो के अन्य वैज्ञानिकों से मुलाकात और बातचीत की। इसरा अध्यक्ष एस सोमनाथ ने उन्हें विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के अपडेट के बारे में जानकारी दी। चंद्रयान-3 टीम ने विक्रम की सॉफ्ट-लैंडिंग और उसके पेट से प्रज्ञान (रोवर) को बाहर निकालने का प्रदर्शन किया था। इस मौके पर रूंधी आवाज में श्री मोदी ने कहा, ''मैं दक्षिण अफ्रीका में था लेकिन मेरा मन वैज्ञानिकों के साथ था। मैं सबसे पहले वैज्ञानिकों से मिलना चाहता था। यह नया भारत है जो दुनिया भर में रोशनी फैलाता है। यह आज का पूर्ण विकसित भारत है। यह वह भारत है जो नया सोचता है। यह वह भारत है जो दुनिया भर में प्रकाश फैलाता है। भारत दुनिया के लिए समाधानों का नेतृत्व करेगा। मैं टचडाउन से पहले हर पल को याद करता रहता हूं। टचडाउन का वह क्षण अविस्मरणीय ही नहीं बल्कि भारत के लिए शाश्वत है।'' उन्होंने आगे कहा कि चंद्रयान की सफलता न सिर्फ भारत की सफलता है, बल्कि ये एक बार फिर मानवता की भी सफलता है। उन्होंने कहा, ''मैं सभी वैज्ञानिकों, तकनीशियनों और आप सभी को बधाई देना चाहता हूं जो इस मिशन का हिस्सा हैं।'' इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां एचएएल हवाई अड्डे के बाहर जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान' के नारे लगाते हुए जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जो तस्वीर उन्होंने बेंगलुरु में देखी, वही तस्वीर यूनान और जोहान्सबर्ग में भी देखी। यह वास्तव में आश्चर्य की बात है कि आप सभी यहां हैं और यहां तक कि बच्चे भी सुबह-सुबह यहां हैं। इस मौके पर स्थानीय कलाकार हवाई अड्डे के सामने सड़कों पर नृत्य करते और ढोल बजाते नजर आये। लोगों ने चंद्रयान-3 मिशन की चंद्रमा पर सफलता का जश्न मनाने और प्रधानमंत्री के आगमन पर राष्ट्रीय ध्वज और पोस्टर लहराये।

इससे पहले श्री मोदी के बेंगलुरू पहुंचने पर स्थानीय कलाकार उनके स्वागत में सड़कों पर ढोल बजाते और नृत्य करते नजर आये। उन्होंने हवाई अड्डे के बाहर लोगों को संबोधित करते हुए कहा ''मुझे नहीं पता था कि मैं बेंगलुरु कब पहुंचुंगा, इसलिए मैंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और राज्यपाल से अनुरोध

» शेष पेज 2 पर

ऑस्ट्रेलिया के क्रिसमस द्वीप पर अभी सड़कों पर यातायात बंद

# केकड़ों की विशाल फौज की घर वापसी का मौसम



- हर तरफ की सड़क लाल रंग से भरी
- अनेक लोग अपने घरों में फंसे हुए हैं
- उन्हें संरक्षण देने के लिए यह नियम बना

एजेंसियां

**क्रिसमस द्वीपः** यहां की सड़कों पर अभी कोरोना जैसा लॉकडाउन लगा है। दूर से देखने पर पूरी सड़क लाल रंग की नजर आ रही है। दरअसल यह तरीका सिर्फ खास प्रजाति के लाल केकड़ों को बचाने के लिए अपनाया गया है। शहर में यह बंदी किसी राजनीतिक मकसद अथवा हिंसा की वजह से नहीं बल्कि इस प्रजाति को बचाने के लिए है। यह केकड़े इस मौसम में घर वापसी करते हैं। उनकी चाहत इतनी प्रवल है कि पहले गाड़ियों के नीचे कुचले जाने के बाद भी उनकी यात्रा जारी रहती थी। कई स्तरों पर विरोध होने के बाद अब सरकार ने उनके रास्तों पर लोगों के आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। वे इस इलाके के प्रवासी है और खास समय में उन्हें खुद ही पता चल जाता है कि उनकी वापसी का समय आ गया है। हर साल इसी समय के आसपास कैंसर सेना सड़क पार कर घर की ओर मार्च करना शुरू कर देती है। उस दौरान उस सड़क पर गाड़ियों की एंट्री नहीं होगी। क्रिसमस द्वीप पर क्रिसमस से पहले द्वीप की सड़कों और गलियों को सांता के कपड़ों से सजाया जाता है। करोड़ो लाल केकड़े सड़कों पर मार्च करते हुए अपनी यात्रा पर निकल पड़ते हैं। जाड़ा आने के पहले ही वे समुद्र में लौट जाना चाहते हैं। पर्यावरण वैज्ञानिकों के मुताबिक सबसे पहले महिला केकड़ों की फौज समुद्र के किनारे आयेंगी। उनके पीछे पीछे नर

» शेष पेज 2 पर

## मालदा के इलाके के लोगों ने लॉटरी से किस्मत पलटने का खेल देखा

# जीवन से संघर्ष कर रहे भानू अब करोड़पति बने

- उधार में खरीदा था लॉटरी का टिकट
- मथुरापुर में पराठा पुड़ी की दुकान है
- अब सबसे पहले अपने लिए घर बनायेगा



राष्ट्रीय खबर

**मालदाः** किसी तरह परिवार की गाड़ी खींच रहे भानू की किस्मत अचानक खुल गयी है। वह अब करोड़पति बन गया है, यह नजारा मालदा के मथुरापुर मानिकचक के फतेनगर इलाके के निवासियों ने देखा। पता चला है कि भानु मंडल (38) केवल 120 रुपये का टिकट खरीदते हैं। उनकी जेब में पैसे नहीं होने के कारण, पुरी विक्रेता भानु मंडल टिकट विक्रेता से उधार पर टिकट खरीदते हैं। रोजाना 300 रुपये कमाने वाले भानु मंडल अब करोड़पति हैं। मथुरापुर

» शेष पेज 2 पर

# शांति के लिए गृह मंत्री ने मैतेई समूह से पहल करने को कहा

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्लीः** गृह मंत्री अमित शाह ने मैतेई समूह से कुकी नेताओं के साथ बातचीत शुरू करने को कहा है। कुकी-जो विधायकों ने कहा कि वे विधानसभा सत्र में भाग नहीं लेंगे क्योंकि उन्हें अपनी जान का डर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को एक प्रभावशाली मैतेई नागरिक समाज समूह, मणिपुर इंटीग्रिटी (सीओसीओएमआई) पर समन्वय समिति के सदस्यों से मुलाकात की और उनसे शांति कायम करने के लिए जिम्मेदार कुकी नेताओं के साथ बातचीत शुरू करने का आग्रह किया। इस बीच, मणिपुर में कुकी-जो-हमार समुदाय के 10 विधायकों ने शुक्रवार को कहा कि वे 3 मई को राज्य में हिंसा भड़कने के बाद से मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के संपर्क में नहीं हैं। उनमें से एक, कपड़ा और वाणिज्य मंत्री नेमचा किपगेन ने मणिपुर अध्यक्ष को लिखा कि सुरक्षा विशेषज्ञों ने उन्हें




इम्फाल में अस्थिर कानून व्यवस्था की स्थिति के कारण 29 अगस्त को सत्र में भाग लेने से परहेज करने की सलाह दी है। कोकोमी के एक पदाधिकारी खुआरिजम अथौबा ने बताया कि श्री शाह के सुझाव के संबंध में कोई अंतिम निर्णय नहीं

» शेष पेज 2 पर

**सफलता** वैज्ञानिकों ने चूहों में दीघार्यु जीन की खोज की

# उम्र बढ़ाने का एक और जेनेटिक प्रयोग सफल होने का दावा

- जीन को एक प्रजाति से दूसरी प्रजाति में डाला
- जीन बदलाव से दूसरी प्रजाति को लाभ हुआ
- इंसानों के लायक बनाने का परीक्षण जारी है



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** इंसान और खासकर आधुनिक इंसान अधिक उम्र तक जीने की चाह में मरा जा रहा है। इस कोशिश के साथ साथ चिरयौवन की इच्छा भी अनेक दवा कंपनियों का कारोबार चला रही है। इसके बीच ही सही अर्थों में इंसानों को अधिक आयु तक सक्रिय और रोगमुक्त तरीके से जीवित रखने के अनेक प्रयोग दुनिया भर में चल रहे हैं। इस कड़ी में एक शोध दल ने खास प्रजाति के चूहों में उस दीघार्यु जीन की पहचान की है, जिसका प्रयोग सफल रहा है। बताया गया है कि एक जीन जो एचएमडब्ल्यू-एचए उत्पन्न करता है, इसके लिए जिम्मेदार है। इस जीन का सफल स्थानांतरण मनुष्यों के स्वास्थ्य और जीवन काल में सुधार का मार्ग भी प्रशस्त कर सकता है। एक अभूतपूर्व प्रयास में, रोचेस्टर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक खास प्रजाति के चूहों से दीघार्यु जीन को सफलतापूर्वक दूसरी प्रजाति के चूहों में स्थानांतरित कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और चूहे का जीवनकाल बढ़ गया है। मोल प्रजाति का चूहों (इनके सामने मुंह पर दो लंबे दांत होते हैं) जो अपने लंबे जीवनकाल और उम्र से संबंधित बीमारियों के प्रति असाधारण प्रतिरोध के लिए जाने जाते हैं, ने लंबे समय से वैज्ञानिक समुदाय का ध्यान आकर्षित किया है। चूहों में बेहतर सेलुलर मरम्मत और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार एक विशिष्ट जीन पेश करके, रोचेस्टर शोधकताओं ने उम्र बढ़ने के रहस्यों को खोलने और मानव जीवन काल को बढ़ाने के लिए रोमांचक संभावनाएं खोली हैं।


रोचेस्टर में जीव विज्ञान और चिकित्सा के डोरिस जॉन्स चेरी प्रोफेसर वेरा गोर्बुनोवा कहते हैं, हमारा अध्ययन इस सिद्धांत का प्रमाण प्रदान करता है कि लंबे समय तक जीवित रहने वाली स्तनधारी प्रजातियों में विकसित अद्वितीय दीघार्यु तंत्र को अन्य स्तनधारियों के जीवन काल में सुधार के लिए निर्यात किया जा सकता है।

गोर्बुनोवा, जीव विज्ञान के प्रोफेसर आंद्रेई सेलुआनोव और उनके सहयोगियों के साथ, नेचर में प्रकाशित एक अध्ययन में रिपोर्ट करते हैं कि उन्होंने मोल प्रजाति का चूहे से उच्च आणविक भार हयालूरोनिक एसिड (एचएमडब्ल्यू-एचए) बनाने के लिए जिम्मेदार जीन को सफलतापूर्वक चूहों में स्थानांतरित कर दिया। इससे स्वास्थ्य में सुधार हुआ और चूहों के औसत जीवनकाल में लगभग 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मोल प्रजाति का चूहे चूहे के आकार के कृंतक (रोडेंट) होते हैं जिनके आकार के कृंतक असाधारण रूप से दीघार्यु होते हैं। वे 41 वर्ष तक जीवित रह सकते हैं, जो समान आकार के रोडेंट से लगभग दस गुना अधिक है। कई अन्य प्रजातियों के विपरीत, मोल प्रजाति का चूहे अक्सर उम्र बढ़ने के साथ-साथ न्यूरोडीजेनेरेशन,

» शेष पेज 2 पर

# प्रिगोझिन की मौत में साजिश से रूस का इंकार

एजेंसियां



**मॉस्कोः** निजी सेना वैगनर के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन की मौत में कोई रूसी साजिश नहीं थी। क्रेमलिन ने इस बात से इनकार किया कि वह बुधवार की विमान दुर्घटना में शामिल था, जिसमें वैगनर बॉस येवगेनी प्रिगोझिन की मौत हो सकती थी, और इस तरह की अटकलों को पूरी तरह से झूठ कहा। प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यह पुष्टि करने के लिए आनुवंशिक परीक्षण चल रहा है कि प्रिगोझिन विमान में था या नहीं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को दुर्घटना के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में कहा कि प्रिगोझिन एक प्रतिभाशाली व्यक्ति थे जिन्होंने गंभीर गलतियाँ कीं। इस बीच यूक्रेन में, संकेत बढ़ रहे हैं कि यूक्रेन की सेनाएं जापोरिज़िया क्षेत्र के हिस्से में रूसी सुरक्षा की पहली पंक्ति में घुस गई हैं। रूस ने शुक्रवार तड़के क्रीमिया के ऊपर 42 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया, उसके रक्षा मंत्रालय ने कहा। यह कीव की सेनाओं द्वारा प्रायद्वीप पर रूसी सैन्य

» शेष पेज 2 पर

शहर >> अपडेट

## बैद्यनाथ राम व नारायण दास को हटाने की मांग

**रांची:** आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने विधायक बैद्यनाथ राम एवं विधायक नारायण दास को झारखंड विधानसभा आश्वासन समिति से हटाने की मांग की हैं। मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि बैद्यनाथ राम एवं नारायण दास झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी के मान सम्मान, पहचान, नियोजन एवं पेंशन के मामले को लेकर गंभीर नहीं है। झारखंड आंदोलनकारी के सवालों को लेकर आश्वासन समिति की कई बैठकें हो चुकी हैं। लेकिन बैद्यनाथ राम एवं नारायण दास अपने दायित्व का निर्वाह नहीं करते हैं। आश्वासन समिति की बैठकों में उपस्थित नहीं होते हैं। जिसके कारण से झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी के मामले लंबित रह जाते हैं। मोर्चा ने मांग की है कि आश्वासन समिति में झारखंड आंदोलनकारियों के मांग उठने वाले एवं आंदोलनकारी के मामले में गंभीर व कर्तव्यनिष्ठ विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं विधायक विनोद कुमार सिंह को सरकार आश्वासन समिति में रखे।

### सीएम डुमरी उपचुनाव में बेबी देवी के लिए वोट मांगने चंद्रपुरा प्रखंड के कोंचाटांड़ पहुंचे

# यहां का जनसैलाब ये प्रमाणित कर रहा की बेबी देवी जीत हासिल करेगी:हेमंत

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** सीएम हेमंत सोरेन डुमरी उपचुनाव में गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी के लिए वोट मांगने चंद्रपुरा प्रखंड के कोंचाटांड़ पहुंचे। उनके साथ ही सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, बादल पत्रलेख और मथुरा महतो भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बहुत लोगों ने बहुत बाते कह दी है। लेकिन यहां के जनसैलाब ये प्रमाणित कर रहा की बेबी देवी जीत हासिल करेगी और दूसरे लोंगो की जमानत जप्त भी होगा। यहां के मूलवासी, गरीब किसान, दलित पिछड़े की जो लड़ाई है वो रुकता नहीं है हक और अधिकार के लिए यहां के लोग लड़ते ही आए है, राज्य मांगते मांगते 40-50 साल हो गए।

### जब से सरकार बनी, तब से गिराने की हुई साजिश

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जिस दिन से बनी उसी दिन से सरकार गिराने के लिए साजिश बनाने लग गए। दिग्भ्रमित करने का काम करने लग गए। लेकिन विपरीत परिस्थितियों में भी हमारी सरकार ने काम किया है। इस बीच जागरनाथ महतो ने काम किया। काम को देखते यहां के लोगों ने उनका नाम टाईगर रख दिया। स्वर्गीय जगन्नाथ महतो काम को लेकर गंभीर रहते थे। जो जो काम का उल्लेख उन्होंने किया था।उसको पूरा किया है। 1932 का कानून जब पारित हुआ था। तब गुरुजी को 1932 के चादर दिया था और काफी खुश थे।

### डबल इंजन सरकार ने 1985 लागू किया था

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार 1932 लागू करने पर राजनीतिक अड़ंगा लगा रहे है। डबल इंजन सरकार ने ओबीसी का 27% काट कर के 14% कर रहे हैं। 1932 के खिलाफ ये लोग बोलते है। इनलोगों ने 1985 लागू करने का काम किया है। कानून पास नहीं होने के बावजूद भी हमलोग युवाओं को नौकरी देने का काम कर रहे हैं। 90- 95% यहां के लोगों को नौकरी देने का काम किया है।धीरे धीरे बाहर के लोगो को यहां आने से कम करेंगे।

### 2024 का चुनाव भी हम ही जीतेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग दिन भर सरकार गिराने की कोशिश करता है लेकिन ऊपर वाला हम सुरक्षित करता है। 2024 पूरा कर के हमलोग उसके बाद भी आएंगे। ये चुनाव एक ऐसा स्थिति का देन है जहां वो व्यक्ति आप लोगों की सेवा करते-करते खुद को कुर्बान कर दिया। अपने शरीर को ना देखते, आपकी मांग को पूरा करता रहा। लेकिन इस परिस्थिति में उनकी पत्नी को चुनावी मैदान में आना पड़ा। यह शेरनी खुद बाहर आई है। एक समय तक मां बाप लोग बच्चों को चलाना सिखाती है। लेकिन एक वक्त तक मां-बाप भी उन बच्चों को छोड़ देता है। ताकि वो अपने ताकत में जिए लेकिन आज बड़े भाई के जो बेटे है वो थोड़े छोटे है। ये चुनाव बीतने के बाद ये छोटे बेटे जगन्नाथ महतो के दूसरे रूप में लोगों के सामने आएंगे। कुछ चुनाव ऐसे होते हैं जहां हम कभी इस चुनाव को नजरंदाज नहीं कर सकते है जैसे डुमरी।

### रिकॉर्ड मतों से बेबी देवी को जिताएं

वहीं सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि यहां स्वर्गीय जगन्नाथ महतो का साकार होगा और आप सभी लोग रिकॉर्ड मतों से बेबी देवी को जिताएंगे और इस बहाने मुख्यमंत्री को काम करने का मौका मिलेगा। हमारी सरकार ने जैसे ही काम करना शुरू किया कोविड-19 महामारी ने दस्तक दी। इस महामारी से बचने-बचाने में एक साल का समय लग गया। उसके बाद भी हमलोग डरे नहीं और बल्कि लड़े। अब दो सालों में हमने विकास का काम किया और लोगों को रोजगार भी दिया। हमारी सरकार ने शिक्षकों की नियुक्ति की। इस क्षेत्र में स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के सपने को पूरा करने की हमलोग कोशिश करेंगे।

### राज्य में कई योजनाओं को मुख्यमंत्री ने पूरा किया

बादल पत्रलेख ने कहा कि घर जा कर मन में सोचिएगा एक तरफ वो लोग है, जिन्होंने 18 साल तक झारखंड में शासन किया और दूसरे तरफ वो है जो काम कर के हमलोग के बीच से चले गए। जगन्नाथ दा आज हमारे बीच नहीं है लेकिन आज वो अमर है। लोगों के जुबान में वो रहते है। कई काम उन्होंने लोगों के लिए किया था। उन्होंने कहा कि जगन्नाथ दा के नाम को डुमरी की जनता गिरने नहीं देगी 1932 खतियान, शिक्षक नियुक्ति, विकास और अन्य मुद्दे को लेकर अपनी बात लोगो के पास रखते थे। इसके अलावा गांव कस्बे में बड़ा बदलाव हुआ। आंगनबाड़ी, रसोइया, पारा शिक्षक, ओल्ड पेंशन योजना जैसी योजनाओं को मुख्यमंत्री ने पूरा किया है। सभी को सम्मान देने का काम किया है।

## जनता कह रही मोदी हैं तो मुमकिन है: जयंत सिन्हा

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग लोकसभा के रेल कार्यों में एक और उपलब्धि जुड़ रही है। वंदे भारत के बाद क्षेत्र को अब इंटरसिटी एक्सप्रेस की सौगात मिलने जा रही है। 12 सितम्बर को रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन किया जायेगा। इसका संचालन वाया जमुआ, धनवार, महेशपुर हाल्ट, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा व टाटीसिलवे से होकर होगा। सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हजारीबाग से इसकी शुरूआत को लेकर काफी समय से प्रयासरत थे। उनके प्रयासों को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के शुरू होने से लाखों यात्रियों को अत्यंत सुविधा होने वाली है। यात्री अब बस से भी कम किराये में यात्रा कर सकेंगे, जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के शुरू होने की खबर से क्षेत्रवासियों में अपार खुशी व उत्साह है। जनता इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री जी व अपने लोकप्रिय सांसद को कोटि-कोटि धन्यवाद दे रही है। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि संसदीय क्षेत्रवासियों की रेल संबंधी एक और मांग अब पूरी होने जा रही है। 12 सितम्बर को एक और ऐतिहासिक दिन हजारीबाग के इतिहास में दर्ज हो जायेगा। हमारा प्रयास यात्रियों के लिए सदैव हर बेहतर सुविधा सुनिश्चित करवाना रहा है।

### बाबूलाल मरांडी का हेमंत सरकार को चैलेंज

## संताल परगना बिल्डर्स कंपनी पर एफआईआर दर्ज कर जब्त करें संपत्ति

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** संथाल परगना बिल्डर्स मामले में भाजपा और झामुमो की सियासत तेज है। शनिवार को भी इसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर हमला बोला। दुमका में अपने संकल्प यात्रा के क्रम में जनसभा में कहा कि संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर झामुमो ओछी राजनीति करना बंद करे। झामुमो को प्रेसवार्ता आयोजित करने की क्या जरूरत है। प्रेसवार्ता तो विपक्ष के लोग करते हैं। झामुमो की तो यहां सरकार है,पुलिस प्रशासन है। वे सीधे कार्रवाई करें। बाबूलाल ने हेमंत सरकार से संथाल परगना बिल्डर्स मामले में एफआईआर करने विधि विरुद्ध काम करने वाले अपराधियों की संपत्ति जब्त करने की भी मांग की। सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, सांसद सुनील सोरेन,पूर्व मंत्री लुइस मरांडी, जिलाध्यक्ष परितोष सोरेन के अलावे अन्य भी उपस्थित थे।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। जब-जब भाजपा की सरकार बनती है तो विकास की चर्चा होती है। जब झामुमो,कांग्रेस राजद की सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार की ही बात होती है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि वे बताएं कि साढ़े तीन वर्षों में उन्होंने राज्य में विकास का कौन सा कार्य किया है। बाबूलाल के मुताबिक संथाल की धरती को भाजपा की सरकार ने विकास से जोड़ा। अटलजी ने संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल कराया। आदिवासी मंत्रालय बनाया, गांव को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ा और आज नरेंद्र मोदी सरकार ने दुमका में मेडिकल कालेज दिया। देवघर में एम्स स्थापित किए। यहां हवाई अड्डा बनाया।

दुमका, गोड्डा सभी को रेलवे लाइन से जोड़ा। झारखंड में आज जो भी विकास दिख रहा, वह भाजपा सरकार की देन है। झामुमो ने तो अलग राज्य आंदोलन को भी बेचकर नरसिम्हा राव सरकार से पैसा ले लिया। इसके कारण शिबू सोरेन को तिहाड़ जेल भी जाना पड़ा।बाबूलाल के मुताबिक हेमंत सोरेन परिवार खुद भ्रष्टाचार में डूबा है। भ्रष्टाचारियों को संरक्षण भी दे रहा है। आलम यह है कि परिवार ने भ्रष्टाचार के क्षेत्र का भी बंटवारा कर लिया है। रेलवे साइडिंग भी अपने परिवार में सीता सोरेन, बसंत सोरेन के नाम से बांट लिए हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को बताना चाहिए कि इतनी संपत्ति कहां से अर्जित की।ईडी पूछ रही तो साफ-साफ बता दें।

## रांची में रेल नीर प्लांट की करें स्थापना:दीपक प्रकाश

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर झारखंड की राजधानी रांची में रेल नीर प्लांट स्थापित करने का आग्रह किया है। अपने पत्र के माध्यम से केंद्रीय रेलवे मंत्री को दक्षिणी पूर्वी रेलवे अंतर्गत रांची डिवीजन में रेल नीर प्लांट लगाने की मांग की है। लिखा है कि पूरे झारखंड राज्य में वर्तमान समय में रेल नीर (पैकेज्ड पेयजल) की आपूर्ति दानापुर,बिहार से होती है। परंतु खपत के अनुसार यात्रियों को रेल नीर की आपूर्ति नहीं हो पाती है। ट्रेनों एवं स्टेशनों पर लोकल पानी बोतल का अक्सर उपयोग होता है, जिससे यात्रियों को गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल नहीं मिल पाता है। यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन को रेल यात्रियों के साथ -साथ रेलवे परिसर में आने वाले आगंतुकों एवं ट्रेनों में उच्चतम गुणवत्ता की सेवा और उत्पाद सुनिश्चित कराना है।श्री प्रकाश ने अपने पत्र में इस राज्य के लोगों को गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल के साथ साथ राज्य में रोजगार सृजन होने की आशा व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द रांची में रेल नीर की प्लांट स्थापित करने की मांग की है।

## सीपीएम का सितंबर मे देशव्यापी अभियान

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**माक्सवार्दी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से बढ़ती महंगाई और रोजगार सृजन की मांगों के लिए सितंबर में अभिनय चलाया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने बताया कि कमरतोड़ महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ माकपा की केन्द्रीय कमेटी ने 1 से 7 सितंबर तक व्यापक अभियान चलाने का आह्वान किया है। झारखंड में इस अभियान के तहत राज्य के दो लाख परिवारों तक पहुंचने के लिए माकपा के कार्यकर्ता घर-घर जायेंगे और महंगाई व बेरोजगारी बढ़ने के पीछे शासक वर्ग की जिम्मेवार नीतियों को उजागर करेंगे।

**उठापटक** > तो क्या दो तरफा खेल खेल रही है ईडी की टीम

# जांच में हर बार पूर्व सरकार को लपेटने का काम

- पहले खनन घोटाला हुआ तो सरयू राय आये
- जमीन घोटाला हुआ तो आईएएस फंसते गये
- शराब घोटाला में भी पूर्व सरकार की भूमिका

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** प्रवर्तन निदेशालय की हालिया कार्रवाई फिर से यह सोचने पर मजबूर कर देती है कि जांच की गाड़ी हर बार उस दिशा में क्यों बढ़ जाती है, जिसमें पूर्व की रघुवर दास सरकार भी संदेह के घेरे में आ जाए। लगातार हुई ईडी की कार्रवाइयों से यह सवाल स्वाभाविक तौर पर उभर रहा है। वैसे भी पंद्रह सितंबर को ईडी के वर्तमान निदेशक के हटने के बाद क्या होगा, यह तो ईडी के अंदर भी एक बड़ा सवाल बन गया है। वर्तमान निदेशक संजय मिश्रा के बारे में चर्चा है कि उन्हें मुख्य जांच अधिकारी जैसा एक पद देकर मोदी सरकार अपने साथ रखने जा रही है।

झारखंड की बात करें तो जब ईडी ने पहली बार खनन घोटाला का काम प्रारंभ किया तो गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे को इसकी सूचना सबसे पहले मिल रही थी। कुछ ऐसा हो रहा था मानों श्री दुबे सीधे ईडी के संपर्क में हों और कहां क्या हो रहा है, इसकी पलपल की सूचना उन्हें मिल रही थी। माहौल कुछ ऐसा बनाया गया था मानों अब ईडी की जाल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फंसने जा रहे हैं। माइनिंग लीज के दस्तावेज तथा संथाल परगना के चालानों से यही संकेत मिले थे। बाद में जब जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने ईडी के दस्तावेजों को खंगाल कर बयान जारी किया, उसके बाद से सारा मामला ठंडे बस्ते में चला गया। दरअसल ईडी की चार्जशीट से ही यह बात निकलकर आयी कि वर्तमान सरकार से ज्यादा गड़बड़ी तो पूर्व के रघुवर दास के शासनकाल में हुई थी। उसके बाद तुरंत ही यह मामला भाजपा के प्रचार के एजेंडे से बाहर चला गया। इसी तरह जमीन घोटाला मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को जेल भेजने के बाद से जांच की गाड़ी कुछ इस तरह आगे बढ़ी कि उसकी आंच उससे पहले के उपायुक्त राय महिमापत रे तक जा पहुंची। यह बहुत कम लोग जानते हैं कि महिमापत रे भी बुलडोजर सरकार के करीबी अफसर है। इसलिए वह जांच एक नई दिशा में आगे बढ़ी और अभी वरीय आईएएस अधिकारी अविनाश कुमार की तरफ जा पहुंची। लेकिन इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले की नकल झारखंड में भी करने का दावा अपुष्ट माध्यमों से प्रचारित किया गया। इसलिए मामला फिर से उलझता हुआ नजर आता है। दरअसल इसी मॉडल को पूर्व के रघुवर दास सरकार के शासनकाल में भी पहली बार अपनाया गया था। यह सभी जानते हैं कि उस वक्त इसकी जिम्मेदारी में अविनाश कुमार ही थे। कुल मिलाकर यह स्पष्ट होता जा रहा है कि हेमंत सोरेन के शासनकाल में गड़बड़ियों को पकड़ने के क्रम में अधिकारियों का वह समूह सामने आता जा रहा है, जो रघुवर दास के शासनकाल में भी सरकार में सबसे शक्तिशाली समूह था।

ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि हर जांच को कुछ इस तरह आगे बढ़ाया जा रहा है कि इस हिस्से का रिश्ता भाजपा के साथ जुड़ने की वजह से जांच किसी अंतिम निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाये। वैसे यह स्पष्ट हो चुका है कि छत्तीसगढ़ मॉडल पर शराब के कारोबार से इस वित्तीय वर्ष में झारखंड सरकार को राजस्व का नुकसान होने वाला है। पहले भी कई स्थानों पर नकली चालान जमा करने की घटनाएं धीरे धीरे सामने आ चुकी है। लिहाजा यह प्रश्न प्रासंगिक हो गया है कि क्या ईडी भी जांच को किसी ठोस नतीजे तक पहुंचाने से परहेज कर रही है।

## पेज एक का शेष

### उम्र बढ़ाने का एक और जेनेटिक.....

हृदय रोग, गठिया और कैंसर सहित बीमारियों का अनुबंध नहीं करते हैं। गोबुनीवा और सेलुआनोव ने उन अद्वितीय तंत्रों को समझने के लिए दशकों के शोध को समर्पित किया है जिनका उपयोग मोल प्रजाति का चूहे खुद को उम्र बढ़ने और बीमारियों से बचाने के लिए करते हैं। शोधकताओं ने पहले पता लगाया था कि एचएमडब्ल्यू-एचए मोल प्रजाति का चूहों के कैंसर के प्रति असामान्य प्रतिरोध के लिए जिम्मेदार एक तंत्र है। चूहों और मनुष्यों की तुलना में, मोल प्रजाति का चूहों के शरीर में लगभग दस गुना अधिक एचएमडब्ल्यू-एचए होता है। जब शोधकताओं ने मोल प्रजाति का चूहे की कोशिकाओं से एचएमडब्ल्यू-एचए को हटा दिया, तो कोशिकाओं में ट्यूमर बनने की अधिक संभावना थी। गोबुनीवा, सेलुआनोव और उनके सहयोगी यह देखना चाहते थे कि क्या एचएमडब्ल्यू-एचए के सकारात्मक प्रभाव अन्य जानवरों में भी पुनः उत्पन्न किए जा सकते हैं। टीम ने हाइलूरोनन सिंथेज 2 जीन के मोल प्रजाति का चूहे संस्करण का उत्पादन करने के लिए आनुवंशिक रूप से एक माउस मॉडल को संशोधित किया, जो एचएमडब्ल्यू-एचए पैदा करने वाले प्रोटीन बनाने के लिए जिम्मेदार जीन है। जबकि सभी स्तनधारियों में हाइलूरोनन सिंथेज 2 जीन होता है, मोल प्रजाति का चूहे संस्करण को मजबूत जीन अभिव्यक्ति को चलाने के लिए बढ़ाया जाता है। शोधकताओं ने पाया कि जिन चूहों में जीन का मोल प्रजाति का चूहा संस्करण था, उनमें सहज ट्यूमर और रासायनिक रूप से प्रेरित त्वचा कैंसर दोनों के खिलाफ बेहतर सुरक्षा थी। चूहों के समग्र स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे नियमित चूहों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहे। जैसे-जैसे जीन के मोल प्रजाति का चूहे संस्करण वाले चूहों की उम्र बढ़ती गई, उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों में सूजन कम होती गई - सूजन उम्र बढ़ने की पहचान होती है और उनकी आंत स्वस्थ बनी रही। गोबुनीवा कहते हैं, इस नस्ल के चूहे में एचएमडब्ल्यू-एचए की खोज से लेकर यह दिखाने तक कि एचएमडब्ल्यू-एचए चूहों में स्वास्थ्य में सुधार करता है, हमें 10 साल लग गए। हमारा अगला लक्ष्य इस लाभ को मनुष्यों तक पहुँचाना है। उनका मानना है कि वे इसे दो मार्गों से पूरा कर सकते हैं: या तो एचएमडब्ल्यू-एचए के क्षरण को धीमा करके या एचएमडब्ल्यू-एचए संश्लेषण को बढ़ाकर। सेलुआनोव कहते हैं, हमने पहले से ही ऐसे अणुओं की पहचान कर ली है जो हाइलूरोनन क्षरण को धीमा कर देते हैं और प्री-क्लिनिकल परीक्षणों में उनका परीक्षण कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे निष्कर्ष पहला, लेकिन आखिरी नहीं, उदाहरण प्रदान करेंगे कि कैसे लंबे समय तक जीवित प्रजातियों से दीघार्यु अनुकूलन को मानव दीघार्यु और स्वास्थ्य के लाभ के लिए अनुकूलित किया जा सकता है।

### प्रिगोझिन की मौत.....

सुविधाओं के खिलाफ यूक्रेन के अब तक के सबसे जटिल और महत्वाकांक्षी अभियानों में से एक को अंजाम देने के बाद आया है। इस बीच रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने शुक्रवार को कहा कि रक्षा मंत्रालय, आंतरिक मामलों के मंत्रालय और राज्य के स्वामित्व वाली रूसी रेलवे की सुविधाओं पर आगजनी के हमलों के पीछे यूक्रेनी विशेष फोर्स थीं। एजेंसी ने कि कहा, एफएसबी की जांच यूक्रेनी विशेष फोर्स की प्रत्यक्ष संलिप्तता का संकेत देती है। एजेंसी ने कहा, यूक्रेनी विशेष सेवाएं युवा लोगों, बुजुर्गों, हाशिए पर रहने वाले लोगों, मानसिक रूप से बीमार लोगों पर भरोसा करती हैं, जो अपने कार्यों की गंभीरता का एहसास नहीं करते हैं। एजेंसी ने दावा किया कि पीड़ितों को सुरक्षा सेवाओं से जुड़े होने का दावा करने वाले लोगों से धोखाधड़ी वाले कॉल प्राप्त होते हैं। जांच समिति, आंतरिक मामलों के मंत्रालय या एफएसबी के कर्मचारी। एफएसबी के दावों के अनुसार, कॉल करने वाले लोगों को उनकी बचत को सुरक्षित खातों में स्थानांतरित करने के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से हेरफेर करते हैं और उन्हें आगजनी हमलों को अंजाम देने के लिए भी राजी करते हैं। एफएसबी ने कहा कि मॉस्को से लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों तक रूस के एक दर्जन क्षेत्रों की सूची में आगजनी करने वालों को देश की आपराधिक संहिता के तहत कई वर्षों के कारावास की सजा सुनाई गई है। जुलाई के अंत में और पूरे अगस्त में, पूरे रूस में सैन्य भर्ती कार्यालयों पर बड़े पैमाने पर आगजनी के हमले हुए। यूक्रेन अक्सर रूसी धरती पर हमलों पर सीधे तौर पर टिप्पणी करने से बचता रहा है। रूसी पक्षपातपूर्ण समूह से जुड़े एक सूत्र ने इस बात से इनकार किया कि रूसियों के साथ जबरदस्ती की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्रेमलिन समाज में बढ़ते असंतोष को छिपाना चाहता है। सूत्र ने बताया, अगर लोग अधिकारियों से नाराज नहीं होते, तो वे कुछ नहीं करते।

### केकड़ों की ....

केकड़े आयेंगे। यह वंशवृद्धि का मौसम है। मादा केकड़े बालू में प्रत्येक छेद में हजारों अंडे देंगे। उन्हें यह भी पता होता है कि छेद कब छोड़ना है। जब वे सभी अंडे फूटेंगे, तो केकड़ों की आने वाली सभी पीढ़ियाँ बाहर आएँगी। तभी से सारी जिम्मेदारियां घर के जिम्मेदार आदमी के कंधों पर होती हैं। केकड़े बारिश और चंद्रमा की स्थिति देखकर अपनी यात्रा का सही समय निर्धारित करेंगे। नियत समय पर समुद्र तक पहुँच जाना तय होता है। इसलिए, उन्हें इस महीने के अंत से पहले समुद्र तक पहुंचना चाहिए। तो फिलहाल लाल केकड़ों के पास सांस लेने का समय नहीं है। इसलिए क्रिसमस द्वीप की सड़कों पर इन केकड़ों की एक विशाल परेड चल रही है। हल्ला सेना की तरह, वे एक के बाद एक सड़क, पुल, फ्लाईओवर पर दौड़ रहे हैं। हर साल अक्टूबर-नवंबर के दौरान ये सड़कें केकड़ों से लाल हो जाती हैं। पहले ही सड़क पर बड़े-बड़े बोर्ड और होर्डिंग गिर चुके हैं। इस पर बड़े-बड़े अक्षरों में नो एंट्री लिखा हुआ है। यातायात रोक दिया गया है. यहां तक कि अधिकारियों ने पैदल यात्रियों की आवाजाही पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। एक संस्था की रिपोर्ट के मुताबिक, संडे मार्केट में केकड़े की दौड़ के कारण कई लोग घर में फंस गए हैं। दरवाजों, दफ्तरों, आँगनों, सड़कों पर अब केकड़ों का बोलबाला है। कार्यालय आने-जाने वालों को चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है। वाहन पार्क करने में भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। लोग केकड़ों के लिए सड़कें बना रहे हैं। हर कोई इस बात से सहमत है कि क्रिसमस द्वीपवासी असमय वसंत का आनंद ले रहे हैं जो सर्दियों से पहले सड़कों पर फैल गया है।

### शांति के लिए गृह....

लिया गया है और कहा गया है कि वे मणिपुर में अपने लोगों से परामर्श करने के बाद केवल वैध कुकी नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। श्री अथौबा ने कहा, गृह मंत्री ने बैठक में एक अपील की, लेकिन हिंसा शुरू होने के बाद से कई कुकी नागरिक समाज समूह उभरे हैं, हम म्यांमार से आए लोगों के साथ बातचीत नहीं करेंगे। मणिपुर में तैनात सबसे पुराने अर्धसैनिक बल, असम राइफल्स (एआर) ने 10 जुलाई को कोकोमी के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज किया था, जब संगठन ने लोगों से हथियार नहीं सौंपने का आह्वान किया था। 3 मई को मणिपुर में कुकी और मैतेई लोगों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद से पुलिस शस्त्रागारों से 4,000 से अधिक हथियार लूटे गए हैं। मैतेई समूह ने पक्षपातपूर्ण आचरण का आरोप लगाते हुए मणिपुर से असम राइफल्स को हटाने की मांग की है। समूह ने इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका और पूर्वोत्तर के सुरक्षा सलाहकार ए.के. मिश्रा के साथ बाद में चर्चा की। भाजपा सहित कुकी-जो विधायकों ने कहा कि मुख्यमंत्री का उनके साथ संवाद करने का दावा विधायकों और उनके लोगों के बीच अविश्वास और फूट के बीज बोने की चाल हो सकता है। 24 अगस्त को, श्री सिंह ने कहा था कि वह आदिवासी कुकी-जो समुदाय के विधायकों के संपर्क में हैं और इंफाल में 29 अगस्त से होने वाले विधानसभा सत्र में भाग लेने के लिए उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करेंगे। विधायकों ने कहा कि वे विधानसभा सत्र में शामिल नहीं होंगे क्योंकि उन्हें अपनी जान का खतरा है। हाल ही में, इंफाल घाटी कुकी-जोमी-हमर लोगों के लिए ह्यमौत की घाटीह्न बन गई थी। इम्फाल और उसके आसपास की घाटी की गलियाँ और सड़कें खतरनाक हैं। यहाँ तक कि ड्यूटी पर तैनात अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी नहीं बख्शा जाता है, उनकी जाँच और सत्यापन तथाकथित मीर पैबिस द्वारा किया जाता था। हमारे आधिकारिक क्वार्टर और निजी आवासों को या तो भीड़ द्वारा लूट लिया गया, हमला किया गया या जला दिया गया, दस विधायकों के बयान में कहा गया है। एक अलग प्रशासन की अपनी मांग दोहराते हुए, विधायकों ने कहा कि 16 अगस्त को उन्होंने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें एसओओ की चल रही राजनीतिक बातचीत के लंबित रहने तक अस्थायी उपायों के रूप में प्रभावित पहाड़ी जिलों के लिए एक अलग मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख की मांग की गई। दूसरी तरफ मणिपुर हिंसा पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वह लद्दाख में हैं तो उन्हें लद्दाख के बारे में बोलना चाहिए। श्री सिंह ने कहा मणिपुर की यह समस्या कांग्रेस की देन है।

### वैज्ञानिकों से भेंट...

किया था कि वे मुझे रिसीव करने के लिए इतनी जल्दी परेशानी न उठाएं। प्रधानमंत्री ने कहा ''सूर्योदय की बेला हो और बेंगलुरु का ये नजारा हो। देश के वैज्ञानिक देश को इतनी बड़ी सौगात देते हुए जो दृशय मुझे आज बेंगलुरु में दिख रहा है वही मुझे यूनान और जोहान्सबर्ग में दिखाई दिया। दुनिया के हर कोने में न कि भारतीय बल्कि विज्ञान पर विश्वास करने वाले भविष्य को देखने वालेमानवता को समर्पित सब लोग कितने उमंग और उत्साह से भरे हुए है।''

### जीवन से संघर्ष.....

डेली बाजार में मछली बाजार में भानु पराठा और पुड़ी की दुकान है। पिता के निधन के बाद भानु करीब दस साल से पराठा और पूड़ी की दुकान चला रहे हैं। वह अपने परिवार को चलाने के लिए प्रति दिन 300 से 400 रुपया कमाते हैं। हालांकि नियमित रूप से नहीं, लेकिन भानु को कभी-कभी टिकट खरीदने की आदत थी। भानु मंडल ने कहा, बुधवार की सुबह, हमारे वर्तमान लॉटरी विक्रेताओं में से एक ने मुझे जबरदस्ती टिकट दिया। चूँकि मेरी जेब में पैसे नहीं थे, इसलिए मैंने उधार में टिकट खरीदा। दोपहर एक बजे जब रिजल्ट सामने आए तो पता चला कि मैंने एक करोड़ रुपये का इनाम जीता है। हालांकि, जब पूछा गया कि इतने पैसे का क्या करेंगे तो भानु मंडल ने कहा, मैंने और मेरी पत्नी ने कई सपने देखे थे। इतने दिनों में वो सारे सपने पूरे नहीं कर पाए। लेकिन इस पैसे से मैं पहले हमारे लिए एक सुंदर घर बनाऊंगा।

# भूमि-सर्वे में गड़बड़झाला का आरोप, सैकड़ो ग्रामीणों ने बैठक कर आंदोलन की दी चेतावनी

## ग्रामीणों के अनुसार सब पैसा उगाही का तरीका, परेशान करो ताकि भरता रहे जेब

राष्ट्रीय खबर

**बथनाहा / सीतामढ़ी :** सर्वे अमीन एवं बंदोबस्त पदाधिकारी को लेकर बड़े पैमाने पर पैसा का लूट एवं व्यापक खानापूरी पर्चा में गड़बड़ी का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। भूमि सर्वे संघर्ष समिति ने बैठक करके वरीय पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघर्ष समिति के द्वारा ,प्रखंड -बथनाहा, पंचायत दिघी के हरि एवं सुपैना ग्राम में, सर्वे अमीन एवं सर्वे बंदोबस्त पदाधिकारी को सर्वे शिविल स्थापित करने के लिए सभी ग्रामीण बैठक करके वरीय पदाधिकारी को 23, 24, 25 अगस्त को आवेदन सौंपा गया।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व अंचल मंत्री पप्पू भगत ने कहा कि विगत, एक महीने से अमीन एवं सर्वे प्रखंड पदाधिकारी को धरना के माध्यम से पैसा का लूट एवं बिना किस्तवार किए हुए खानापूरी में गरवरी किया है लेकिन वह लापरवाही करते रहे। उसका नतीजा हैं, कि किश्तवार,किए बिना खानापूरी का पर्चा बटवा दिया गया। इसके बाद सभी रैयत का खानापूरी गलत बना कर दे दिया गया। साफ शब्दों में कहा जाए तो ऊपर से लेकर नीचे तक का सर्वे पदाधिकारी पैसा लूट का अड्डा बना दिया है।



अब हम सभी गांव- गांव जाकर रैयत को आगाह करके।सर्वे बंदोबस्त पदाधिकारी को बर्खास्त करने का काम करेंगे। मौके पर पप्पू भगत, सुशील उमाराज, मुखिया पति राजेंद्र प्रसाद, राजेंद्र सिंह, राज कुमार सिंह,रामप्रवेश भंडारी,लाल बाबू सिंह, जाहिद अंसारी, मौला बख्श,जाकिर अंसारी, कमल देव साह, कमल ठाकुर,कमल सिंह, विश्वनाथ सिंह, सीता राम सिंह, फेकन पासवान,बिकाऊ माझी,विजय राम, जमीलअख्तर अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण बैठक में भाग लिए।

# टेंट हाउस में चोरी, मामला पुलिस के संज्ञान में आया



राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया :** मझौलिया थाना क्षेत्र के महोदीपुर रेलवे गुमटी के समीप स्थित मनीष टेंट हाउस एंड साउंड सिस्टम के गोदाम को बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़ कर अपना निशाना बनाकर लाखों की समान को चोरी कर लिया है। संचालक ने बताया कि सुबह टेंट हाउस के गोदाम पर आया तो देखा कि पीछे का दरवाजा खुला हुआ है। सामान इधर-उधर बिखरे पड़े हैं। जनरेटर के 2 मोटर सहित तीन एमप्लीफायर मशीन गायब मिले। काफी खोजबीन करने पर जनरेटर के खाली डब्बे गन्ने के खेत में मिले है। जिसके अंदर से कीमती सामान गायब है। टेंट हाउस के व्यवस्थापक रूपेश कुमार ने इस घटना की सूचना पुलिस को दिया है। थाना अध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## संदेहावस्था में मिला चार दिन से गायब युवक का शव

**बगहा :** रामनगर थाना क्षेत्र स्थित देवराज सबेया सरेह में चार दिनों से लापता युवक का संदेहास्पद शव बरामद किया गया है। युवक की पहचान रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवराज सबेया गांव निवासी मोहम्मद मुन्ना ड्राइवर का 22 वर्षीय पुत्र तबरेज आलम के रूप में की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घरवालों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों के अनुसार बुधवार को युवक अपने घर से खाना खाकर निकला और वापस घर नहीं अया। चिंतित परिजनों के द्वारा युवक को ढूंढा जा रहा था तथा नाते-रिश्तेदारों से पुछताछ की जा रही थी। हालांकि इस मामले में परिजनों ने थाना में कोई आवेदन नहीं दिया गया था। शनिवार के सुबह युवक का शव खेत में पड़ा मिला। चार दिनों से पानी में रहने के कारण शव कि पहचान मुश्किल हो गई थी मगर सूचना पर पहुंचे परिजनों कपड़ो से पहचान की।परिजन यवक की हत्या की आशंका जता रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच की जा रही है।

## श्रीसीताराम नाम नवाह महायज्ञ का आयोजन

**रीगा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुसमारी पंचायत के कुसमारी गांव के बाबा विश्वनाथ शिव मंदिर परिसर में विश्व कल्याण के लिए श्रीसीताराम नाम नवाह महायज्ञ का आयोजन किया गया है। विगत 2 दिन पूर्व से महायज्ञ का शुभारंभ हो चुका है। ग्रामीणों के सहयोग से खासकर किसानों के खेती को खुशहाल बनाने हेतु महायज्ञ का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। यज्ञ के आयोजक राम श्रेष्ठ महतो, लक्ष्मी महतो, सरजू महतो, नवल किशोर महतो, पंचायत के मुखिया प्रेमचंद कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता विश्वनाथ बुंदेला, पूर्व मुखिया रामवृक्ष महतो, दिलचंद्र प्रसाद आदि ने बताया कि आम लोगों के जीवन में खुशहाली लाना महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य है। यज्ञ होते ही वर्षा प्रारंभ हो गई है। खेतीहर किसानों मजदूरों में प्रसन्नता छा गई है। यज्ञ के अंतिम दिन विशेष पूजा अर्चना के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा।

# पूर्व सांसद अर्जुन राय 27 से सोनबरसा में करेंगे लोक संवाद यात्रा का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

**सीतामढ़ी :** पूर्व सांसद आरजेडी के वरिष्ठ नेता अर्जुन राय इन दिनों लोक संवाद यात्रा पर है। बथनाहा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों व गांवो का दौरा करने के पश्चात रविवार 27 अगस्त से 4 अक्टूबर तक लोक संवाद यात्रा पर सोनबरसा प्रखंड के विभिन्न गांवो का भ्रमण कर जन समस्या से अवगत होंगे। लोक संवाद यात्रा में पूर्व सांसद को भरपुर समर्थन मिल रहा है। पूर्व सांसद यात्रा में लोगों की समस्या से रूबरू हो रहे है। पूर्व सांसद राय ने बताया कि जिला के विभिन्न प्रखंड के गांवो में लोक संवाद कार्यक्रम के तहत जनता की समस्या से अवगत होने के पश्चात इन समस्याओं के निदान हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोनबरसा प्रखंड में लोक संवाद की शुरूआत फुलकाहा से होगी। रविवार 27 अगस्त को कचोर,



पिपराघाट, बगहा, मधुकरपुर, मुरहा छतौना, मुरहाघाट, मुरहाडीह, इटहरवा, दुलारपुर, खोपराहा, मुहचट्टी, खाप, भारसंड व कन्हौली में रात्रि विश्राम करेंगे। 28 अगस्त को कन्हौली, बेताही, मड़पा, सरवरपुर, फतहपुर, बसहिया, इंदरवा, बरियारपुर, विशनपुर आधार, परसा खुर्द, भलुआहा, लड़कवा, मुशहरनिया, रमनगरा व चिलडा में रात्रि विश्राम के पश्चात 29 अगस्त को चिलडी, चिलडा, फरछहिया, रोहुआ, कोहबरवा, जयनगर, कचहरीपुर, बनरझुला, जमुआहा, तिलंगही, अररिया, दोस्तिया, परसा कलां, बेला, मुबारकपुर, महुलिया व 30 अगस्त को भुतही, विशनपुर गोनाही, परसा महिंद, लोहखर, छोटी सिंहवाहिनी, जानकीनगर, मधेसरा, मधुबन, मोहनपुर, लक्ष्मीपुर, परसा कला, भलुआहा, हनुमाननगर व 2 सितंबर को मढिया, जानकीनगर, भगवानपुर, बड़ी सिंहवाहिनी, कडहरवा, खुटहा, नरकटिया, खुशनगरी, खैरा टोला, घुरघुरा व 3 सितंबर को लालबंदी, बसतपुर, हरिहरपुर, जहदी लक्ष्मीपुर, छोटी मयुरवा, बड़ी मयुरवा, चक्की पडरिया, मुशहरनिया, वीरता रजवाड़ा, पकरिया व 4 सितंबर को पूर्वी लालबंदी, पटेरवा, वकचौडा, लालबंदी दरबार, जानकीनगर, सहोरवा, इन्दरवा, नरकटिया, दलकवा में सोनबरसा प्रखंड के लोक संवाद यात्रा की समापन होगी।

# गया पहुंचने पर नेपाल सरकार के पूर्व गृह मंत्री भरत साह का हुआ अभिनंदन, समाज में एकजुटता पर दिया बल

राष्ट्रीय खबर

**गया :** अपने एक दिवसीय निजी दौरे के क्रम में गया पहुंचे नेपाल के सांसद एवं नेपाल सरकार के पूर्व गृह मंत्री भरत साह एवं पूर्व सांसद दिल कुमारी साह का तैलिक साहू सभा के जिला अध्यक्ष संजू लाल के नेतृत्व में टिकारी रोड स्थित आवास पर साहू समाज के लोगों के द्वारा गर्म जोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। साहू समाज के अध्यक्ष संजू लाल ने भगवान विष्णु का चरण चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर नेपाल के सांसद ने समाज के लोगों से औपचारिक वार्ता कर समाज के उत्थान, प्रगति एवं विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि आपसी समाज में एकजुटता बनाए रखने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने साहू समाज के संगठन संबंधी कार्यों पर



चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष संजू लाल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया।भारत और नेपाल के रिश्ते पहले से ज्यादा मजबूत हुए हैं। नेपाल की सभ्यता और संस्कृति भारत जैसे ही है। हिंदू और बौद्ध संस्कृति नेपाल में है। उन्होंने कहा कि नेपाल में सर्वाधिक हिंदुओं की संख्या है। गया जी मोक्ष भूमि है, जहां मृत्यु उपरांत मोक्ष का द्वार खुलता है। इस धरती पर आकर हमें मानसिक शांति की अनुभूति प्राप्त हुई है। दोनों देशों के बीच आपसी समन्वयवता के कारण संस्कृति का आदान-प्रदान हो रहा है। नेपाल में भगवान बुद्ध का जन्म हुआ तो वही बोधगया में उन्होंने ज्ञान की प्राप्ति की इससे दोनों दूसरे के बीच सांस्कृतिक आदान प्रदान हुआ है।मौके पर कृष्ण कुमार गुप्ता, वार्ड नंबर 14 के पार्षद पप्पू कुमार शर्मा, धर्मेंद्र साह, सुरेश प्रसाद,लक्ष्मण लाल गुप्ता, निरंजन कुमार चंद्रवंशी उर्फ मंटू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जज के निर्देश पर अधिवक्ताओं की टीम ने किया माडल अस्पताल निकार्माण का निरीक्षण

**बगहा/पिपरासी:** पिपरासी के मॉडल अस्पताल के निर्माण कार्य पर ग्रहण लग सकता है। बगहा न्यायालय के सब जज द्वितीय रंजन कुमार रैना के निर्देश पर तीन सदस्यीय अधिवक्ताओं की गठित टीम उक्त भूमि पर जांच के लिए शनिवार को पहुंची । एडवोकेट कमिश्नर लोकेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में गठित टीम मौके पर पहुंचकर जांच किया गया। पीड़ित मकसूदन तिवारी द्वारा टाइटल सूट बगहा कोर्ट में दायर किया गया है। और यह मामला कोर्ट में चल रहा है। इसी बीच करीब एक सप्ताह पूर्व उक्त भूमि पर मांडल अस्पताल के निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। और भूमि में लगे करीब एक सौ बांस और करीब दो दर्जन कीमती सागवान की वृक्ष को काटकर अतिक्रमण मुक्त प्रशासन ने कराया । और रांची के मां विंध्यवासिनी कंस्ट्रक्शन कम्पनी के प्रतिनिधि ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।उक्त भूमि पर मकसूदन तिवारी व इनके भाई रविंद्र तिवारी का कब्जा था । दोनों को मिलाकर करीब तीन कठ्ठा 19 धुर भूमि है। जिसपर निर्माण हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि मदसूदन एक कठ्ठा 19 धुर भूमि पर दायर टाइटल सूट संख्या 14/23 की जांच हुई है । और अगले दिन रविंद्र तिवारी ने भी एक कठ्ठा 19 धुर भूमि पर बगहा कोर्ट में दायर टाइटल सूट का भी जांच गठित टीमों के द्वारा किया जाएगा । वर्ष 1964-65 में आंचल कार्यालय मधुबनी के द्वारा कैम्प आयोजित कर उक्त भूमि बंदोबस्त किया गया है। बतादे मकसूदन तिवारी की पत्नी चिंता देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना वर्ष 2018 में मिली है। और मकान की नींव का निर्माण भी पीड़ित के द्वारा कराई गई है। इसका जांच भी गठित टीम के द्वारा किया गया है। सम्पूर्ण कागजात से पूछ ताछ सीओ ललित कुमार सिंह से टीम ने किया है। और जांच के दौरान मौके पर मौजूद राजस्व कर्मी सह राजस्व अधिकारी मोहम्मद जौहर हसन से भी टीम ने पूछ ताछ किया गया है। ग्रामीणों से भी पूछताछ किया गया। वादी के अधिवक्ता विजय कुमार मिश्रा और टीम में सरकारी वकील जय प्रकाश शामिल रहे।

# जाति आधारित गणना को लेकर प्रखंड मुख्यालय में लगाया गया कैम्प

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च. :** प्रखंड में चल रही जाति आधारित गणना को शत-प्रतिशत पूरा करने को लेकर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में कैंप लगाया गया। जहां प्रखंड क्षेत्र के कई प्रगणक पहुंचे और अपना रिपोर्ट जमा किया। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज प्रताप त्यागी और राघवेंद्र कुमार



कमलेश, त्रिदीप कुमार ने बताया कि जातीय गणना का काम पूरा करने को लेकर विशेष अभियान अभियान चलाया गया। जहां कैंप के माध्यम से प्रगणकों के अधूरे कार्यों को पूरा कराया गया। जिसमें आईटी हरेंद्र कुमार, कविता कुमारी और सहायक कार्यपालकों की उपस्थिति में आंकड़ों को एकत्रित किया गया। कार्य को पूरा में राघवेंद्र कुमार कमलेश, त्रिदीप गुप्ता, राजेश कुमार बैठा, लाल बाबू प्रसाद, कमलेश्वर कुमार के साथ अन्य प्रखंड कर्मी और प्रगणक उपस्थित रहे।

# सड़क के बीच दो पेड़ गिरने से घंटो तक आवागमन रहा बाधित

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** पिछले चार दिनों से हो रही झमाझम बारिश व हवा से वाल्मीकि नगर-बगहा मुख्य मार्ग के धोबहा व चमैनिया सड़क के बीचो-बीच दो पेड़ के गिर जाने से घंटों तक आवागमन बाधित रहा। जिसकी सूचना राहगीरों के द्वारा वन विभाग को दिया गया। वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के भेड़ीहारी वन कार्यालय में तैनात वनपाल नवीन कुमार ने इस घटना की सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन कर्मियों के टीम को घटनास्थल पर भेजा। जहां



राहगींरो व वनकर्मियों के द्वारा गिरा जंगली पेड़ को कई घंटों के मशक्कत के बाद पेड़ को काट कर रास्ते से हटाया गया। जिसके बाद आवागमन फिर से बहाल हुआ।

## नेहा का अपहरण नहीं, विवाह रचाने प्रेमी के साथ गई

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया पुलिस अंतर्गत सिरिसिया ओपी थाना क्षेत्र के जोगिया गांव निवासी नेहा का अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि अपनी प्रेमी के साथ शादी रचाने के लिए वह बाहर चली गई थी। इस मामला में सिरसिया थाना में एक कांड दर्ज है। सिरसिया पुलिस ने बेतिया रेलवे स्टेशन के पास से उसे बरामद कर लिया है ।घर से फरार युवती की पहचान योगिया टोला गांव निवासी मनोज प्रसाद कुशवाहा की पुत्री नेहा कुमारी के रुप में हुई हैं । प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में युवती के पिता मनोज कुमार कुशवाहा ने पुत्री नेहा कुमारी के अपहरण का एफआईआर दर्ज करा बसवरिया गांव निवासी गुड्डु शर्मा को आरोपित किया था। पुलिस के छानबीन में में पता चला कि अपहृत युवती ने लौरिया थाना के बसवरिया गांव आकाश कुमार वर्मा के साथ शादी कर ली है। पुलिस ने युवक तथा युवती को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। जहां से न्यालय के आदेश पर पुलिस ने युवती को पति के साथ उसके घर जाने का आदेश दिया गया है ।थानाध्यक्ष विकास तिवारी ने बताया की अपहृत युवती को कांड के अनुसंधानकर्ता अपर थानाध्यक्ष कार्वेन्द्र पासवान के देख-रेख में दोनों को सकुशल भेज दिया गया है।कांड में फंसे निर्दोष को में से मुक्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने घाटों का निरीक्षण कर दिया कई दिशानिर्देश

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** गंडक के अधिग्रहण क्षेत्र में दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है । गंडक बराज से मिली सूचना के मुताबिक सुबह 8:00 बजे 2 लाख 11000 पानी का डिस्चार्ज किया गया है । एसडीएम की सूचना पर जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बगहा पहुंचकर गोड़ियापट्टी व पावर हाउस के समीप घाट का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान डीएम ने जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर संभव तैयार रहने का निर्देश दिया है । वहीं उन्होंने स्पॉट पर मटेरियल



स्टॉक रखने का निर्देश दिया । डीएम ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बगैर निबंधित छोटे बड़े नव के परिचालन पर रोक लगाएं। वहीं उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में घाटों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई अनिबंधीत नांव का परिचालन तो नदी में नहीं किया जा रहा है । अगर ऐसा मिलता है तो वैसे लोगों को चिन्हित करते हुए उन पर दंडात्मक कार्रवाई किया जाए । निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी डॉ अनुपमा सिंह , जिला परिवहन पदाधिकारी विपिन कुमार यादव,नप के ईओ मुकेश कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# जेसीआई के सलाहकार समिति का गठन

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रदेश संयोजक कुणाल कुमार के द्वारा प्रदेश सलाहकार समिति का गठन किया गया। जिसमें पत्रकार सह कवि एवम राजभाषा विभाग के सलाहकार समिति के सदस्य अशांत भोला, अवधेश कुमार, मधूप मणि पिक्कु, निखिल केडी वर्मा, अश्वनी कुमार, अकबर ईमाम, प्रशांत कुमार, रूपेश रंजन सिन्हा एवं मुकुंद अग्रवाल शामिल है। जानकारी देते हुए संगठन के संयोजक श्री कुमार ने बताया कि उक्त समिति का कार्यकाल एक



वर्ष के लिए राष्ट्रीय सलाहकार कमेटी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग सक्सेना से स्वीकृति उपरांत निर्धारित किया गया है। संगठन पत्रकारों के समस्याओं का समाधान के लिए प्रयासरत रहेगा। समिति गठन के बाद बधाइयों का दौर जारी है।

## दीक्षा लेने के बाद ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है : ब्रह्मचारी

**गया :** ब्रह्मचर्य का पालन कर जैनेश्वरी दीक्षा के लिए वैराग्य के पथ पर जा रहे आर्यावर्त की पावन भूमि पर जन्मे आठ भाइयों की दीक्षा से पूर्व रमना रोड स्थित जैन मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से बिनौली यात्रा सह गोद भराई समारोह आयोजित किया गया। इसमें जैन समाज के पुरुषों एवं महिलाओं ने भावुकता के साथ नम आंखों से आठ मुनि दीक्षार्थियों की बिनौली यात्रा में शामिल होकर गोद भराई की रस्म अदा की। दीक्षा लेने के बाद ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों को भगवान महावीर के बताएं रास्ते पर चलकर जिन शासन की प्रभावना बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूरा परिसर जय जिनेंद्र के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम श्री सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अजीत छाबड़ा उपाध्यक्ष विकास जैन मंत्री हेमंत पत्नी सह मंत्री अर्पित पाटनी, मोनिका अजमेरा, संतोषी जैन, प्रमिला काला, निशा काला मनीष जैन सहित समाज के बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी मुन्ना सरकार ने दी।

# डीएम ने लौरिया प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया

### लौरिया के बीडीओ व सीओ एक दिन कचहरी 9 दिन मकान को तर्ज पर गायब मिले

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया/लौरिया :** एक तो सरकारी सेवक, ऊपर से तानाशाही रवैया से मशहूर लोरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी आखिरकार जिला पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान अपने ड्यूटी के दौरान गायब मिले। प्रखंड विकास पदाधिकारी लोरिया के साथ-साथ अंचलाधिकारी भी पीछे नहीं रहे, वे भी अनुपस्थित पाए गए। इन अधिकारियों के तानाशाही रवैया से जनप्रतिनिधियों सहित कई लोग परेशान हैं। उनकी शिकायत डीएम, डीडीसी सहित राज्य के कई बड़े अधिकारियों से किए जाने की जानकारी मिल रही है। इसी कड़ी में डीएम दिनेश कुमार राय शनिवार को अचानक करीब 11:30 बजे लौरिया प्रखंड कार्यालय पहुंच जाते हैं और मुख्य गेट को बंद करवा कर सीधे बीडीओ चैंबर के समीप पहुंचते हैं। जहां बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित का कार्यालय बंद था। डीएम श्री राय क्रोधित भी होते हैं और प्रखंड कार्यालय के अन्य कमरों की जांच करते हैं, जिसमें आवास, जेएसएस, बीपीआरओ कार्यालय में ताला लटका हुआ था। सभी बंद पड़े विभागों का फोटो खींचने का आदेश करने के बाद, नाजिर से कैशबुक और लॉबुक लेकर जांच करतेहैं। इधर डीएम के पहुंचते ही कार्यालय में अफरा तफरी मच जाती है। अंचल कार्यालय में सीईओ भी अनुपस्थित पाए गए। डीएम ने गुस्से में हेड क्लर्क से हाजिरी रजिस्टर मांग कर सभी कर्मियों के बारे में पूछताछ किए। सूत्रों की माने तो प्रखंड कार्यालय में चर्चा का विषय बना हुआ है कि लौरिया बीडीओ श्री दीक्षित की लगातार शिकायत और इनपर लगे आरोपों की झड़ियों को देखकर डीएम श्री राय अचानक लौरिया पहुंचकर औचक निरीक्षण करते हैं।

# रक्षाबंधन पर बहने हाथों से तैयार कर भाइयों के कलाई पर बांधेगीं राखियां

राष्ट्रीय खबर

**गया :** भाई- बहन के रिश्ते का पावन पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर स्थानीय मीर अबू सालेह रोड स्थित स्वयंसेवी संस्था गुलनार निःशुल्क महिला सिलाई सेंटर के बैनर तले संस्थान प्रांगण में बीते दोनों से चल रहे राखी मेकिंग प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हुआ। शिविर के अंतिम दिन 25 छात्राओं ने आकर्षक व सुंदर डिजाइनों की राखियों को अपनी हाथों से तैयार कर कलात्मक रूप दिया। इस प्रशिक्षण शिविर में 39 छात्राएं शामिल हुई। अध्यापिका पूनम कुमारी व नंदनी कुमारी के निर्देशन में प्रशिक्षणार्थियों को कलात्मक राखियां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।छात्राओं ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में तैयार की गयी राखियों को रक्षाबंधन के दिन अपने भाइयों की कलाइयों पर सजायेगी।गुलनार समूह के संस्थापक नीरज कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों के बीच राखी मेकिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है।इस तरह के कार्यक्रम से छात्राओं के भीतर छिपी हुई प्रतिभा निखरती है और उनमें सृजनात्मक चेतना जागृत होती है। प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही छात्राओं के आकर्षक राखियां देखकर शिक्षकों ने प्रशंसा की।

## डिजिटल क्षमता संवर्धन को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**बगहा :** सेफ सोसायटी एवं फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस के संयुक्त तत्वाधान में स्वयं सहायता समूह एवं ग्रामीण महिलाओं के क्षमता संवर्धन हेतु वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार से हरनाटांड में शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुखिया हरनाटांड़, सरपंच मदन जायसवाल, वार्ड सदस्य खुर्शीद आलम, सेंटर लीडर सोनम जायसवाल आदि सहायता समूह की महिलाओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत सौरभ कुमार सिंह प्रोजेक्ट समन्वयक, सेफ सोसाइटी उत्तरप्रदेश एवं शाखा प्रबंधक फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस बगहा के मुकेश ने अतिथियों का माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा की ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए। जो जागरूक समाज के लिए आवश्यक है। क्योंकि आधुनिक समय में डिजिटल रूप से जागरूक न रहने पर साइबर ठगो द्वारा एक झटके में खाते से लाखों उड़ाये जा सकते है। और साथ ही साथ अस्थाई फ्यूजन सहायता केंद्र के माध्यम से बिहार सरकार की योजनाओं से निःशुल्क जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शिक्षिका मधु कुमारी, स्वयं सेवक प्रिया कुमारी, फील्ड स्टाफ सनोज शर्मा सहित दर्जनों मौजूद रहे।

## महिला के शव को कब्र से निकाल पोस्टमार्टम को भेजा

**बगहा :** रामनगर थाना क्षेत्र के बरगजवा गांव में सात दिन पहले मौत के बाद दफनाई गई 30 वर्षीय महिला का शव कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। महिला की संदेहास्पद मौत 20 अगस्त को हुई थी, उसके शव को ससुरालवालों ने उसी दिन दफना दिया था। मृतका का बरगजवा गांव निवासी गयासुद्दीन की पत्नी सिब्बी खातून बताई जा रही है। उसका पति विदेश रहकर मजदूरी करता है। गुरुवार के दिन महिला के भाई ने रामनगर थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई थी। मृतका के भाई ने मृतका के ननदोई पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या का आरोप लगाया है।आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शनिवार के दिन शव को बाहर निकाला।

# लगातार बारिश व उससे होने वाली समस्याओं की समाधान के लिए डीएम ने की बैठक

राष्ट्रीय खबर



**मधुबनी :** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने जिले में हो रही बारिश व नदियों के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए बैठक का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने सभी एसडीओ, प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों व कर्मियों को 24 घण्टे अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि तटबंधों का लगातार निरीक्षण करते रहे,किसी भी प्रकार का रेनकट आदि होने पर तुरन्त आवश्यक करवाई करते हुए कार्यालय को सूचित करें। शरण स्थलों एवं राहत केंद्रों पर आपदा विभाग के दिशा निर्देश के आलोक में सभी आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करें एवं चिन्हित पशु शरण स्थली का भी अवलोकन करें। संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नावों की तैनाती कर ले, ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित करवाई की जा सके। जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंताओं एवं एसडीआरएफ की टीम के साथ लगातार समन्वय बनाकर रखें। डीएम ने कहा कि आपदा कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में एसडीओ, बीडीओ, सीओ सहित सभी संबधित अधिकारी कल रात से ही लगातार क्षेत्र भ्रमण कर स्थित पर नजर बनाए हुए है। लोगो से सतर्कता बरतने की अपील की जा रही है। क्षतिग्रस्त सड़को ,रेनकट आदि की युद्धस्तर पर मरम्मति की जा रही है। जिलाधिकारी स्वयं पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

## गांजा के साथ दो भारतीय नागरिक नेपाल में गिरफ्तार

**सलाहीं / नेपाल :** जिला के कोडैना से दो भारतीय नागरिकों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। जब पुलिस ने कौड़ेना नगर पालिका के लखनदेही पुल के पास भारतीय नंबर प्लेट बीआर 30 एएच 4326 वाली एक मोटरसाइकिल की जांच की तो सीतामढी ग्राम पंचायत वार्ड नंबर 9, बिसुनपुर गोनाही के 37 वर्षीय प्रमोद राय और 35 वर्षीय सोनबरसा निवासी मनोज छिपा हुआ पाया गया। जिला पुलिस कार्यालय, सलाही के अनुसार, पुलिस ने उनके पास से दो किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ मारिजुआना और भारतीय नंबर प्लेट वाली एक मोटरसाइकिल बरामद की। सलाही जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस उपाधीक्षक एवं सूचना पदाधिकारी दीपेंद्र पंजियार थारू ने बताया कि उनके खिलाफ जिला अदालत में कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

## शिक्षक नियुक्ति परीक्षा चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच संपन्न

**सुगौली,पू.च. :** दो परीक्षा केन्द्रों पर बीपीएससी द्वारा आयोजित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा शुक्रवार को चाक चौबंद व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। परीक्षा के दुसरे दिन पं. दीनदयाल बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र पर विभिन्न जगहों के भाग लेने वाले कुल परीक्षाथीयों में प्रथम पाली में 108 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे व दुसरे पाली 152 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं नंद उच्च विद्यालय में परीक्षार्थियों में प्रथम पाली में 198 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे व दुसरे पाली में 216 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पंडित दीनदयाल बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. शमिमुल हक ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## गर्भवती महिला और बच्चों के बचाव को टीकाकरण आवश्यक

**गौनाहा, प च :** थाना क्षेत्र के जमुनिया व अन्य क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को गंभीर बीमारी से बचाव के लिए शुक्रवार को टीकाकरण किया गया। इसके लिए सभी केंद्र पर आशा और एएनएम के द्वारा टीकाकरण की गई। जानकारी देते हुए स्वास्थ्य प्रबंधक विपिन बिहारी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह बुधवार और शुक्रवार के दिन स्वास्थ्य केंद्र सहित आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण का आयोजन होता है। जरूरत है कि सभी लाभार्थी इसका लाभ ले सकें। वही टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण करते हुए अस्पताल प्रभारी डॉ शशी कुमार ने बताया कि टीकाकरण केवल गंभीर बीमारी से बचाव ही नहीं होता, बल्कि सुरक्षित और सामान्य प्रसव को भी बढ़ावा मिलता है।

## गुलनार की छात्राएं सीख रही राखी बनाने का गुर

**गया :** भाई-बहन के पवित्र स्नेह भरे पर्व रक्षाबंधन पर शहर के मीर अबू सालेह रोड स्थित स्वयंसेवी संस्था गुलनार निःशुल्क महिला सिलाई सेंटर द्वारा शुक्रवार को दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 39 छात्राएं भाग ले रही है। अध्यापिका पूनम कुमारी व नंदनी कुमारी प्रशिक्षणार्थियों को कलात्मक राखियां बनाने का प्रशिक्षण दे रही है। इस प्रशिक्षण शिविर का समापन 26 अगस्त को होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए गुलनार समूह के संस्थापक नीरज कुमार ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर बीते कई वर्षों से छात्राओं के बीच राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। इस तरह के कार्यक्रम से छात्राओं के भीतर छिपी हुई प्रतिभा निखरती है।

## अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**नासरीगंज (रोहतास) :** कछवां थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के दनवार बालू घाट के समीप से सोन नदी से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। उक्त बालू बिना चालान का था। जो अन्यत्र ले जाया जा रहा था। वहीं पुलिस -प्रशासन को देख कर चालक फरार होने में सफल रहा।थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि बालू और वाहन जब्त कर इसकी सूचना खनन और परिवहन विभाग को आगे की कार्रवाई हेतु दे दी गई है। साथ ही इस मामले में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

## प्रखंड और अंचल स्तरीय समन्वय समिति गठित, बीडीओ-सीओ बने सचिव

**नासरीगंज (रोहतास) :** प्रखंड स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन, राजस्व संग्रहण और विधि व्यवस्था के लिए विभागीय पदाधिकारी का गठन मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के निर्देश पर प्रखण्ड स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। जिसमें 18 सदस्यों को नियुक्त किया गया है। वहीं इस समिति के सदस्य सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी होंगे जबकि सीओ, सीडीपीओ, चिकित्सा पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, एमओ, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, बीईओ, बीएओ, उद्योग विस्तार पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, जीविका, पीओ, प्रखंड उधान पदाधिकारी, सहायक अभियंता, जिला पदाधिकारी के प्रतिनिधि (वरीय उपसमाहर्ता) प्रखंड समन्वय समिति के सदस्य होंगे। प्रखण्ड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा जिला पदाधिकारी द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार बुलायी जायेगी। यह बैठक न्यूनतम एक माह में दो बार होगी। बैठक में सम्मिलित होना प्रत्येक सदस्यों के लिए अनिवार्य होगा तथा प्रत्येक सदस्य अनुपस्थिति की स्थिति में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को इसकी पूर्व सूचना देंगे। अगर कोई सदस्य बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित पाए जाते है तो प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जिला पदाधिकारी के माध्यम से इसकी सूचना उनके विभागीय प्रधान को देंगे। प्रत्येक माह बैठक में सम्मिलित होना प्रत्येक सदस्यों के लिए अनिवार्य है। अगर कोई सदस्य बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित पाए जाते है तो अंचल अधिकारी, जिला पदाधिकारी के माध्यम से इसकी सूचना उनके विभागीय प्रधान को देंगे।

# वर्ग नौ व दस के छात्राओं के बीच राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

राष्ट्रीय खबर



**नासरीगंज (रोहतास) :** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत इटिम्हा स्थित वसंत प्लस टू उच्च विद्यालय इटिम्हा-कर्मा में शनिवार को वर्ग नौ व दस के छात्राओं के बीच राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने अपने कोमल हाथों से स्वयं ही सुंदर-सुंदर विभिन्न प्रकार की राखियां बनाई। स्कूल के वर्ग नौ व दस की 300 छात्राओं को 75 ग्रुप में बांटा गया। प्रत्येक ग्रुप में चार छात्राए शामिल थी। राखी के निर्माण में लगभग 15 से 20 तरह की सामग्रियों का इस्तेमाल छात्राओं के द्वारा किया गया। 75 ग्रुपों में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाली टॉप थ्री ग्रुप के 12 छात्राओं को स्कूल प्रशासन के तरफ से सम्मानित किया जाएगा। जबकि अन्य छात्राओं को भी सांतावना पुरस्कार दिया जायेगा। प्रधानाध्यापक इंद्रजीत पाण्डेय ने राखी का महत्व बताते हुए कहा कि आज के दौर में रिश्ते कमजोर होते जा रहे हैं। ऐसे में रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को प्रेमपूर्ण मजबूती का आधार देता है। रक्षाबंधन पर्व का ऐतिहासिक, सामाजिक, धार्मिक और राष्ट्रीय महत्व है।यह भाई एवं बहन के भावनात्मक संबंधों का प्रतीक पर्व है। इस दिन बहन भाई की कलाई पर रेशम का धागा बांधती है तथा उसके दीघार्यु जीवन एवं सुरक्षा की कामना करती है। अब राखी देश की रक्षा, पर्यावरण की रक्षा, धर्म की रक्षा एवं हितों की रक्षा आदि के लिए भी बांधी जाने लगी है। मौके पर नरेश सिंह, अयूब अंसारी, उषा कुमारी, कमलेश कुमार मनिराज, उमाशंकर राम, सवरू प्रजापति, कुमार राकेश सिंह, बीर बहादुर सुमन, पुरणचंद, अनिल कुमार, ओमप्रकाश, राकेश कुमार, रानी कुमारी, राजेश कुमार, नीतू कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# अंकेक्षक प्रतियोगिता परीक्षा में आकृति एवं आकांक्षा ने सफलता का गढ़ा प्रतिमान

### दोनों बेटियों ने बढ़ाई खड़गपुर की मान, बधाईयों का दौर जारी

राष्ट्रीय खबर



**ह. खड़गपुर :** मानव जब जोर लगता है, पत्थर पानी बन जाता है। इस प्रेरक पंक्ति से सीख लेकर खड़गपुर की दो बेटी आकांक्षा एवं आकृति ने बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से अंकेक्षक प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता का प्रतिमान गढ़ा है। नगर के आईबी रोड निवासी सुदीप कुमार आर्य की पुत्री आकृति एवं पश्चिम अजीमगंज निवासी बिभाष खिरहरी की पुत्री आकांक्षा ने बीपीएससी द्वारा अंकेक्षक की परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए खड़गपुर को गौरवमान दिलाया है। उन्होने बताया कि अंकेक्षक के कुल 373 पदों पर नियुक्ति के अन्तर्गत मुख्य (लिखित) परीक्षा के आधार पर सफल घोषित 946 उम्मीदवारों के लिए एक से 12 अगस्त तक साक्षात्कार आयोजित हुआ। जिसमें कुल 929 उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। साक्षात्कार में शामिल शेष 896 उम्मीदवारों को मुख्य (लिखित) परीक्षा में प्राप्त अंक एवं साक्षात्कार में प्राप्तांक के योग के आधार पर संयुक्त मेधा सूची तैयार की गयी। जिसमे आकृति व आकांक्षा ने परीक्षा उत्तीर्ण कर हवेली खड़गपुर की धरा को गौरवान्वित किया है। इसके बाद बधाइयों का दौर चालू है।

# मानव तस्करी पर नियंत्रण के लिए जागरूकता अति आवश्यक : एसएसबी

राष्ट्रीय खबर



**नरकटियागंज :** अनुमंडल अंतर्गत 10 + 2 विद्यालय सिकटा के सभागार में शुक्रवार को एसएसबी 47 वीं बटालियन की मानव तस्करी रोधी इकाई व प्रयास जुवेनाइल एण्ड सेंटर पूर्वी चम्पारण ने सयुंक्त रूप से एक कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें मानव तस्करी, बाल यौन शोषण, बाल विवाह व ट्रैफकिंग रोकने को आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई और प्रकाश डाला गया। कार्यशाला की अध्यक्षता एसएसबी की मानव तस्करी रोधी इकाई के इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा ने की। इंस्पेक्टर ने कहा कि मानव तस्करी रोकने के लिए बच्चों व बच्चियों को जागरूक होना अत्यन्त ही जरूरी है। प्रयास जुवेनाइल के जिला समन्वयक आरती कुमारी ने कहा कि मानव तस्करी, बाल यौन शोषण, बाल विवाह व ट्रैफकिंग समाज में दिन प्रतिदिन नासूर बनता जा रहा है। इस पर रोक लगाने को ले सरकार भी कई योजनाएं चला रही है। मौके पर प्रयास जुवेनाइल के राज कुमार गुप्ता, एसएसबी के उप निरीक्षक शिवनाथ मिश्र, सहायक उप निरीक्षक गलवीर सिंह, आन्नद बल्लभ उपाध्याय, अनिल शर्मा, मुख्य आरक्षी कौशिक प्रसाद, देवाशीष घोष, अजीत कुमार, फुलेल चन्द्र राय, शिवांगी, पम्मी मिश्रा के अलावे समाजसेवी विष्णु प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि राजन चौरसिया व पवन कुमार समेत विद्यालय के शिक्षक व छात्र व छात्राएं शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन मद्य निषेध एवं उत्पाद कार्यालय का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** जिले मे निमार्णाधीन मद्य निषेध एवं उत्पाद कार्यालय का निरीक्षण करने पहुँचे जिलाधिकारी, प्रणव कुमार ने कहा की, कार्यों मे तेजी लाए। बन रहे थाना भवन और कार्यालय भवन का उन्होंने मुआयना किया। जानकारी के मुताबिक स्थानीय छाता चौक पर स्थिति इस कार्यालय को जी5 करने का भी निर्देश दिया है। अभी तक जी4 भवन बनकर तैयार है। इसके अलावा एक मालखाना भी बनाने का निर्देश दिया गया है।साथ ही विभाग द्वारा स्वीकृत एक ग्रुप सेन्टर भी वहां बनाया जाएगा। जिसमें मिटिंग हॉल एवं अन्य सुविधाएं रहेगी,जो उत्पाद बैरक के रूप में कार्य करेगी। जिलाधिकारी ने अविलम्ब कार्य पूर्ण कराने का निर्देश देते हुए कहा की इस माह में कार्य समाप्ति कर नव निर्मित कार्यालय भवन में कार्यालय को क्रियाशील करे। मौके पर कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रवि चन्द एवं उत्पाद अधीक्षक संजय कुमार उपस्थित थे।

## कार में लदी शराब जब्त, तस्कर फरार

**मधुबनी :** जिला मुख्यालय के अररिया संग्राम ओपी द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 468 लीटर नेपाली देशी शराब एवं कार को जब्त किया गया। वही शराब तस्कर पुलिस को देखते हीं फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी तेज कर दी गई है। वहीं कार के चेचिस नम्बर से कार मालिक का पता लगाया जा रहा है।

# बदहाली : जिला पुस्तकालय बदहाल, आदर्श मध्य विद्यालय भी जलजमाव का शिकार

### अव्यवस्थाओं की गिरफ्त में शिवहर, यहां आकर औंधे मुंह गिरते हैं विकास के तमाम सरकारी दावे

सुमित सिंह



**शिवहर :** विद्यालय के आधारभूत संरचना में सुधार से संबंधित सरकारी दावे के ठीक विपरीत जिला का अधिकांश सरकारी विद्यालय कुव्यवस्था का शिकार है। नगर के आदर्श मध्य विद्यालय परिसर स्थित जिला पुस्तकालय अत्यंत बदहाल स्थिति में है। जहां, मूलभूत सुविधाओं तक का भी घोर अभाव है। पुस्तक प्रेमियों को बैठने का पर्याप्त स्थान नहीं है। शौचालय भी अत्यंत दयनीय स्थिति में अपनी अंतिम सांस गिन रहा है। खिड़कियों में लगे कांच कबके चूर हो गए। यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी यह ऐतिहासिक पुस्तकालय अब भगवान भरोसे है।

जिले का यह ऐतिहासिक विद्यालय इन दिनों शहर के नाली के गंदे व दुर्गंध युक्त पानी का जमाव स्थल बन चुका है। जिसके कारण विद्यालय के बच्चों को खेलने के लिए मैदान नहीं बच पाया है। वहीं पठन-पाठन को आये छात्र-छात्राएं व शिक्षक गण इस जलजमाव से उत्पन्न होने वाले गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। यदि आप विद्यालय परिसर की सभी अव्यवस्थायों नजर डालेंगे तो असमंजस में पड़ जायेंगे कि यह शैक्षणिक स्थल है। फिलवक्त यदि परिसर को इस बदबूदार माहौल से मुक्त नहीं किया गया तो राष्ट्र के भविष्य एवं उनके निर्माणकर्ता दोनों खतरे में पड़ जाएंगे। हालांकि, इस दिशा में विद्यालय प्रशासन द्वारा जिला प्रशासन को कई बार उपरोक्त हालात से अवगत कराया गया है। बावजूद इसके समस्या जस का तस है।

# झूलनोत्सव : विष्णुपद में आज से पांच दिनों तक बहेगी गीत-संगीत की बयार, चांदी की पालकी पर झूलेंगे विष्णु

### रंग-बिरंगे फूलों और रोशनी से सजा मंदिर

### कोलकाता की पिनाकी चक्रवर्ती पेश करेंगी नुमाइश

राष्ट्रीय खबर

**गया :** विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में आज 27 अगस्त से 31 अगस्त तक पांच दिवसीय वार्षिक झूलनोत्सव शुरू हो रहा है। पांच दिवसीय उत्सव में हर दिन एक से बढ़कर एक धार्मिक कार्यक्रम होंगे। गया जी के अलावे कोलकाता, इंदौर, लुधियाना, लखनऊ व बनारस घराना के कलाकार गीत-संगीत और नृत्य पेश करेंगे। इस धार्मिक आयोजन को खास बनाने में श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति गया पाल इलाके चौदह सईयां की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विठ्ठल और सचिव गजाधर लाल पाठक ने बताया कि सावन एकादशी 27 अगस्त की शाम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पांच दिवसीय झूलनोत्सव शुरू हो जाएगा। सभा मंडप में फूलों से सजे चांदी की पालकी व झूले पर सोने के विष्णुचरण को सजा-धजा कर रखा जाएगा। उत्सव से पहले मंदिर को फूल-माला और रंग-बिरंगी लाइट से सजाया सांवरा जा रहा है। पांच दिवसीय उत्सव में प्रत्येक दिन भगवान विष्णु चरण की विशेष श्रृंगार पूजा किया जाएगा। इसके साथ ही प्रवचन, गीत-संगीत की धूम मचेगी। 27 से 31 अगस्त तक शाम 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक साध्वी प्रज्ञा भारती जी के द्वारा प्रवचन होगी। 28 अगस्त को संगीत विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगें। गीत-संगीत का कार्यक्रम 28 से 31 अगस्त तक चलेगा।29 अगस्त को इंदौर की शास्त्रीय उप शास्त्रीय गायिका शोभा चौधरी,लुधिया की विनायक सहाय(सारंगी), कोलकाता की पिनाकी चक्रवर्ती (तबला संगत) पेश करेंगी। 30 अगस्त को कोलकाता की विदुषी पीयू मुखर्जी ( उप शास्त्रीय गायन), लखनऊ के पंडित धर्मराज मिश्रा (हारमोनियम) लुधियाना के विनायक सहाय (सारंगी संगत) और कोलकाता की पिनाकी चक्रवर्ती अपने फन से नुमाइश करेगी। अंतिम दिन 31 अगस्त को बनारस घराना के विशाल कृष्ण कथक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ तबला पर उदय शंकर मिश्रा,संतोष मिश्रा गायन एवं अनिल मिश्रा सारंगी पर होंगे। उक्त कार्यक्रम के सफलता को लेकर समिति के सदस्य मणि लाल बारिक ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों से कहा की वार्षिक झूलन महोत्सव में भगवान विष्णु का दर्शन पूजन कर पुण्य के भागी बने।

## 7 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

**बगहा/हरनाटांड़**

नौरंगिया थाना की पुलिस ने बेलहवा पुल पर जांच के दौरान 7 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है । नौरंगिया थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि प्रत्येक दिन जांच अभियान चलाया जाता है । शुक्रवार को भी जांच बेलहवा पुल पर किया गया । जिसमें उक्त थाना क्षेत्र के सिरिसिया गांव निवासी हरेंद्र उरांव के पास से एक झोला से 7 लीटर देशी चुलाई शराब जब्त किया गया हैं । जिसको न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

# भारत की संस्कृति को सनातन बनाए रखने में पत्रकारिता का बड़ा योगदान है : शेखावत

## निम्स जयपुर में एनयूजेआई का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का प्रथम दिवस संपन्न

## पत्रकारों की चुनौतियों और उनके समाधान पर हुई चर्चा

राष्ट्रीय खबर

**पटना/जयपुर रा.टी. :** भारत की संस्कृति को सनातन बनाए रखने में पत्रकारिता का सर्वोच्च योगदान है। जब कभी भी संस्कृति का ह्रास होने की स्थिति का भान होता है, तब पत्रकारिता अपनी लेखनी से जनजागरण की भूमिका निभाती है। उपरोक्त बात केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को यहां निम्स यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन करते हुए कही। पत्रकार सुरक्षा कानून, सम्मानजनक मानदेय, राष्ट्रीय पत्रकार रजिस्टर आदि मुद्दों को लेकर हो रहे इस दो दिवसीय अधिवेशन में पत्रकार की भूमिका को उन्होंने हर काल में चुनौतीपूर्ण बताया। वहीं उन्होंने पेड न्यूज के बढ़ते चलन पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इस यथार्थ को पत्रकारिता जगत को स्वीकार करना पड़ेगा।




उद्घाटन सत्र में भाजपा के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, विधायक राम लाल शर्मा, पूर्व सांसद व चुनाव प्रबंधन कमेटी भाजपा के संयोजक नारायण पंचारिया, महानगर टाइम्स के प्रधान संपादक गोपाल शर्मा, फर्स्ट इंडिया के सीईओ व एडिटर पवन अरोड़ा, निम्स के निदेशक डॉ पंकज सिंह, शेखावाटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ सर्वेश जोशी, राष्ट्र नव निर्माण सेना (रणसे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कौशिक, शानिधाम पीठाधीश्वर दाती महाराज, वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा अतिथि थे। निम्स विश्वविद्यालय के चेयरमैन एवं चांसलर डॉ. बीएस तोमर एवं निदेशक डॉ. पंकज सिंह ने अतिथियों तथा एनयूजेआई के पदाधिकारियों को साफा पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जिस तरह देश को जवाबदार विपक्ष की आवश्यकता होती है, उसी तरह समाज को जवाबदार पत्रकार की भी आवश्यकता होती। उन्होंने फेक न्यूज से लेकर विदेश से फंड लेकर देश विरोधी नरेटिव चलाने वाले पत्रकारों पर भी कटाक्ष किया और कहा कि ईमानदार पत्रकारों को सटीक तथ्य उजागर करने चाहिए। उन्होंने मंच से घोषणा की केवल पत्रकार सुरक्षा से लेकर पत्रकारों के हर तरह के कार्य के लिए वे बिना फीस के वकील की तरह हर वक्त साथ खड़े मिलेंगे। वहीं शनिधाम के पीठाधीश दाती महाराज ने कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका विधायिका और कार्यपालिका महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इन तीनों स्तंभों को जाग्रत करने का काम पत्रकारिता का है। जागरूक पत्रकारिता से ही राष्ट्र मजबूत रहता है, संगठित रहता है और संगठित राष्ट्र ही विकास के पथ पर आगे बढ़ता है। भाजपा चुनाव प्रबंधन कमेटी के संयोजक नारायण पचारिया ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। जनता व सरकार के बीच सेतु का काम मीडिया करती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि फर्स्ट इंडिया चैनल के सीईओ व एडिटर पवन अरोड़ा ने पत्रकार की वास्तविक पीड़ा को बयां करते हुए कहा कि वह अधिकारी रहते हुए भी इस बात को लेकर चिंतित रहते थे कि पत्रकार को मान भले ही मिल जाता है, सम्मान भले ही मिल जाता है, लेकिन उसे न्यूनतम मानदेय नहीं मिल पाता है। यह बेहद चिंता की विषय है। वरिष्ठ पत्रकार जार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा महानगर टाइम्स के प्रधान संपादक गोपाल शर्मा ने पत्रकारों को एकजुट होने का आह्वान करने के साथ कहा कि पत्रकार को अपनी लेखनी की कीमत और अपनी एकता की शक्ति को पहचानना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि देश में एक पत्रकार को घर से बाहर निकाल कर गोली मारी जाती है और देश में कोई खास प्रतिक्रिया नहीं होती, ऐसी स्थिति से समझा जा सकता है की पत्रकार की वैल्यू क्या रह गई है। शेखावाटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ सर्वेश जोशी, इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर शर्मा तथा राष्ट्र नव निर्माण सेना (रणसे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कौशिक ने भी विचार रखते हुए पत्रकार सुरक्षा की वकालत की।

इससे पूर्व, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से सम्बद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के इस दो दिवसीय राष्ट्रीय महाधिवेशन की भूमिका रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने बताया कि एनयूजेआई के अध्यक्ष रासबिहारी ने कहा कि फेक न्यूज और फर्जी पत्रकारों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय सम्मेलन में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के साथ ही मीडिया काउंसिल और मीडिया कमीशन के गठन की मांग की गई। सम्मेलन में लघु व मध्यम समाचार पत्रों को सरकार से सरल विज्ञापन नीति बनाने की मांग की गई। रासबिहारी ने कहा कि सभी राज्यों में पत्रकारों के लिए पेंशन योजना और स्वास्थ्य बीमा कराया जाए। पत्रकारों की मांगों को लेकर जल्दी ही बड़े पैमाने पर आंदोलन छेड़ा जाएगा।

अधिवेशन मीडिया जगत के समक्ष चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार विमर्श के लिए रखा गया है। महाधिवेशन में देशभर के 1500 से ज्यादा पत्रकार भाग ले रहे हैं। एनयूजेआई के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप तिवारी ने बताया कि अधिवेशन में पत्रकार सुरक्षा कानून, मीडिया काउंसिल एवं नेशनल जर्नलिस्ट्स रजिस्ट्र के गठन, मीडिया संस्थानों में वेजबोर्ड की बहाली, फेक न्यूज पर कानूनी शिकंजा, मंझले व छोटे समाचार पत्रों को संरक्षण, पत्रकारों के रेलवे रियासत की बहाली, पत्रकारों को पेंशन, बीमा कवच, पत्रकारों के बच्चों को छात्रवृत्ति जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। मीडिया जगत की मांगों को लेकर महाधिवेशन में राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ने की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। मौके पर एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विमलेश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक राकेश कुमार शर्मा, जार के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश महासचिव भाग सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश पारीक, कौशल मूंदड़ा, बिहार के संयोजक रंजीत तिवारी, शिवा तिवारी, नरेन्द्र पांडेय व अमरुल आलम उपस्थित थे।

## प्राचार्य व प्रोफेसर पर साम्प्रदायिक दंगा भड़काने मामलें में प्राथमिकी दर्ज

**बगहा, वि.स.:** साम्प्रदायिक दंगा मामलें में पंड़ित उमाशंकर तिवारी महिला कालेज के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार तिवारी एवं उनके छोटे भाई सह मनोविज्ञान के प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार तिवारी पर नगर थाना ने प्राथमिकी दर्ज की है। उनपर आरोप है कि अपर पुलिस अधीक्षक दिवेश मिश्रा, नदी थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार एवं सशस्त्र बल पर जानलेवा हमला, पत्थरबाजी और भीड़ को उकसा गया। कानूनी विशेषज्ञों के मुताबिक लगाये गये धारा के अनुसार दोनों व्यक्तियों को आर्थिक जुमार्ना के साथ-साथ, अलग- अलग 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है। जानकारी हो कि प्राचार्य पर बगहा नगर थाना ने करोड़ों के घोटाला में 156/22 पहले प्राथमिकि दर्ज कर रखा है। उल्लेखनीय है कि बगहा नगर में विगत महावीरी झंडा के दिन निकले जुलूस के दौरान बगहा शहर के रत्नमाला मुहल्ला में दो पक्षों के उत्पन्न विवाद से दंगा भड़क गयी थी, जिसके लपेट में दुसरे दिन बगहा के रत्नमाला, रामधाम मंदिर, मस्तान टोला, कोल्ड स्टोरेज चौराहा, बाडी पट्टी, बनकटवा मुहल्ला आ गया था। प्रशासन में डीएम पश्चिम चंपारण, डीआईजी चम्पारण को बगहा पहुंचकर लोगों को शांत करानी पड़ी थी। वहीं इस घटना में पत्रकार, पुलिस बल, एएसपी बगहा, एसपी बगहा, एसडीएम बगहा को चोट लगने की चर्चा रही।

## प्रधानाध्यापक ने अध्यापक पर कराई मारपीट की प्राथमिकी

**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवां के प्रभारी प्रधानाध्यापक इमामुल हक ने अपने विद्यालय के शिक्षक अमित कुमार राम पर सरकारी काम मे बाधा पहुंचाने, मार लपीट करने स्कूली छात्राओं को पीटने की मझौलिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।विद्यालय के पांच शिक्षक इसके गवाह बने है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में जांचोपरांत प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। बताते चले कि शुक्रवार कोउसी विद्यालय के सहायक शिक्षक अमित कुमार राम ने कथित रूप से अपनी सर्टिफिकेट विद्यालय से चोरी होने के आरोप पर प्रधानाध्यापक व बच्चों के साथ मारपीट की। मारपीट में उनके परिवार के महिलाएं और समर्थक शामिल रहे।

## अपराध का योजना बना रहा अपराधी गिरफ्तार

**सोनबरसा / सीतामढ़ी :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कन्हौली थाना क्षेत्र से अपराध की योजना बना रहे एक बदमाश को लोडेड देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान कन्हौली थाना के इंदरवा गांव निवासी सिकिन्द्र महतो के पुत्र अमित कुमार के रूप में हुई हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि सहियारा थाना क्षेत्र के मटियार कला निवासी स्व दुखा दास के पुत्र विकेश दास अपने सहकर्मियों के साथ रंगदारी मांगने वाला हैं। सूचना पर शनिवार की दोपहर विशनपुर आधार से बरियारपुर जानेवाली सड़क में पैक्स गोदाम के समीप वाहन चेकिंग अभियान थानाध्यक्ष रामनिवास कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। जँहा पुलिस को देख बदमाश अमित भागने के क्रम में अनियंत्रित हो कर बाइक सहित गिर गया। पुलिस बल बीआर 30 ए जे 2162 नम्बर के पल्सर मोटरसाइकिल समेत बदमाश के कमर से एक लोडेड देशी कट्टा, व एक जिंदा गोली बरामद किया गया ।पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश अमित कुमार व विकेश दास के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की हैं।

## जनता दरबार में कई मामलों की गई सुनवाई

**सुगौली, पू.च. :** स्थानीय थाना में शनिवार को नियमित कार्यक्रम के तहत जनता दरबार आयोजित की गई। जिसमें जमीन से जुड़े तीन मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई राजस्व पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी नेहा कुमारी और एसआई दिलीप कुमार सिंह ने किया। सुनवाई के बाद राजस्व पदाधिकारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के शीतलपुर माली से मंजू देवी और विकेश सहनी के बीच तथा सुगौली के रेयाज कुरेशी और मोइनुद्दीन मियां के बीच जमीन से जुड़े तीन मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान तीनों मामलों के दोनों पक्षों के लोगों को बातें सुनी गई। और दोनों पक्षों को सुन समझ और समझा बुझा कर हल कर दिया गया। राजस्व प्राधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी नेहा कुमारी ने बताया कि खराब मौसम के कारण जनता दरबार पर प्रभाव पड़ा। सुनवाई के लिए बाकी मामलों के दोनों पक्षों को अगली तारीख पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**मझौलिया :** शनिवार के अपराहन मझौलिया-परसा रेलवे हाल्ट के बीच थवैया फार्म के निकट152216 एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गयी है ।जानकारी देते हुए एसएचओ अभय कुमार ने बताया कि मृत व्यक्ति प्रथम दृष्टा भिखारी लग रहा है। उन्होंने बताया कि सगौली रेलवे स्टेशन अधिकारी से वार्ता हो रही है। अगर वे मेमो देते है तो शव को पोस्टमार्टम में भेजा जायेगा।

# रुक-रुक कर हो रही बारिश से सड़कों पर हुआ जल-जमाव

## नारकीय हुई नगर की हालत, राहगीर परेशान

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** बीते दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने नगर पंचायत की पोल खोल कर रख दी है। जिससे नगर पंचायत नरक पंचायत बनकर रह गया है। कई जगहों पर जलजमाव से लोग परेशान है। नप के विभिन्न सड़कों पर जलजमाव नगर पंचायत प्रशासन के जल निकासी के दावे की पोल खोलता प्रतीत होता है। मुख्य बाजार में जाने वाली सड़क पर जल जमाव हो गया है। जिससे लोगो को पैदल चलने में भी परेशानी हो गई है। हाल यह है कि एनएच 527 डी से देवान चौक गोलम्बर होते हुए विष्णुपुरवा जाने वाली मुख्य सड़क झील में तब्दील हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन चुके है। जिससे आये दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त होते रहते है। देवान चौक के पास सड़क पर पानी जमा है और लोग हाथ में जूते चप्पल लेकर कपड़े उठाकर चलने को विवश है। जल जमाव से स्थिति भयावह बनी हुई है। जलजमाव से आसपास के लोग सहित दुकानदार तक को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिसका हाल देख लोग नगर पंचायत को नरक पंचायत कहने लगे है। स्थानीय लोग मो. इम्तियाज, छोटू, जयलाल यादव, प्रकाश कुमार, संदीप कुमार सहित कई ने बताया कि हल्की बारिश से ही सड़क पर जल जमाव हो जाता है। जिसके कारण ग्राहक भी नही आते है। आने जाने में भारी परेशानी है।सड़क गड्ढे के रूप में तब्दील हो गया है। दुकानदारों के सामने भुखमरी की स्थिति हो गया है। उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा ने कहा कि बहुत जल्द हो जल निकासी के लिए नाला का निर्माण कराया जाएगा।



# मृत जच्चा-बच्चा को निजी क्लीनिक ने किया रेफर,परिजनो ने किया हंगामा

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** नगर में स्थित एक निजी क्लीनिक में इलाज के दरम्यान जच्चा और बच्चा की मौके पर ही मौत हो गई है। महिला की पहचान कैलाशनगर के वार्ड नंबर 6 निवासी सोहन तुरहा की पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है ।महिला के देवर सुनील तुरहा ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में महिला को बीमार होने के बाद लेकर शहरी पीएचसी बगहा दो पहुंचे। जहां से स्थिति नाजुक देखते हुए महिला को रेफर कर दिया गया। इस दरम्यान एक नर्स ने महिला और उसके परिजनों को बरगलाकर नगर थाना के माता सेवा सदन में संचालित संजीवनी हेल्थ केयर में पहुंचा दिया। जहां पर महिला का ईलाज चलने लगा। इस दौरान परिजनों के लाख कोशिश के बाद भी पेशेंट से मिलने नहीं दिया गया।

महिला के परिजनों ने बताया कि महिला को जब लेकर निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था । जिसके बाद से महिला से परिजनों को नही मिलने दिया गया ।इस बीच बच्चे की पैदाइश हो गई थी। इसके बाद ही लगातार जच्चा और बच्चा से मिलने के लिए परिजन जिद पर अड़े हुए थे। लेकिन संचालकों द्वारा मिलने से मना कर दिया गया। हालांकि परियोजनों के द्वारा लगातार जच्चा और बच्चा से मिलने का प्रयास किया जा रहा था । उसके बावजूद भी परिजनों को नहीं मिलने दिया गया । स्थिति यह थी कि जच्चा और बच्चा दोनों ही निजी क्लिक में दम तोड़ चुके थे । जिसके कारण नहीं मिलने दिया गया। इलाज कर रहे डॉक्टर ने जबरदस्ती एंबुलेंस बुलाकर उसमें मृत जच्चा-बच्चा को रखवा कर बेतिया के लिए भेज दिया गया। डॉक्टर ने कहा कि सब ठीक हो जाएगा बेतिया जाने दीजिए। इस बीच रास्ते में ही उक्त क्लिनिक के संचालक जच्चा व बच्चा को छोड़कर भाग गए। परिजनों के द्वारा जच्चा - बच्चा को जीएमसीएच बेतिया पहुंचाया गया । जहां डॉक्टरों ने दोनो को मृत बताते हुए वापस घर ले जाने का निर्देश दिया गया। आक्रोशित परिजनों द्वारा शव को निजी क्लीनिक में रखकर संचालकों के खिलाफ कारवाई की मांग किया गया ।



इस संदर्भ में डॉक्टर राजेश सिंह नीरज ने बताया कि मामले की जानकारी अब तक नहीं मिली है। जैसे ही मामला संज्ञान में आता है। उक्त मामले में संलिप्त नर्स के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि निजी नर्सिंग होम के संचालक मौके से फरार हो गया है । जिसके खिलाफ छापेमारी की जा रही है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा होगा।

### 51 फीट लंबा कांवड़ लेकर रवाना हुए पुजा समिति के सदस्य

## सोमवार कि सुबह करेंगे जलाभिषेक

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** शहर के गोला स्थित ओम प्रसाद गणेश पूजा समिति के सदस्य इस साल भी 51 फीट का कांवड़ लेकर पहलेजा घाट के लिए रवाना हुए। जानकारी के मुताबिक उन्होंने गुरुवार की रात बाबा गरीबनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। इस यात्रा मे महिला-पुरुष के अलावा बच्चे भी शामिल है। वही, समिति के संयोजक प्रवीण चौधरी ने बताया कि समिति की यह 11वी कांवर यात्रा है ।इसबार 51 फीट के कांवर पर अमरनाथ गुफा, बाबा बैद्यनाथ धाम व बाबा गरीबनाथ के शिवलिंग को भी दशार्या गया है। जो आकर्षण का केन्द्र बनेगा। कांवर यात्रा प्रत्येक वर्ष सावन की अंतिम सोमवारी पर निकलती है। आपको बता दे कि, शुक्रवार को जल बोझकर हरिहरनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे। तत्पश्चात कांवर लेकर पैदल सभी कांवरिया बाबा गरीबनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। सोमवार की सुबह बाबा पर जलाभिषेक किया जाएगा।

# पिपरासी मुखिया संघ ने प्रदर्शन कर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय खबर

**बगहा/पिपरासी : अपनी** अधिकारों की कटौती से रंज मुखिया संघ द्वारा प्रतिनिधि सह राजद नेता मुकेश कुशवाहा के नेतृत्व में सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया। तथा, मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रेम मेहता के नेतृत्व में 29 सूत्री मांगों का ज्ञापन बीडीओ को संघ ने सौंपा गया। इस दौरान सेमरा लबेदाहा पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि के छेदीलाल प्रसाद ने बताया कि 16 से लेकर 31 अगस्त हम सभी मुखिया पंचायत के सभी कार्यों का बहिष्कार करते हुए हड़ताल में रहेंगे। भगडवा के मुखिया गुलाब चौहान ने बताया कि अपनी 29 सूत्री मांगों का ज्ञापन बीडीओ कुमुद कुमार को सौपी गई है। मुड़ाडीह के मुखिया जोखू बैठा ने बताया कि बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत के अधिकार में की जा रही कटौती के खिलाफ राज्य व्यापी हड़ताल बहिष्कार की गई है। मुख्यमंत्री सोलर इंस्टिट्यूट योजना में ब्रेडा कम्पनी बिल्कुल फेल हो चुकी है। इसे पुनः पंचायत को वापस किया जाए। मुखिया का मानदेय 10 हजार हजार,बउप मुखिया का 7 हजार और वार्ड सदस्य का 5 हजार प्रति माह किया जाए। अपराधियों के द्वारा हत्या करने के बाद मुखिया के स्वजनों को 50 लाख रुपए की राशि मुआवजा दिया जाए। मुखिया अगर शस्त्र का लाइसेंस लेना चाहता है तो उसे निर्गत किया जाए। मौके पर मंझरिया मुखिया चंद्रिका गुप्ता, संतोष कुशवाहा, राजकुमार सहनी सहित अन्य शामिल रहे।



# णमोकार मंत्रों के साथ हुई गोद भराई, जैन मंदिर से निकली बिनौली यात्रा

## दीक्षा लेने के बाद ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है: ब्रह्मचारी

राष्ट्रीय खबर

**गया :** ब्रह्मचर्य का पालन कर जैनेश्वरी दीक्षा के लिए वैराग्य के पथ पर जा रहे आर्यावर्त की पावन भूमि पर जन्मे आठ भाइयों की दीक्षा से पूर्व रमना रोड स्थित जैन मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से बिनौली यात्रा सह गोद भराई समारोह आयोजित किया गया ।इसमें जैन समाज के पुरुषों एवं महिलाओं ने भावुकता के साथ नम आंखों से आठ मुनि दीक्षार्थियों की बिनौली यात्रा में शामिल होकर गोद भराई की रस्म अदा की। कई वर्षों से ब्रह्मचर्य का पालन कर रहे ललितपुर के ब्रह्मचारी राजेश भैया जी मध्य प्रदेश के भिंड जिले के सिद्धम भैया जी, हिमांशु भैया जी, विपुल भैया जी छतरपुर के विपुल भैया जी एवं अंकुर भैया जी, इंदौर के हार्दिक भैया जी, जबलपुर के तन्मय भैया जी महा तीर्थ सम्मेद शिखर जी में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी से ज्ञानेश्वरी दीक्षा प्राप्त कर जीवन को मोक्ष मार्ग की ओर लगायेगें। इनकी मुनि दीक्षा होने के बाद आचार्य श्री के द्वारा इन्हें नया नाम दिया जाएगा। इसके बाद वह घर-परिवार और सांसारिक मोह माया के बंधन से मुक्त होकर आचार्य श्री के चरणों में जीवन यापन करेंगे। सम्मेद शिखर जाने के दौरान आठ भाइयों का जत्था शहर में पहुंचा, जहां जैन समाज के लोगों ने श्रद्धा भाव से बग्घी में विराजमान कराकर पूरे गाजे-बाजे और दिव्य घोष की धुन पर रमना रोड स्थित जैन मंदिर से शहर में बिनौली यात्रा निकली। यात्रा कई मार्गो से होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची ।जैन धर्मावलंबियों ने अपने पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित होकर यात्रा में सम्मिलित हुये और णमोकार के जयकारे लगाए। जिनालय के सभा मंडप में सभी आठ भाइयों की जैन परंपरानुसार पूरे विधि विधान के साथ गोद भराई की रस्म अदायगी शुरू हुई। जैन धर्मावलंबियों ने परंपरानुसार सुख मेवे और नारियल भेंट कर गोद भराई की। जैन बंधुओ ने दीक्षार्थी भाइयों को माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर बाल ब्रह्मचारी भाइयों ने अपने उद्बोधन में कहा कि संयमी व्यक्ति का अंतिम लक्ष्य दीक्षा ही होता है ।दीक्षा लेने के बाद ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों को भगवान महावीर के बताएं रास्ते पर चलकर जिन शासन की प्रभावना बनाने का आह्वान किया।





रजत कुमार गुप्ता


बरखा का मौसम कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। जमीनी हकीकत पर बात करें को पहाड़ी इलाकों में इस मौसम ने कहर ढा दिया है। पहाड़ों पर लगातार हो रहे भूस्खलन और जान माल के नुकसान के बाद हम फिर से यह कहने लगे हैं कि हमलोगों ने खुद ही अपनी लालच में यह आफत मोल ली है। जहां तहां मकान और पहाड़ धंस रहे हैं। देश की कई सुंदर और महत्वपूर्ण सड़के भी इस बारिश की भेंट चढ़ गयी है। दूसरी तरफ कई खेती वाले इलाके ऐसे हैं, जहां पानी की कमी से धान की खेती सही ढंग से नहीं हो पायी है। कुल मिलाकर केस पूरा गड़बड़ हो गया है।

# बरखा का मौसम जी को जलाके ...

असली मौसम से अलग अब पॉलिटिकल मौसम की बात करें तो बारिश और ठंड की किसी को अभी चिंता नहीं है। सभी की नजर आने वाले चुनावों पर टिकी है क्योंकि विधानसभा चुनाव में अगर फायदा नहीं मिला तो तय है कि लोकसभा चुनाव की गाड़ी गति नहीं पकड़ पायेगी। उसके ऊपर से अब गाहे बगाहे वैसे चुनावी बम भी फटने लगे हैं, जिसने कभी डॉ मनमोहन सिंह की सरकार के पतन की कहानी लिखी थी। जी हां मैं जारी होने वाले सीएजी रिपोर्टों की बात कर रहा हूं। अकेले नीतीन गडकरी है, जिन्होंने चर्चा होने के बाद सार्वजनिक तौर पर अपनी तरफ से इस पर सफाई दी है और बताने की कोशिश की है कि दरअसल लागत इतनी अधिक क्यों हुई। वरना दूसरे मंत्रालयों के मामले में तो सारे मंत्री चुप्पी साधे बैठे हैं। अकेली स्मृति ईरानी हैं जो दिल्ली से अमेठी तक राहुल गांधी को कोसने के बाद अब उस मीडिया से भी नाराज होने लगी हैं, जो कभी उनके चमचे हुआ करते थे। वैसे बरखा के मौसम में असली कंफ्यूजन तो महाराष्ट्र को लेकर है, कौन सा पवार किधर है और चुनाव के वक्त किस तरफ रहेगा, यह कोई समझ ही नहीं पा रहा है। एनडीए और इंडिया के मोचार्बंदी के बीच यह मसला इंपोर्टेंट हो गया है क्योंकि महाराष्ट्र का चुनाव परिणाम और वहां की राजनीति पूरे देश पर असर डालती है। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में फिलहाल तो सीधा मुकाबला है। एमपी गजब है में आम आदमी पार्टी ने टंगड़ी फंसाकर दोनों दलों को परेशान कर दिया है। ऊपर से सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सेवा विधेयक के खिलाफ दायर याचिका को स्वीकार कर यह साफ कर दिया है कि उप राज्यपाल के जरिए शासन करने की चाल का रास्ता मोदी सरकार के लिए इतना आसान भी नहीं है। वैसे लगता है कि पहली बार भाजपा का ऐसे लोगों से पाला पड़ गया है जो बहुत सीमित संख्या में होने के बाद भी केंद्र सरकार के नाक में दम किये हुए हैं। नाराज भाजपा अब पंजाब में भी राष्ट्रपति शासन लगाने की बात कहने लगी है। कुल मिलाकर बारिश ने गर्मी बढ़ा दी है। इसी बात पर फिल्म सलाखें का यह गीत याद आने लगा है। इस गीत को लिखा और सुरों में ढाला था रविंद्र जैन ने और उसे अपना स्वर दिया था आशा भोंसले ने। गीत को बोल कुछ इस तरह हैं।

*बरखा का मौसम जी को जलाके चला जाये*
*बरखा का मौसम जी को जलाके चला जाये*
*हाय रे ये पानी लगन लगा के चला जाये*
*जी को जलाके चला जाये*
*बरखा का मौसम जी को जलाके चला जाये*
*कभी कभी खोया हुआ मिल भी जाये*
*जाये जोश में फिर मुड़ के न आये*
*कभी कभी खोया हुआ मिल भी जाये*
*जाये जोश में फिर मुड़ के न आये*
*धरती से नभ तक अँधेरा ही अँधेरा*
*जाने कब सूरज लायेगा सवेरा*
*साजन सलोना ऐसा न हो कही*
*गोरी तक लाके चला जाये*
*जी को जलाके चला जाये*
*बरखा का मौसम जी को जलाके चला जाये*
*हाय रे ये पानी लगन लगा के चला जाये*
*जी को जलाके चला जाये*
*बरखा का मौसम जी को जलाके चला जाये।*

अब ईडी की भी बात करें जिसने छत्तीसगढ़ और झारखंड में बड़ी कार्रवाई की है। यह पहला मौका है कि अब ईडी की छापामारियों को भी चुनौती दी जाने लगी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सार्वजनिक तौर पर छापामारी में क्या कुछ हुआ, उसका खुलासा कर दिया। दूसरी तरफ बंगाल में ईडी रेड में कंपनी के कंप्यूटर में बाहर की फाइल डाले जाने की शिकायत पुलिस में दर्ज हो गयी। अब ईडी निदेशक आगामी 15 सिंतबर तक क्या गुल खिलायेंगे, इस पर सभी की नजर है पर यह भी तय है कि अब मुकाबला एकतरफा नहीं रहा है। लोग ईडी की छापामारी और जांच के भय से उबरते हुए जवाबी हमला करने लगे हैं। झारखंड की बात करें तो एक तरफ केंद्र सरकार ईडी भेज रही है तो हेमंत सरकार भाजपा के पूर्व मंत्रियों की संपत्ति की निगरानी जांच करा रही है। यानी तुम डाल डाल तो मैं पात पात। चुनाव तक शह मात का खेल चलेगा लेकिन बाजी किसके हाथ लगेगी, यह कहना कठिन है।




## 'द केरला स्टोरी' एक्ट्रेस अदा शर्मा ने खरीदा सुशांत सिंह राजपूत का घर?

फिल्म द केरला स्टोरी अभि?नेत्री अदा शर्मा की टीम का दावा है कि अदा ने दिवगंत सुशांत सिंह राजपूत के ब्रांदा के मॉन्ट ब्लैंक इमारत स्थित? किराये वाला घर खरीद लिया है.

14 जून, 2020 को बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत का निधन हो गया था. उन्हें मुंबई में स्थित अपने फ्लैट पर ही मृत पाया गया था. जब से एक्टर का निधन हुआ था तब से उनका फ्लैट खाली ही पड़ा था. उसके बाद से कोई भी उस फ्लैट में जाने से या रहने से मना कर देता था. इसी बीच अब खबर आ रही है दिवंगत एक्टर का यह फ्लैट बिक गया है.

करीब 3 सालों से खाली पड़े रहने के बाद फाइनली सुशांत सिंह राजपूत के इस फ्लैट को बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस ने खरीद लिया है. बता दें कि फिल्म द केरला स्टोरी में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अदा शर्मा की टीम का दावा है कि अदा ने दिवगंत सुशांत सिंह राजपूत के ब्रांदा के मॉन्ट ब्लैंक इमारत स्थित किराये वाला घर खरीद लिया है.


अदा शर्मा को अपनी टीम और ब्रोकर के साथ सुशांत के घर पर जाते हुए देखा गया. मगर अदा शर्मा अंदर जाते वक्त रुकी नहीं, ना ही उन्होंने अपने चेहरा दिखाया और ना ही किसी से बात की. अदा ने फोन पर संपर्क किये जाने पर भी कोई रेस्पन्स नहीं दिया है. फिलहाल ये घर कितने में खरीदा है, कब खरीदा है और इससे जुड़ी अन्य जानकारी ना तो टीम ने दी और ना ही सुशांत के घर के इमारत परिसर में दाखिल हुई अदा ने दी है.



वहीं एबीपी न्यूज ने सुशांत के किराये वाले घर को खरीदने? के बारे में बार बार उनसे सवाल पूछे मगर अदा बार बार कहती रहीं कि अगर कुछ होगा तो मैं आप सभी को जरूर बताऊंगी... और ऐसा कहकर वो बार बार सवालों से बचती नजर आईं.

जब एबीपी न्यूज ने कहा कि आपकी ही टीम ने ही इस घर के खरीदे जाने की जानकारी दी है तो अदा ने कहा कि उनकी टीम ने ऐसा नहीं बताया होगा.... अदा ने अंत में कहा कि कुछ होगा तो मैं जरूर मुंह मीठा कराऊंगी. अदा के साथ उनकी मां भी थी और ऐसे में हंसते हुए अदा ने कहा कि उनकी मम्मी कुछ बताने पर डांटेंगी.

बता दें कि फांसी लगाकर आत्महत्या करने से पहले सुशांत सिंह राजपूत इसी घर में रहा करते थे, तब इस घर का किराया 4.5 लाख रुपये बताया जाता था. सुशांत की आत्महत्या के बाद एक लम्बे समय से यह घर खाली है और यहां कोई भी किराये पर नहीं खरीद रहा था.



# भारतीय सड़कें जो आपको पहुंचा दे ...

>>व्यंग्य >>भवेश कुमार

सावधान भैयाजी ! भारत की सड़कें हैं जरा संभालकर। कीचड़ के साथ यहाँ पत्थर भी गिरते हैं उछलकर। फिर किस्मत : किस्मत की बात है ज्यादा बुरी हुई तो आप खुद भी गिर सकते हैं।

*बड़ी ही अजीबो-गरीब सड़के है भारत की।*
*गिरते ही पता चले जरूरत थी हिफाजत की।*

जी हाँ ये वही Indian Roads है जिन पर सरकारें और सरकार चलाने वाले तारीफों के पूल बांधते हैं। लेकिन सच में तो यहां सड़के किसी राहगीर को पट्टी बंधवा देती है और तो किसी को कफन ओढ़ा देती है।

बीते कल की बात करें। एक नयी -नवेली दुल्हन नयी साड़ी में उसके नये -नये दूल्हे के साथ नयी नयी बाइक पर पीछे की सीट में प्रेमालाप करती जा रही थी।

लेकिन साड़ी , पति, और बाइक से सड़क थी पूरी चार महीने पुरानी। इसलिए सड़क देख ना पायी नयी उभरती जवानी; गड्डा आया और दुल्हन आज उसी सड़क से चार कंधों पर जा रही थी।



अब आप ही बताइये इतना तो पता होना चाहिए ना, कि भारतीय सड़कों पर कैसे चला जाता है। लोग गलतियां करते है और सडकों को दोष देते हैं।

देखिये पहली बात किसी भी एक दो माह पुरानी सड़क को नयी सड़क ना समझे। हाँ यह भी नयी नवेली दुल्हन की तरह लगती प्यारी है और बदले में प्यार की बात करें तो वाइफ का, प्रेमिका का, माँ : बाप सब का झूठा निकल सकता है पर इसका सच्चा ही निकलेगा। यहाँ चार माह पुरानी भारतीय सड़कें चार माह में चार सौ साल पुरानी बुढ़िया की शक्ल ले लेती है। बूढ़ा आदमी अपनी उम्र की वजह से कम सड़क की शक्ल देखकर ज्यादा कांपता है। वहीं समझदार समझ लेते है कि इसके साथ सेल्फी जीवन की सबसे बड़ी मूर्खता होगी।

***हिंदुस्तान की सड़कों पे रहना है बचके।***
***जरूरत से ज्यादा ना निकलें सज-धज के।***

# भविष्य के लिए सुपर फ्यूल साबित हो सकता है हाइड्रोजन फ्यूल



सुनील कुमार महला

भारत में अब हाइड्रोजन ईंधन का प्रयोग होने लगा है। हाल ही में लेह में देश की पहली हाइड्रोजन बस का ट्रायल रन शुरू किया गया है, यह बहुत ही काबिलेतारिफ इसलिए है क्यों कि कार्बन-तटस्थ समाज बनाने में बैटरी विद्युतीकरण और नवीकरणीय ईंधन के साथ हाइड्रोजन ईंधन एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाली इलेक्ट्रिक व्हीकल से संसद पहुंच थे और उस समय हाइड्रोजन वाली इस कार ने खूब सुर्खियां बटोरीं थीं। अब तो ट्रेनों को भी इससे संचालित करने के संबंध में लगातार चर्चा की जा रही है। भविष्य में हाइड्रोजन से ट्रेनें चलने लगें तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा, क्यों कि हाइड्रोजन सुपर फ्यूल या भविष्य का फ्यूल साबित हो सकता है। दरअसल, हाइड्रोजन एक ऊर्जा वाहक है जिसमें ऐसे गुण विद्यमान हैं जो ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के शुद्ध योग को कम करने में मदद कर सकते हैं। हाईड्रोजन-एक रंगहीन, गंधहीन गैस है, तथा प्रदूषण मुक्त है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हाइड्रोजन क्लीन एनर्जी के अंतर्गत आता है?। ये एक ऐसा तत्त्व है जो वायुमंडल में किसी न किसी से जुड़ा हुआ प्राप्त होता है। ये शुद्ध रूप से वायुमंडल में उपलब्ध नहीं हो पाता है। इसमें बहुत ऊर्जा पाई जाती है। धरती पर ये जटिल अणुओं जैसे पानी या हाइड्रोकार्बन के तौर पर पाया जाता है। ये ऊर्जा का स्रोत नहीं बल्कि वाहक है यानी इस्तेमाल के लिए इसका उत्पादन किया जा सकता है, इसे अलग किया जा सकता है या संग्रहित किया जा सकता है। हाइड्रोजन के जलने पर पानी ही बनता है। हाइड्रोजन को प्राप्त करने के लिए जल में इलेक्ट्रोलिसिस की क्रिया अपनाई जाती है। हाइड्रोजन से सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसका स्थानीय संसाधनों से स्थानीय स्तर पर ही उत्पादन किया जा सकता है और इस प्रकार से यह दुनिया के लिये 'भविष्य का ईंधन' साबित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि हाइड्रोजन ईंधन, ऑक्सीजन के साथ जलने पर 'शून्य-उत्सर्जन' (जीरो एमिशन) करता है। हाइड्रोजन ईंधन के उपयोग से उत्सर्जित होने वाला एकमात्र उप-उत्पाद 'पानी' होता है। इसीलिए ये ईंधन 100 प्रतिशत स्वच्छ माना जाता है। इसका उपयोग ईंधन सेलों अथवा आंतरिक दहन इंजनों में किया जा सकता है। यह पेट्रोलियम की तुलना में बहुत कम प्रदूषणकारी है। साथ ही यह एक गैर-नवीकरणीय स्रोत है और इसे लंबे समय तक प्राप्त या निर्मित



किया जा सकता है। इतना ही नहीं, ये सस्ता और हल्का भी होता है?। यदि एक्सपर्ट्स की मानें तो 1 किलो हाइड्रोजन करीब 4.5 लीटर डीजल के बराबर होता है। ऐसे में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच इसे एक बेहतरीन विकल्प माना जा रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत में वर्ष 2005 में एक राष्ट्रीय हाईड्रोजन नीति तैयार की गई थी, जिसका उद्देश्य हाईड्रोजन ऊर्जा के उत्पादन, भंडारण, परिवहन, सुरक्षा, वितरण एवं अनुप्रयोगों से संबंधित विकास के नये आयाम उपलब्ध कराना है। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की राजधानी लेह में हाइड्रोजन से चलने वाली बस का पहुंचाना वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्बन न्यूट्रल लद्दाख बनाने की घोषणा के संदर्भ में एक शानदार व नायाब पहल कही जा सकती है। पाठकों को यह जानकारी है ही कि लद्दाख में तापमान बहुत ही ठंडा रहता है और इसे कोल्ड डेजर्ट आफ इंडिया भी कहा जाता है। इसलिए इस कोल्ड डेजर्ट आफ इंडिया में हाइड्रोजन से बसें चलाने के लिए उन्हें खास तकनीक से डिजाइन किया गया है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2020 में भारत के स्वतंत्रता दिवस पर लद्दाख को देश का पहला कार्बन न्यूट्रल प्रदेश बनाने की घोषणा की थी और उसी क्रम में इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। आज हमारे देश में सिक्किम राज्य ने जहां एक जैविक राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है, वहीं दूसरी ओर आने वाले कुछ ही समय में लेह लद्दाख और कारगिल भी अपनी पहचान कार्बन न्यूट्रल प्रदेश के रूप में बना लेंगे, इसमें कोई दोराय,शक या संदेह नहीं है। हमारे देश में वर्ष 2005 के बाद लगातार हाइड्रोजन ईंधन पर काम हो रहा है और जानकारी मिलती है कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-आईआईटी, दिल्ली, हाईड्रोजन ईंधन से चलने वाला जनरेटर सेट भी विकसित कर रहे हैं। कुछ समय पहले ही केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह द्वारा ग्रीन हाइड्रोजन को भारत में भविष्य का ईंधन बनाने के लिए विभिन्न निवेशकों से स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के निर्माण के लिए देश में निवेश करने का आग्रह किया गया था।ग्रीन हाइड्रोजन 2023 पर पहले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान यह बात कही थी कि निवेशक इलेक्ट्रोलाइजर के विकास, ग्रीन हाइड्रोजन के परिवहन के लिए तंत्र, ग्रीन स्टील और सीमेंट के निर्माण में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग आदि के लिए साझेदारी कर सकते हैं, क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। जनवरी 2023 में, केंद्र ने भारत को ग्रीन हाइड्रोजन के निर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने के उद्देश्य से 19,744 करोड़ रुपये के बजट के साथ राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी है। मिशन का लक्ष्य 2030 तक देश में लगभग 125 गीगावॉट की संबद्ध नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के साथ प्रति वर्ष कम से कम 5 एमएमटी ( मिलियन मीट्रिक टन ) की उत्पादन क्षमता के विकास को बढ़ावा देना है। बहरहाल, पीएम मोदी की घोषणा के तीन साल बाद 17 अगस्त 2023 को लद्दाख को पहली हाइड्रोजन बस की सौगात मिली है, यह काबिलेतारिफ है। कार्बन न्यूट्रल प्रोजेक्ट के तहत इसे 15 अगस्त को शुरू करने की योजना थी। हालांकि, बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण बस लेह नहीं पहुंच सकी, जिसके कारण इसका ट्रायल नहीं हो सका। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी ने 11 हजार फीट की ऊंचाई पर सोलर प्लांट बनवाया है। भारत सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन मोबिलिटी प्रोजेक्ट(जीएचएमपी) के तहत बिजली उत्पादक कंपनी नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन ने 11000 फीट की ऊंचाई पर 1.7 मेगावाट का सोलर प्लांट बनाया है। इसके लिए लेह प्रशासन ने एनटीपीसी को 7.5 एकड़ जमीन लीज पर दी है। वाहन निमार्ता कंपनी अशोक लेलैंड से खरीदी गई एक हाइड्रोजन बस की कीमत 2.5 करोड़ है और एनटीपीसी(नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन) ऐसी और पांच बसें लेह प्रशासन को सौंपेंगी। वास्तव में एनटीपीसी का लक्ष्य साल 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को हासिल करना है।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### रक्तदान कर गर्भवती की बचायी जान

**इचाक :** इचाक गर्भवती महिला को ब्लड की जरूरत थी आवश्यकता अनुसार विक्की कुमार पिता दीपक मेहता बरियठ गांव का निवासी राष्ट्रीय खबर के सहयोग से पत्रकार कुलदीप कुमार सह आदर्श युवा संगठन जिला सचिव के सहयोग से ब्लड डोनेट कर गर्भवती महिला को स्वस्थ होने की कामना किया। वहीं विक्की कुमार ने कहा कि ब्लड डोनेट हमारा पहली बार है ।

## सिटी अपडेट्स >>

### केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य नीतीश पटेल पहुंचे विभावि

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम छात्र नेता प्रवास के निमित्त आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य श्री नीतीश पटेल विनोबा भावे विश्वविद्यालय पहुंचे, श्री नीतीश पटेल को कार्यकताओं ने विश्वविद्यालय मुख्य द्वार में बुकें एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। छात्र नेता प्रवास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विवि के शैक्षणिक वातावरण, शोध का वातावरण, परिसर में संचालित विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों की स्थिति, विश्वविद्यालय के द्वारा स्व रोजगार के दिशा में उठाए जा रहे कदम एवं छात्र-छात्राओं से रूबरू होना था। श्री पटेल दो दिवसीय प्रवास पर हजारीबाग पधारे हैं। मौके पर प्रदेश एसएफएस संयोजक नवलेश सिंह, विश्वविद्यालय सह संयोजक दीपक मेहता, विभाग सह संयोजक सोनू राय, जिला संयोजक प्रभात कुमार, जिला सह संयोजक मनदीप यादव, विभाग छात्रा प्रमुख अंजली यादव, प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, बाबूलाल मेहता, अभिमन्यु कुमार , सुधांशु कुमार, यशवंत कुमार, साकेत सिंह, साक्षी सिन्हा, रूद्र राज, राजा, यादव, राहुल, चंदन ,जय रंजन, शशि,आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### क्षेत्रीय मलेरिया पदाधिकारी की टीम ने डेंगू से ग्रसित लोगों का किया स्वास्थ्य जांच

**हजारीबाग :** हजारीबाग 25 अगस्त को प्राप्त सूचनानुसार हजारीबाग जिला के स्वा केन्द्र, चौपारण अन्तर्गत ग्राम वैधी मोड़ निवासी डॉ सतीश कुमार सिंह, पिता अभय कुमार सिंह, उम्र 40 वर्ष एवं महूदी तिलैया निवासी 18 वर्षीय चितरंजन यादव, पिता अशोक सिंह डेंगू पोजिटिव पाये गए थे इस बाबत त्वरित कार्यवाई करते हुए क्षेत्रीय मलेरिया पदाधिकारी, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग की टीम एवं जिला स्तरीय दल के साथ उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि डेंगू धनात्मक डॉ. सतीश कुमार सिंह वर्तमान में बिल्कुल स्वस्थ है। इस दौरान उनके परिजनों एवं पड़ोसियों से भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई, जानकारी के क्रम कोई भी व्यक्ति ज्वर पीड़ित नहीं पाये गये। वहीं ग्राम महूदी तिलैया में निरीक्षण के क्रम में चितरंजन यादव से मिलकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि वे पिछले छः माह से कोटा राजस्थान में कोचिंग कर रहे थे। एक सप्ताह पहले कोटा ने बुखार आने के बाद वे डॉ. यशस्वी गौतम के द्वारा इलाजरत रहे तबियत में कोई सुधार नहीं होने के कारण वे 20 अगस्त को वापस चौपारण लौट आए। यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा इनका सैम्पल लेकर जांच के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल,हजारीबाग भेजा गया जांचोपरांत एनएस1 एजी अलिसा पॉजिटिव पाया गया। वर्तमान समय में ये बिल्कुल स्वस्थ्य है। उन्हें डेंगू से बचाव एवं स्वास्थ्य एवं संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। क्षेत्रीय एवं जिला दल द्वारा उक्त दोनों व्यक्ति के परिजनों को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न होने पर अविलम्ब प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी,चौपारण से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

**आयोजन**

### नुतन नगर हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य संपन्न

# पूजा-पाठ एवं यज्ञ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- भण्डारा व प्रसाद का किया गया वितरण
- भजन कीर्तन पर झुमे श्रद्धालु
- दिनभर पूजा-पाठ व हवन होने के बाद संध्या में आरती की गई
- कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर गाजे-बाजे एवं पारंपरिक परिधानों के साथ निकली



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग पवित्र सावन मास पर सदर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम ओरिया के नुतन नगर स्थित हनुमान मंदिर में जीर्णोद्धार का कार्य संपन्न होने के उपरांत दिन शनिवार को एक दिवसीय पूजा-पाठ एवं यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। हनुमान मंदिर से कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर गाजे-बाजे एवं पारंपरिक परिधानों के साथ निकली। महिलाओं एवं पुरूषों ने भगवा गमछा एवं माथे में वीर बजरंगबली की पट्टा धारण कर भगवत जयकारा जमकर लगाया। पारंपरिक भक्ति गीतों की गुनगुनाहट के साथ भक्तिमय महौल बन गया। कलश यात्रा नुतन नगर हनुमान मंदिर से लेकर लाखे, कोर्रा चौक एवं जबरा पहुंची।

जहाँ जबरा स्थित डैम से जल लेकर कलश यात्री पूणः हनुमान मंदिर के लिए रवाना हुए। जिसके बाद कलश यात्री हनुमान मंदिर पहुंचकर कलश रखा एवं एक दिवसीय विशेष पूजा-पाठ एवं यज्ञ कार्यक्रम प्रारंभ हुई। दिनभर पूजा-पाठ व हवन होने के बाद संध्या में आरती की गई।

उसके बाद सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा उपलब्ध कराए गए समाग्री से भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ एवं प्रसाद के तौर पर श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। जिसमें प्रसाद के तौर पर खीर, पुडी एवं सब्जी का वितरण किया गया। भण्डारा कार्यक्रम के उपरांत रात्रि में मंदिर में कीर्तन-भजन आयोजित हुई।

बडे.ही उत्साहपूर्वक श्रद्धालुओं ने कीर्तन-भजन में भाग लिया एवं वाद्ययंत्रों के संग खुब झुमे। मौके पर विशेष रूप से विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार, हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष हरिनंदन यादव, सचिव विजय कुमार राणा, कोषाध्यक्ष रामनाथ राणा, संरक्षक सह पंचायत समिति सदस्य अशोक कुमार यादव उर्फ जीत यादव, कपिल साव, पुरण साव, प्रमोद कुमार पासवान, बबलू यादव, विजय यादव, विजेंद्र पासवान, श्याम यादव, संदीप कुमार, अमित यादव, आनंद यादव, रूपलाल यादव, विशाल राणा, रंजीत कुमार, जितेंद्र कुमार, दशरथ प्रसाद, अनिल राणा, अमन कुमार यादव, चंद्रप्रकाश, अंकित कुमार, उमेश यादव, द्वारिका साव, ओम प्रकाश यादव, श्री प्रजापति, लखन यादव, राजेश रंजन, रविन्द्र कुमार यादव, संजय कुमार साव, आचार्य जय बाबा एवं विपिन कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

### 1044 युवक-युवतियों को प्रदान किया जाएगा नियुक्ति पत्र

## बीएसएफ मेरु में रोजगार मेला

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग बीएसएफ कैंप मेरू में रोजगार मेला का आयोजन 28 अगस्त को किया गया है। रोजगार मेला आयोजन के संदर्भ में बीएसएफ के आईजी टीसी एंड एस के.एस. बंयाल ने बताया कि सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में सेवा के लिए चयनित लगभग 1044 युवक-युवतियों को रोजगार मेला के दौरान नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कांस्टेबल पद पर सेवा के लिए बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मुहिम के तहत चयन प्रक्रिया में उत्तीर्ण चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के लिए रोजगार मेला का आयोजन मेरु कैंप हजारीबाग में आयोजित किया गया है। रोजगार मेला का आयोजन बीएसएफ परिसर अवस्थित सीमा प्रिया हॉल में पूर्वाह्न 9:30 को किया गया है।

रोजगार मेला में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपुर्णा देवी बतौर मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा स्थानीय विधायक, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, ज़िप अध्यक्ष सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। विदित हो कि बीएसएफ कैंप मेरू झारखंड में बीएसएफ सहित अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस फोर्स को प्रशिक्षण देने का एक मात्र प्रशिक्षण संस्थान के रूप में जवानों को तैयार करता है।

## सतर्कता बरतते हुए यातायात नियमों का पालन करें: डॉ प्रवीण श्रीनिवास



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन ऑफ इंडिया (एओएमएसआई) द्वारा एक राष्ट्रव्यापी मैक्सिलोफेशियल ट्रॉमा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग द्वारा संत कोलम्बा महाविद्यालय में मैक्सिलोफेशियल जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। जागरूकता अभियान का नेतृत्व ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीदेवी भोई ने किया। जागरूकता अभियान में करीब 380 छात्र- छात्राएं शामिल हुए। इस मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि जीवन काफी अमुल्य है। सतर्कता बरतते हुए यातायात नियमों का पालन करें। वर्तमान समय में युवा वर्ग नशा में धुत होकर गाडियां चलाते हैं। खमियाजा दुर्घटना का शिकार होना पडता है। काफी गंभीर चोटों से गुजरना पड़ता है। विभागाध्यक्ष श्रीदेवी ने मैक्सिलोफेस चोटों का परिणाम बताया। इससे बचाव हेतु नियमित सीट बेल्ट का उपयोग एवं सदैव हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने की सुझाव दी। यातायात के नियमों के साथ- साथ दुर्घटना से बचाव के बारे में बताया। आकस्मिक बचाव की भी जानकारी दी। सावधानी से गाड़ी चलाने और किसी भी नशे इत्यादि से दूर रहने की सलाह दी। इस दौरान दुर्घटनास्थल पर दुर्घटना पीड़ित का प्रबंधन एवं मैक्सिलोफेस के शीघ्र निदान और उपचार को बढ़ावा दिया गया। मैक्सिलोफेस दुर्घटना को कम करने के लिए एहतियाती बरतने की सलाह दी गई। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल कई प्रशिक्षुओं ने अपनी भागिदारी सुनिश्चित किया।

## मनोज त्यागी के निधन पर बड़कागांव में शोक सभा आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव आजादी बचाओ आंदोलन के प्रणेता मनोज त्यागी का आकस्मिक निधन इलाहाबाद में हो जाने के लेकर बड़कागांव स्थित सोनी धर्मशाला मे नागरिक अधिकार मंच द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता आजादी बचाओ आंदोलन के सदस्य डॉ मिथिलेश डांगी व संचालन मंच के संयोजक लखिन्द्र ठाकुर ने किया। शोक सभा में मनोज त्यागी के तस्वीर के समक्ष लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात मिथिलेश दांगी,मनोज त्यागी को याद कर रो पड़े और कहा कि मनोज त्यागी के साथ में 33 वर्षों तक रहा। सादगी जीवन में रहकर आंदोलन को खाद और बीज देते रहे। उन्होंने आईएस की सर्विस को त्याग कर बनवारी लाल शर्मा के साथ जल जंगल जमीन बचाने के लिए आजादी बचाओ आंदोलन में कूद पड़े। बड़कागांव के जल जंगल जमीन बचाओ,चिता सत्याग्रह जैसे अनेक आंदोलनों में 2004 से लेकर 2016 तक भाग लिए। इसके अलावा अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार,पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य देवनाथ महतो, मनोज त्यागी मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।मौके पर मुख्य रूप से डॉ मिथलेश दांगी,पंसस रितेश ठाकुर,लखींद्र ठाकुर, अधिवक्ता अनुरुद्ध दांगी, विकाश उर्फ विनय कुमार, राजेश यादव, रामदुलार साव, धनु प्रसाद निराला , जय करण साव, बालेश्वर यादव, जयप्रकाश यादव, गणेश कु महतो, देव नाथ महतो, ललन कु पांडेय , योगेंद्र कुमार के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने चंदा कर पुल का कराया मरम्मत

राष्ट्रीय खबर



**पीरटांड़:** प्रखंड के चिरकी पंचायत अंतर्गत मधुपुर गांव के पास लगभग दो वर्ष से पुलिया क्षतीग्रस्त हो गया था जिससे दर्जनों गांव के ग्रामीणों को आवा गमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलिया को न तो जनप्रतिनिधियों ने सुध ली और नहीं प्रशासन की ओर से कोई कदम उठाया गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कई बार स्थानीय विधायक व जनप्रतिनिधि को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया गया था। जिसके बाद भी अब तक किसी प्रकार का कोई करवाई नहीं की गई। यहां यह बता दे की पुलिया के टूट जाने के कारण लगभग दर्जनों गांव का आवागमन पूरी तरह से बाधित था। लेकिन इस और ना किसी जनप्रतिनिधि एवं ना प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान तक गया।जिसे देखते हुए मधुपुर के ग्रामीणों द्वारा घर घर चंदा कर जेसीबी से मरम्मत करवाया गया। और पुलिया को परिचालन हेतु तत्काल शुरू कर दिया गया है।मौके पर सुखदेव महतो, पप्पू महतो,दशरथ महतो, कैलाश महतो,धनेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो,चेतलाल आदि लोग शामिल थे।

**उद्घाटन**

### तैलिक साहू समाज के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन को लेकर निकाली कलश यात्रा

# तैलिक समाज का सराहनीय कार्य: अम्बा प्रसाद

- तीन दिवसीय सप्तशती दुर्गा पाठ के साथ 28 अगस्त को होगी पूणार्हुति

राष्ट्रीय खबर



**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड के बादम गांव में तैलिक साहू समाज बादम के सौजन्य से नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 28 अगस्त को बेदी पूजन, कन्या पूजन पूणार्हुति एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न किया जाएगा। इसके लिए आज 26 अगस्त को कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय सप्तशती दुर्गा पाठ प्रारंभ की गई है । कलश यात्रा नवनिर्मित भवन प्रांगण से गाजे-बाजे के साथ शुरूआत कर पचबहिनी मंदिर में पहुंचकर कलश में जल भरा गया एवं मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना के बाद पुनः कलश यात्रा बादम गांव का भ्रमण के पश्चात नवनिर्मित भवन में स्थापित की गई। इस कलश यात्रा में विधायक अंबा प्रसाद, अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के प्रखंड अध्यक्ष जगरनंदन प्रसाद गुप्ता, सचिव कैलाश साव, उपाध्यक्ष पदम साव, भुवनेश्वर साव, नरेश कुमार, मित्तलाल साव, चंद्रिका साव, इंद्रदेव राम, गोविंद महतो, विक्रम गुप्ता, बादम तैलिक साहू समाज के अध्यक्ष खेलावन साव, अर्जुन साव, विकास साहू, चंदन साव,अनिल प्रसाद, उमाशंकर कुमार, वीरेंद्र गुप्ता, काशीनाथ साव, त्रिलोकी साव, अनिल साव, प्रदीप साव, लालदेव साहू, लालो साहु, अशोक साहू, गोपाल साहू, प्रकाश साहू, वीरेंद्र साव, दामोदर साव, उपेंद्र साव, फुलेश्वर साव,सुरेंद्र कुमार, सेवक साव, अजय साव, रविंद्र साहू, छकन साव, शंकर कुमार, गोविंद कुमार, अखिलेश कुमार, दिनेश साव, धर्मेंद्र साहू, अशोक कुमार, भुनेश्वर साहू, मोहन साहू, रघुनाथ साहू, महेंद्र साव, विनोद साव, सहित भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे। सप्तशती दुर्गा पाठ का मंत्रोच्चारण पंडित उदय पांडे द्वारा तथा पुजारी सिटन साव एवं धर्मपत्नी सरस्वती देवी, पुसन साव धर्मपत्नी एवं दुलारी देवी शुरू की गई है। मौके पर पचबहिनी मंदिर में विधायक अंबा प्रसाद ने माथा टेकने के पश्चात कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र का वातावरण एवं लोगों की मां की शुद्धि होती है। उन्होंने आगे कहा कि बादम तैलिक साहू समाज द्वारा यह एक सराहनीय कार्य किया गया जो इस भवन का निर्माण की गई है। गांव में भी अब सार्वजनिक जगह कम बच रहा है। ऐसी स्थिति में यह भवन निर्माण कर सामूहिक कार्य एवं किसी व्यक्ति का कार्यक्रम उपयोग के लिए बड़ा ही सहायक सिद्ध होगी। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह काम होगा।

## न्यूज फटाफट

### बंसत बने प्रेस क्लब दारू के अध्यक्ष

**दारू :** हजारीबाग प्रेस क्लब हजारीबाग के निदेर्शानुसार शनिवार को प्रेस क्लब दारू इकाई का चुनाव बी डी जायसवाल महाविद्यालय झुमरा के सभागार में शांति एवम लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष पद पर बसंत नारायण सचिव महेश कुमार साव कोषाध्यक्ष रौशन सिन्हा उपाध्यक्ष बिनोद कुमार उपसचिव दिनेश कुमार केंद्रीय सदस्य भैया सुमित सिन्हा कार्यकारिणी सदस्य रंजीत कुमार , सुनील कुमार और रामविलास शर्मा निर्वाचित हुए । जिसमे अध्यक्ष पद के लिये मतदान प्रक्रिया की गई जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा था जिसमे कुल 15 मतों में 2 मतदाता अनुपस्थित रहे । कुल 13 मतों में बसंत नारायण को 9 मत और बालेश्वर प्रसाद को 4 मत प्राप्त हुआ । बाकी अन्य पद के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए । चुनाव प्रक्रिया 22 अगस्त से नामांकन फॉर्म बिक्री के साथ प्रारम्भ हुआ था जो शनिवार को निर्वाचित पदाधिकारीयो को सर्टिफिकेट वितरण के साथ समाप्त हुआ । प्रेस क्लब दारू इकाई से निर्वाचित पदाधिकारी के रूप में दयाल राम और पप्पू ठाकुर को मनोनीत किया गया था । जिनके सफल प्रयास से चुनाव प्रक्रिया संपन्न किया गया । चुनाव कार्य को लेकर प्रेस क्लब हजारीबाग से आये पर्यवेक्षक अमूलचंद्र पांडेय और कुणाल कुमार भारद्वाज हजारीबाग से चल कर पहुँचे । नव निर्वाचित अध्यक्ष बसंत नारायण ने कहा कि दारू इकाई के सभी पत्रकार को बहुत बहुत धन्यवाद की और कहा कि मुझे ये जिम्मेदारी सौपी है । मैं पत्रकारों के बीच आपसी साथ एवं सहयोग की भावना बनाने का प्रयास करूंगा । इस मौके पर प्रेस क्लब दारू इकाई के सभी पत्रकारगण उपस्थित थे ।

### विधायक जेपी पटेल के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम चेड़रा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा शनिवार को ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने के कारण यहां के लोग काफी परेशान थे और वह अपने परेशानी से लोकप्रिय विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को अवगत कराया था। विधायक के प्रयास से ट्रांसफार्मर तीन दिनों के भीतर लग गया जिससे लोगों में हर्ष है। विधायक इस समय प्रवास में है इस कारण जनता के हितों को देखते हुए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन स्थानीय प्रतिनिधियों के द्वारा तत्क्षण कर दिया गया।

### लाभुकों के बीच धोती साड़ी व लूंगी का वितरण

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के जन प्रणाली विक्रेता मोहम्मद शहजादा खान वारसी के द्वारा धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया मुख्य रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधि चेडरा पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी मौजूद रही ।मुन्नी देवी ने कहा राज्य सरकार की यह योजना धोती साड़ी व लूंगी आम जनमानस को काफी लाभ पहुंचा रही है इस योजना से गरीब लोग को काफी हर्ष का माहौल है मुन्नी देवी ने कहा की इस योजना से गरीबों का तन ढकने का काम सरकार कर रही है जो काफी अच्छी है मौके पर मुख्य रूप से लाभुक उपस्थित थे।

### मेगा लोक अदालत सह सशक्तिकरण शिविर

**हजरीबाग :** हजारीबाग डालसा हजारीबाग के तत्वावधान में रविवार को मेगा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन सभी प्रखंडों में किया गया है। 27 अगस्त को पूर्वाह्न 10 :30 बजे से शिविर आयोजित होगा। सदर प्रखंड के नगर भवन में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शिविर के दौरान प्री लिटिगेशन के मामले इसमें सभी प्रकार के सिविल एवं आपराधिक सुलहनीय योग्य मामले के अलावा न्यायालय में लंबित मामले सुलहनीय प्रकृति के मामले को स्थाई लोक अदालत के अधिवक्ता पैनल के मध्यस्थ, सदस्य आदि के माध्यम से वादों को निष्पादन के लिए पहल की जाएगी साथ ही आमलोगों को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के बारे में जागरूक भी किया जाएगा। इसके अलावा प्रखंड प्रशासन के द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जाएगा एवं लोगों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा।

### जमुनियाटांड़ में तीन लोग डायरिया से ग्रसित

**पीरटांड़ :** प्रखंड के जमुनियाटांड़ में तीन लोग एवं दर्दमारा में भी तीन लोग डायरिया से ग्रसित पाए गए है ।जिसमे जमुनियाटांड़ में ग्रसित तीन लोग का इलाज पीरटांड़ स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था, जिसमें एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वही दर्दमारा में जो लोग ग्रसित है। उनका इलाज घर मे ही किया जा रहा है। डायरिया से ग्रसित होने के बाद शनिवार को पीरटांड़ स्वस्थ्य विभाग जमुनियाटांड़ एवं दर्दमारा गाँव पहुँच कर स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया। कैम्प में लोगो का जांच किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए बीपीएम सरिता कुमारी ने बताया कि प्रखंड के जमुनियाटांड़ एवं दर्दमारा में तीन लोग डायरिया से ग्रसित है। जिनका इलाज किया जा रहा है। वही स्वास्थ्य विभाग की एक टीम उस गाँव मे जा कर लोगों का चेकप किया और उन्हें दवाइया भी दी। स्वस्थ्य विभाग के टीम में डॉ प्रमोद कुमार,जीतू कुमार,सनातन मंडल के अलावे स्थानिय सहिया शामिल थी।

### रौनियार वैश्य समिति के महिलाओं मंच ने किया भगवा गमछे का वितरण

**हजारीबाग :** हजारीबाग स्थानीय बुढ़वा महादेव मंदिर स्थित वैष्णो देवी मंदिर के प्रांगण में हजारीबाग रौनियार वैश्य समिति के महिला समिति के द्वारा बोल बम जाने वाले भाई बहनों एवं आम जनों को भगवा गमछा वितरण किया गया बताते चलें कि हजारीबाग रौनियार वैश्य समिति के द्वारा समाज के भलाई के लिए आम जनों के लिए इस तरह के बराबर कार्यक्रम चलाए जाते है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद गुप्ता, संयोजक शंकर लाल गुप्ता, सलाहकार विनय गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष रवि शंकर गुप्ता, डॉ सत्येंद्र लाल गुप्ता महिला मंच के अध्यक्ष रेनू गुप्ता, सचिव प्रभाग गुप्ता, उपाध्यक्ष रीना गुप्ता, सभी का सराहनीय योगदान रहा।

### श्रम अधिनियमों के प्रावधानों पर कार्यशाला का आयोजित

**हजारीबाग :** हजारीबाग 26 अगस्त को उप श्रमायुक्त कार्यालय, हजारीबाग में, श्रम अधीक्षक अनिल रंजन की अध्यक्षता में विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रमुख प्रावधानों से संबंधित जानकारी के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अस्पताल, दूकान प्रतिष्ठान, फैक्ट्री, विभिन्न स्कूल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936, बाल श्रम अधिनियम 1986, उपादान भुगतान अधिनियम 1972, ठेका मजदूर अधिनियम 1970, बोनस अधिनियम 1965, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, दुकान प्रतिष्ठान अधिनियम 1953 के प्रावधानों पर चर्चा किया गया एवं जानकारी दी गई। सभी संस्थानों के प्रतिनिधियों को विभिन्न श्रम अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों का पालन करने का निदेश दिया गया। आयोजित कार्यशाला में अध्यक्ष, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, आरोग्यम अस्पताल, न्यू सृष्टि दृष्टि नर्सिंग होम, हॉली कॉस स्कूल, माउन्ट फोर्ट स्कूल, संत रोर्बट स्कूल, आनंदा कॉलेज, श्रीमान श्रीमति प्रतिष्ठान, तनिष्क होटल कैनरी इन, स्वदेशी नेकस्ट, लॉकअप रेस्टोरेंट, आनंदिता स्टील, आदि के प्रतिनिधि के अलावा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देव कुमार मिश्रा ने भाग लिया। इस कार्यशाला को सफल बनाने में कार्यालय के कर्मचारी कुलदीप आनंद, रविकांत पाण्डेय, सूरज कुमार,नवीन प्रकाश हेम्ब्रम, सरिता कुमारी एवं प्रत्युष कुमार का विशिष्ट योगदान रहा।

प्रदेश >> अपडेट

## मासिक लोक अदालत का आयोजन

**पाकुड़ :** झालसा रांची के निर्देशानुसार आज 26 अगस्त 2023 को मासिक लोक अदालत कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वधान में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राकेश कुमार की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राधा कृष्ण,यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कमल प्रकाश की उपस्थित में सफल आयोजन किया गया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

## पाकुड़ डीसी की बनाई फेक व्हाट्सएप आईडी

**पाकुड़ :** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के नाम पर तस्वीर वाली फेक व्हाट्सएप आईडी बनाकर जिले के अन्य अधिकारियों से राशि की मांग करने का मामला प्रकाश में आया है। अपराधियों द्वारा उपायुक्त की आइडी से जिले के अधिकारियों से उपहार भी मांगे जा रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।साइबर अपराधियों द्वारा जिले के कई अन्य गणमान्य लोगों से भी संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। इन तमाम बातों की पुष्टि आधिकारिक रूप से उपायुक्त कार्यालय से की गयी है। फेक व्हाट्सएप आईडी का नंबर 8908296741 है और इसी नंबर से साइबर अपराधियों द्वारा अधिकारीयों या अन्य लोगों से संपर्क किया जा रहा हैं। इस संबंध में जिला उपायुक्त ने अपने अधिकारियों, शुभचिंतकों व आमजनों से अपील की है कि अगर इस व्हाट्सएप नंबर या किसी भी अन्य नंबर व अन्य किसी भी अनाधिकृत सोशल मीडिया के माध्यम द्वारा आपसे संपर्क किया जाता है, तो उनके झांसे में न आए और किसी भी प्रकार की कोई भी वातार्लाप न करें। इससे आपको वित्तीय जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा इस मामले की विधिवत सूचना पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ को उपलब्ध करवाई गई है।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित



**हरिहरगंज :** शहर के सतगावां रोड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस संबंध में विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रथम स्थान चतुर्थ कक्षा के रागिनी कुमारी,द्वितीय स्थान पर तृतीय कक्षा के चांदनी कुमारी, तृतीय स्थान पर चतुर्थ कक्षा के मोना कुमारी का चयन किया गया। जबकि विद्या मंदिर स्तर पर प्रथम स्थान सप्तम कक्षा के काजल कुमारी,द्वितीय स्थान अष्टम की निशु कुमारी एवं तृतीय स्थान के लिए नवम की करीना कुमारी को किया गया। कॉलोनी कहां की इसके अलावा भी स्कूल में कोई तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है जिससे कि छात्र-छात्राओं में प्रतियोगिता की भावना जागृत हो सके।

## दो दिवसीय एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन

**पाकुड़ :** स्थानीय विद्यालय डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में झारखंड सहोदया महासंघ, धनबाद के तत्वाधान में सत्र 2023-24 हेतु एक दो दिवसीय एकीकृत ऑफ लाइन शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सीबीएसई से अंगीभूत पाकुड़ जिले के प्राचार्य एवं लगभग 150 शिक्षक गणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के सभा भवन में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पाकुड़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल मौजूद रहे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस

कौशल जागरूकता सह मोबलाईजेशन कैंप का आयोजन

# वोटर चेतना अभियान के साथ वोटरों को जागरूक करेगी भाजपा



राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** भाजपा कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष राकेश नरोने जिला महामंत्री पकज सिंह भदौरिया और जिला मीडिया प्रभारी सचिन सुल्तानिया ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। जिला उपाध्यक्ष राकेश नरोने ने बताया कि भाजपा पूरे देश से लेकर राज्य स्तर पर नए मतदाताओं खासकर 18 वर्ष के सभी युवक युवतियों और भारत के प्रत्येक कर्तव्यनिस्ठ , जिम्मेदार नागरिकों के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित हो सके इसके लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा वोटर चेतना महाअभियान के रूप में सकारात्मक पहल की गई हैं। इसके तहत जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है या अन्य कोई परेशानी हो रही है ,भारतीय जनता पार्टी इसके समाधान करने के लिए तत्पर हैं।

18 वर्ष के मतदाताओं को जागरूक रहना है वोट देने का अवसर नहीं छोड़ना चाहिए। 18 वर्ष के मतदाता फॉर्म 6 भरे । इसके लिए एक फोटो, आधार कार्ड, जन्मतिथि का प्रमाण पत्र और पता के प्रमाण की स्वप्रमाणित प्रति लगाना अनिवार्य है। यदि कोई मतदाता सूची में अनधिकृत रूप से वोटर बन चुके हैं तो फॉर्म नंबर 7 भरा जाएगा। यदि आप अपने मतदाता विवरण में कोई सुधार करवाना चाहते हैं तो फॉर्म नंबर 8 भरे जिसमें मतदाता का पता भी चेंज हो सकता है। आप हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी संपर्क कर सकते हैं। और किसी तरह की कोई परेशानी होने पर मतदाता बंधु देवघर जिला के सभी बुथ में जाकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी ,बूथ ऐजेंट से संपर्क किया जा सकता है। 1 से 15 सितंबर तक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मंडल स्तर से लेकर शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक गांव में सभी घरों से मिट्टी को कलश में घर भर के मंगल कार्यालय तक लाना है। प्रत्येक गांव में 75 पौधे के साथ अमृत वाटिका लगाने का कार्य चलेगा। पुनः 3 से 13 अक्टूबर तक प्रखंड, मंडल स्तर पर पर कार्यक्रम मनाया जाएगा। प्रत्येक गांव से मिट्टी को लाकर रांची प्रदेश भेजा जाएगा। ये सभी कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मेरा माटी मेरा देश के तहत किया जा रहा हैं।

न्यूज फटाफट

## राकेश सिंह बने किसान ब्रिगेड के कानूनी सलाहकार



**पलामू :** किसान ब्रिगेड कोर कमेटी के द्वारा हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में किसानों के विभिन्न समस्याओं से संबंधित सहायता प्रदान करने हेतु प्रखंड स्तर पर कानूनी सलाहकारों की नियुक्ति की है। जिसके तहत हुसैनाबाद में अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह को किसान ब्रिगेड हुसैनाबाद का कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया है। इस बात की जानकारी किसान ब्रिगेड प्रवक्ता रवि रंजन कुमार सिंह अनुमंडलीय अध्यक्ष लाल धन ठाकुर सचिव सुधीर कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी। प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह ने कहा कि हमारे यहां किसान छोटे छोटे कागजी काम को लेकर कार्यालयों का चक्कर काटते रहते हैं। जानकारी के अभाव में उन्हें दर-दर भटकना पड़ता है। इस बात को हम सभी ने हमारे संगठन के संरक्षक कर्नल संजय सिंह के संज्ञान में लाते हुए उनके सामने कानूनी सलाहकार नियुक्ति का प्रस्ताव रखा,जिस पर उन्होंने अपनी सहमति दी। जिसके फल स्वरुप आज हुसैनाबाद में कानूनी सलाहकार को नियुक्त किया गया है। प्रत्येक रविवार को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किसान ब्रिगेड कार्यालय हुसैनाबाद पर क्षेत्र के सभी किसानों को मुफ्त में कानूनी सलाह दी जाएगी। अपनी नियुक्ति पर अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह ने खुशी जताते हुए किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह सहित संगठन के सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि किसान ब्रिगेड ने अच्छी पहल की है। जिससे घरेलू हिसा का शिकार हो रही महिलाओं को, गरीब किसानों को जमीन संबंधी, बिजली तथा अन्य स्थानीय समस्याओं संबंधि मुफ्त कानूनी मदद प्रदान की जा सकेगी। किसान ब्रिगेड के कानूनी सलाहकार नियुक्त होने पर संरक्षक कर्नल संजय सिंह कुंड बांध समिति अध्यक्ष बुटन यादव स्थानीय किसान बद्रीनारायण सिंह सहित किसान ब्रिगेड के सभी सदस्यों ने अधिवक्ता राकेश सिंह को बधाई दिया है।

## जर्जर मतदान केंद्र बदलेंगे : उपायुक्त



राष्ट्रीय खबर

**गोड्डाः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ए दोड्डे की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में समाहरणालय सभागार में राजनैतिक दल के प्रतिनिधि के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में आगामी लोकसभा 2024 एवं एसएसआर- 2024 के आलोक में जर्जर भवन/ध्वस्त भवन को बदलने हेतु जिला स्तर पर राजनैतिक दलों की सहमति एवं अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें 10 दुमका (अ.ज.जा)के -12 मतदान केंद्र, 11 जामा (अ.ज.जा) के 2 मतदान केन्द्र तथा 12- जरमुंडी के 4 मतदान केंद्र के भवन जर्जर/ध्वस्त होने के कारण बदलने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित सभी लोगों को हाउस टू हाउस सर्वे कार्यो में बारे में अवगत कराते हुए उक्त कार्यों में अपेक्षित सहयोग हेतु अनुरोध किया गया।

उपस्थित सभी राजनीतिक दलों द्वारा इस कार्य में सहयोग हेतु आश्वासन दिया है। उपायुक्त ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति वह अपने स्तर से सुनिश्चित करें। ताकि मतदाता सूची में त्रुटि ना हो। साथ ही उपायुक्त द्वारा यह भी जानकारी दिया गया कि जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने वाले है वैसे सभी नागरिकों का प्रपत्र - 6 के माध्यम से नाम दर्ज करने, किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए प्रपत्र-8 भरने तथा मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए प्रपत्र - 7 का प्रयोग होता है। बैठक में अपर समाहर्ता राजीव कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी अशोक दास, निर्वाचन विभाग के कर्मी एवं अन्य उपस्थित थे।

## शिव मंदिर प्रांगण में भव्य रुद्राभिषेक व भंडारे का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर :** हुसैनाबाद प्रखंड के बेनी खुर्द गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भव्य रुद्राभिषेक व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रुद्राभिषेक में मुख्य यजमान के रुप में भाजपा नेता ललन कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी मनोरमा सिंह, विनय कुमार सिंह, चंदन कुमार सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह, नागेंद्र प्रसाद सिंह,कृत सिंह, सुनील सिंह, कृष्णा सिंह,रविन्द्र सिंह,वरुण सिंह, नरेन्द्र सिंह,अशोक सिंह, ओमप्रकाश सिंह उर्फ झुन्ना सिंह, राजेश कर्ण, अखिलेश कुमार सिंह के अलावे सैकडों श्रद्धालु शामिल थे। रुद्राभिषेक करा रहे विद्वान पंडित आचार्य अषेश नाथ त्रिवेदी, चंद्रकांत तिवारी, अमीत पाण्डेय, संतोष उपाध्याय ने धारा प्रवाह वैदिक मंत्रोच्चारण से अभिषेक कराया। रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता ललन कुमार सिंह व उनकी धर्मपत्नी मनोरमा सिंह द्वारा कराया गया था। इस संबंध में ललन कुमार सिंह ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करना काफी महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि बेनी खुर्द गांव मे ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर परिसर में सभी देवी देवताओं का पूजन संपन्न कराया जाता है। उन्होंने कहा कि तीन मई 2023 को बागेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग का प्राणप्रतिष्ठा श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न कराया गया था। जिसके बाद से उक्त मंदिर में लगातार तीसरी बार रुद्राभिषेक किया गया। शिव मंदिर परिसर में स्थित मां भगवती मंदिर, सती मंदिर व हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। सम्पूर्ण पूजा अनुष्ठान की समाप्ति के पश्चात मनोरमा सिंह के भाई संतोष कुमार सिंह के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण कर प्रफुल्लित हुए। अंत में सभी विद्वान पंडितों को अंग वस्त्र एवं दक्षिणा के रूप में नकद राशि देकर विदा किया गया।

## कौशल जागरूकता सह मोबलाईजेशन कैंप का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**गोड्डाः** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के अंतर्गत कौशल विभाग, गोड्डा कौशल जागरूकता-सह-मोबलाईजेशन कैम्प का आयोजन शनिवार को पथरगामा प्रखंड परिसर में, प्रखंड प्रमुख अवधेश प्रसाद साह, प्रखंड विकास पदाधिकारीअमल, उप्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।मौके पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण का प्रचार-प्रसार हेतु 02 दिनों के लिए जागरूकता रथ को जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा हरी झड़ी दिखा कर रवाना किया गया?। महात्मा गांधी राष्ट्रीय फेलो, गोड्डा द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत संचालित कौशल केंद्र में विभिन्न ट्रेडों दिए जा रहे कौशल प्रशिक्षण के बारे में बताया गया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत निजी क्षेत्र में रोजगार मुहैया करना एवं स्वरोजगार हेतु सहयोग प्रदान करने के बारे में बताया गया। साथ ही, बताया गया कि यदि कौशल विकास प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत किस कारणवश युवक एवं युवतियाँ रोजगार से नहीं जुड़ पाते है तो प्रशिक्षण पूर्ण होने के 03 माह पश्चात युवकों को 1000 रुपया प्रति माह एवं युवतियों एवं अन्य को 1500 रुपया प्रति माह वित्तीय सहायता झारखण्ड सरकार द्वारा अधिकतम एक वर्ष के लिए दी जाएगी।

वहीं गैर-आवासीय बिरसा प्रशिक्षण केंद्र में युवक -युवतियों को आने-जाने के लिए 1000 रुपया प्रति माह यात्रा भत्ता का भी प्रावधान है। एरोसोफ्ट हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड एवं एक्सेल डाटा सर्विसेस, गोड्डा के प्रशिक्षण प्रदाता प्रतिनिधि द्वारा संचालित विभिन्न ट्रेडों में शैक्षणिक योग्यता के अनुसार निः शुल्क दिए जा रहे कौशल प्रशिक्षण जैसे - डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर, टेलरिंग, हेल्थकेयर, जेनेरल ड्यूटी असिस्टेंस, असिस्टेंस एलेक्ट्रिसियन इत्यादि के बारे में बताया एवं प्रशिक्षण केंद्र में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि लोगों को मुख्यमंत्री सारथी योजना के बारे बता कर कौशल विकास से जोड़ने का कार्य करें ताकि युवाओं इस योजना से लाभान्वित हो सके। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदात्ता एरोसोफ्ट से यसवंत कुमार वर्मा, अल्फ्रेड, एक्स्सेल डाटा सर्विस से अमित कुमार,श्रमिक मित्र जय प्रकास यादव, श्रवण साह सहित अन्य प्रतिनिधिगण, प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## एबीवीपी ने संग्राम लोढ़िया स्कूल में चलाया सदस्यता अभियान



राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** एबीवीपी नगर इकाई द्वारा पहली बार संग्राम लोढिया स्कूल परिसर में सदस्यता अभियान चलाया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम और भारत माता के नारों के साथ राष्ट्रभक्ति की भावना से उद्घोष किया । इस अवसर पर विभाग छात्रा प्रमुख खुशी देव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसमे ज्यादा से ज्यादा छात्र को जुड़ना चाहिए व्यक्ति निर्माण के साथ साथ राष्ट्र के पुनः निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं । एबीवीपी शिक्षा व सामाजिक और राष्ट्रीय क्षेत्रों में कार्य करने वाली दुनियां का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। छात्र शक्ति राष्ट्र शक्ति है यह विचार यह मंत्र देकर छात्र शक्ति में राष्ट्रवाद एवं सामाजिक संवेदना के गुणों का विकास करना अपना लक्ष्य है ।शैक्षणिक परिसरों में समस्याओं के निवारण हेतु योजना बनाकर कार्य करना होता है ।अभाविप रचनात्मक,आंदोलनात्मक और क्रियात्मक दृष्टिकोण से कार्य करती है। एबीवीपी का मुख्य उद्देश्य है समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का और उन में राष्ट्रवादी भावना भरने का। इस अवसर पर अभाविप के कार्यकर्ता तनुजा मिश्रा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान में छात्र व छात्रा और शिक्षक तीनों शामिल होकर एक शैक्षिक परिवार की अवधारणा में विश्वास रख कर कार्य करती है। मौके पर सेंकरों छात्र व छात्राओं ने अभाविप सदस्यता अभियान में हिस्सा लिया ।

## मध्यान भोजन में हेरा फेरी करने वाले प्रभारी प्रधानाध्यापक को किया जाएगा निलंबित :उपायुक्त




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** उपायुक्त ने कहा मध्यान भोजन योजना में लापरवाही व कोताही बरतने वाले हर हाल में नपेंगे। मध्यान भोजन के चावल के हेरा फेरी मामले में उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामचंद्रपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक ललित कुमार मंडल को उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरणवाल के निर्देश पर निलंबित कर दिया गया है।

जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज ने बताया कि 24/08/2023 को दूरभाष पर सूचना मिली कि छात्र के माध्यम से मध्यान भोजन का चावल चोरी करने का प्रयास प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों के पास सूचना के आधार पर स्थलीय जांच किया गया। जांच के क्रम में पाया गया की छात्र के माध्यम से उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामचंद्रपुर के प्रभारी प्रधान अध्यापक श्री ललित कुमार मंडल के द्वारा चावल चोरी की गई है।

जांच के क्रम में यह भी पाया गया कि दिनांक 21/08/2023 से 23/08/2023 तक विद्यालय में मध्यान भोजन संचालित किए बिना उक्त अवधि का २२ पोर्टल में विभाग को गुमराह कर मिथ्या प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि विद्यालय संचालन में कोताही बरतने का आरोप प्रथम दृष्टि में सही पाया गया है। जांच के बाद उपायुक्त ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामचंद्रपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री ललित कुमार मंडल को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। साथ ही निलंबन अवधि में मंडल मुख्यालय प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेशपुर-1 निर्धारित किया गया है। निर्धारित मुख्यालय में योगदान के पश्चात नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी हाल में इस तरह के कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मध्याह्न भोजन योजना में किसी भी प्रकार की कोताही अथवा लापरवाही अक्षम्य होगी। मध्याह्न भोजन योजना लापरवाही व कोताही बरतने वाले हर हाल में नपेंगे।

## पशुपालकों के बीच दवाओं का वितरण

राष्ट्रीय खबर

**पलामूः**प्रखंड क्षेत्र में पशुओं में लम्पी ,सूजन सहित बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है,जिला पार्षद अश्विनी कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह के पहल पर बीमारी की रोकथाम और उनसे बचाव के लिए महीनों से परेशान पशुपालकों के बीच दवाओं के वितरण को लेकर शनिवार से पंचायत सचिवालयों में 3 दिवसीय शिविर लगाया गया है।पहले दिन पंसा में 45, कादलकुर्मी 63, कोल्हुआ-सोनबरसा 24 और लटपौरी में सर्वाधिक 112 सहित कुल 244 पशुपालकों में दवाओं का वितरण किया गया। शनिवार को पंसा में जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, एआई टेक्नीशियन संतोष मेहता, लटपौरी में अभिषेक यादव, मुखिया उमेश राम, कोल्हुआ-सोनबरसा टेक्नीशियन राजेंद्र विश्वकर्मा और कादलकुर्मी पंचायत सचिवालय में एआई टेक्नीशियन धर्मेंद्र राम व मुखिया अनिता देवी ने दवाओं का वितरण किया। 27 को रामबांध, गोड़ाडीह, भजनियां, मोहम्मदगंज, सुदूरवर्ती माहुर में और 28 अगस्त को प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सा केंद्र में शिविर लगाकर दवाओं का वितरण किया जाएगा। जिला पार्षद प्रतिनिधि ने पशुपालकों से इन शिविरों में पहुंचकर दवाओं को प्राप्त करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पूरे हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में एकमात्र पशु चिकित्सक डा. शाहिद इकबाल प्रतिनियुक्त हैं। जिनके जिम्मे हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के अलावा मोहम्मदगंज और हैदरनगर प्रखंड स्थित पशु चिकित्सा केंद्र का प्रभार है।

## शहर >> अपडेट

### गोली मार कर हत्या

**कुडू:** थाना क्षेत्र से सटे चंदवा थाना क्षेत्र के जमवारी गांव निवासी प्रद्युमन यादव को गोली मार कर हत्या कर किया गया घटना को अंजाम हथियारबंद दो अपराधियो ने दिया अंजाम,अपराधियो ने घर से बाहर बुला कर दो गोली मार जंगल की ओर हुए फरार, घटना की सूचना पर कूडू थाना प्रभारी विश्वजीत कु . सिंह घटना स्थल पहुंच कर प्रद्युमन को कुडू अस्पताल लाया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित किया।

## सिटी अपडेट्स >>

### सद्भावना मंच के तत्वधान में फुटबॉल मैच का आयोजन

**कुडू:** प्रखंड के सलगी पंचायत मे युवा सद्भावना मंच कुडू के द्वारा फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमे सलगी एवं असनपनी की टीम ने भाग लिया। इस मैच में दोनों टीमो के बीच हुई कांटे की टक्कर में कोई भी टीम मैदानी गोल नही कर सकी। जिसके बाद टाई ब्रेकर में असनापानी की टीम ने सलगी को 4 के मुकाबले 5 गोल दाग कर जीत अपने नाम कर लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू मनोरंजन कुमार, पंचायत के मुखिया, पंचायत के स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता लाल विकास शाहदेव, पंकज उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायत भवनों का मरम्मती एवं रंग रोगन कार्य का हुआ शिलान्यास

**सतगावां:** प्रखण्ड के विभिन्न पंचायत भवनों का सुदृढ़ीकरण कार्य का जिला परिषद कोडरमा से निविदा निस्तारण के उपरान्त शनिवार को जिला परिषद के अध्यक्ष रामधन यादव तथा जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी ने छह पंचायत भवनों के कार्य का शिलान्यास फीता काट कर और नारियल फोड़कर किया। प्रखण्ड पंचायत भवन के मीरगंज, माधोपुर, टेहरो, नावाडीह, अम्बाबाद, खुट्टा का शिलान्यास हुआ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सुकर शेड का मामला पहुंचा उपप्रमुख के पास



**हेरहंज:** प्रखण्ड कार्यालय में मनरेगा कर्मियों के द्वारा जी ओ टैक में अवैध उगाही करने का मामला आया प्रकाश में ।मामला रुकमणि देवी का सुकर शेड निर्माण का है ।शूकर शेड का जीवो टैक छोड़ने के नाम पर 4000 रुपये की मांग की गई थी ।जिसका रिकॉडिंग भी लाभुक के पति के द्वारा किया गया ।प्रखण्ड क्षेत्र के कई लाभुको के द्वारा भी अत्यधिक पैसे की मांग लगातार की जा रही थी ।जिसकी शिकायत लाभुक लगातार उप प्रमुख के पास कर रहे थे ।शेड का मामला उजागर होने के बाद उपप्रमुख विजय उरांव को इसकी सूचना दी गई ।उन्होंने जूनियर इंजीनियर नरेश प्रजापति को भी अपने चेम्बर में बुलाया व पूछताछ किया ।लाभुक के पति रंजीत गंझू ने भी सारी बाते उपप्रमुख को बताया व रिकॉर्डिंग सुनाया ।साथ ही उपस्थित कई लाभुको ने भी मौके पर बतलाया कि एक टी सी बी का जीओ टैक छोड़ने के नाम पर 3000 रुपया जे ई के द्वारा लिया जाता है ।जे ई का पब्लिक के साथ भी अच्छा व्यवहार नही है ।जिसपर उपप्रमुख विजय उराँव ने कहा कि इस तरह से ब्लॉक स्टॉप के द्वारा अवैध उगाही करना सरासर गलत है ।अगर ऐसा रवैया है तो हमलोग जिला प्रशाशन को इस सम्बंध में अवगत कराएंगे व ऐसे कर्मियों के ऊपर करवाई करने की मांग करेंगे ।जिससे हेरहंज प्रखण्ड के लाभुक मनरेगा योजना में लूट का शिकार न हों।

**बैठक** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा

# हेमंत सरकार को गद्दी छोड़ देना चाहिये

- लूट, झूठ और भ्रष्टाचार चरम पर
- भ्रष्ट और फ्रॉड करने वाली परिवार का सत्ता में रहना दुर्भाग्यपूर्ण

राष्ट्रीय खबर



**पेटरवार :** पेटरवार स्थित न्यू प्रभात होटल में आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कार्यकताओं के साथ एक बैठक किया। मुर्मू ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लूट, झूठ,भ्रष्टाचार हेमंत सरकार को अब गद्दी छोड़ देना चाहिए। क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोरेन परिवार के खिलाफ जो जमीन खरीद- बिक्री की डीड के मामले को मीडिया के समक्ष सार्वजनिक किया है। वह बिल्कुल एक अपराधिक मामले की पुष्टि करता है। गंभीर फ्रॉड का मामला बनता है। जिसमें सोरेन परिवार ने अपना नाम, पिता का नाम और स्थान आदि का नाम बदलकर करीब 100 डिड बनाए हैं। ऐसी स्थिति में एक भ्रष्ट और फ्रॉड करने वाली परिवार द्वारा संचालित सरकार यदि जनता और जनतंत्र पर जबरन काबिज रहती है तो यह बिल्कुल दुर्भाग्यपूर्ण और राष्ट्रहित के खिलाफ होगा। आदिवासी सेंगेल अभियान इसका विरोध करती है और मांग करती है की हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ें। पहले इस मामले पर जांच हो, अभिलंब कार्रवाई हो अन्यथा आदिवासी सेंगेल अभियान जनहित में एक जनहित याचिका दायर करने के लिए बाध्य होगी है। झारखंड के आदिवासियों के लिए दुर्भाग्य है कि सोरेन परिवार ने पहले झारखंड को कांग्रेस के हाथों 3.50 करोड़ रुपयों में बेचा। अब 5 जनवरी 2023 को मरांग बुरु (पारसनाथ पहाड़) अर्थात आदिवासियों के ईश्वर को जैनों के हाथों बेचा। खुद सीएनटी और एसपीटी कानून का उल्लंघन कर महान वीर शहीदों के सपनों को तोड़ने का भी काम कर रहा है। राष्ट्रीय मान्यताप्राप्त संताली भाषा को अपमानित करता है। वायदों के साथ वादाखिलाफी करता है। आदिवासियों के नाम पर सोरेन परिवार केवल स्वार्थ की राजनीति कर रहा है। बैठक में आदिवासी सेंगेल अभियान के केन्द्रीय संयोजक सुमित्रा मुर्मू, प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू सेंगेल सरना धर्म प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार मुर्मू बोकारो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता सोरेन रामगढ़ जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष उलेश्वारी हेम्ब्रम जारीडीह प्रखंड अध्यक्ष संतोष मुर्मू परगना रामकुमार टुडू पेटरवार प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश कुमार टुडू संयोजक संजय कुमार टुडू निखिल बास्के सुशील किस्कू बिशेश्वर मुर्मू राजाराम बास्के रिझू मुर्मू बहामुनी मुर्मू आदि लोग शामिल थे।

## जिम्मेदारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** हमर गांव हमर जिम्मेदारी को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें स्वावलंबी गांव के विभिन्न चरणों में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें स्वावलंबी गांव को देख रहे सामाजिक संगठन प्रदान के प्रोजेक्ट हेड के द्वारा स्वावलंबी गांव में किये जा रहे कार्यों को विस्तार से बताया। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिये कि अपने अपने विभाग में संचालित राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव में लाभुकों को अच्छादित करें ताकि उनके आजीविका का साधन का विकास हो। साथ ही जल संरक्षण के लिए पौधारोपण का कार्य करें। प्रदान द्वारा बताया गया कि 10 गांवों में मल्टी लेयर फार्मिंग की शुरूआत की गयी है। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीक प्रसाद, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य मौजूद रहे।

## बालूमाथ के जनता जंगली हाथियों के झुण्ड से परेशान



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत धाधु पंचायत के भैसादोन ग्राम में बीते रात 9 बजे के आस पास 13 के संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने तबाही मचाते हुए बिंदेश्वर यादव पिता लुरुक यादव उम्र 60 करीब का मकान को पूरी तरह से ध्वस्त करते हुए घर में रखे सारे सामान बर्तन अनाज पलंग बक्सा महुआ चावल इत्यादि की को चाट कर सामान को तोड़ फोड़ दिया जिससे पीड़ित को लाखो का नुकसान हो गया पीड़ित परिवार ने वन विभाग को अपने नुकसान दिखाते हुए कहा की इस बारिश के मौसम में कहा अपना सर चुपाएंगे। भुखे सोने की भी नौबत आ गए है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुहवाहा घटना स्थल पर पहुंच के नुकसान का जायजा लेकर वन विभाग एवम सरकार से मांग करते हुए कहा की पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द पक्का मकान एवम खाद्य पदार्थ जल्द मुहाया कराया जाए ताकि गरीब परिवार अपना गुजारा कर सके। साथ ही साथ धाधु के भगत टोला में भी हथियो ने आतंक मंचाते हुए 4 घरों को तोड़ दिया जिसमे पीड़ित सतीश भगत पिता सुनील भगत, फूलन भगत पिता मिचु भगत , भद्दू ओरांव पिता तुरी ओरांव 4 तेतरा ओरांव पिता तुरी ओरांव को भी लाखों का नुकसान कर दिया। लक्ष्मण कुशवाहा ने वन विभाग को इस नुकसान की भरपाई जल्द करने को कहा। मौके पर भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दसरत टाकुर पंचायत अध्यक्ष बिनोद यादव भाजयुमो मंडल महामंत्री पवन यादव बसंत कुशवाहा मुकेश यादव सागर भुइया बिंदेश्वर यादव लड्डू यादव हरी यादव पंकज यादव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्टूडेंट्स लेड कांफ्रेंस का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** झुमरी तिलैया स्थित द रामेश्वर वैली स्कूल मे स्टूडेंट्स लेड कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। शनिवार को सभी कक्षाओं के छात्रों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों ने बखूबी अभिभावकों के समक्ष अपने आप को शिक्षकों के रूप मे प्रस्तुत करते हुए विषय वस्तु को रखा व समझाया। बच्चों ने टी ल अम, 3 डी मॉडल, चार्ट पेपर, टैब और एलइडी का इस्तेमाल कर अभिभावकों को पढ़ाया। स्कूल की प्राचार्या रश्मि प्रवीण बरनवाल ने कहा कि इस तरह के अनुसंधान से छात्र अपनी प्रगति और सीखने सिखाने की क्षमता विकसित करते हैं। लीड पावर्ड विद्यालय का यह मानना ??है कि सीखने को दृश्यमान होना चाहिए और छात्रों को अपनी प्रगति को स्पष्ट करने और सवालों के जवाब देने में सक्षम होना चाहिए। विद्यालय का सारा ध्यान छात्रों की उपलब्धि में सुधार लाने पर है। इस आयोजन को लेकर माता-पिता की प्रतिक्रिया जबरदस्त थी क्योंकि वे उस वैचारिक सीख से सुखद व आश्चर्यचकित थे जिसके द्वारा छात्रों ने अपनी शैक्षणिक प्रगति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे स्कूल के शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई। साथ ही छात्रों ने भी बहुत ही अच्छे तरीके से अपने जानकारी को अभिभावकों के समक्ष साझा किया। छात्रों मे आराध्या, श्रीयांशी, रोनित, पियूष, सौरभ, श्रेयांश मोदी, श्रीनिका मोदी, दीपशिखा, कुमार वैभव, आर्या नारायण, अनिक, नमिश, निशिकेत,तेजस तिवारी, तन्मय, निपुण, आयुस, अयान खान, कीर्ति, निधि, विद्या कुमारी, पलक, मुश्कान, प्रिन्स आदि ने अपना अपना बेहतर योगदान दिया। स्कूल के शिक्षक अनिल, विकास, सागर, आकाश, सुदय, सूर्यनारायण, शिक्षिका एकता, पूनम, दिव्या, श्रुति, अनु, शीतल, प्रीती, श्रीस्टि, मनाली, सीमा, साची, ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे अहम भूमिका निभाई।

## तीन अलग-अलग मामलों में नौ आरोपियों को भेजा गया जेल



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिले के तिलैया पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में कुल नौ आरोपियो को हिरासत में लिया है। इन सबों को शनिवार को कोडरमा जेल भेज दिया गया। जेल भेजे गए आरोपियों में चार युवकों पर दो नाबालिग बच्चों का अपहरण कर फिरौती मांगे जाने का आरोप था। जबकि चार युवक बेल टूटने के मामले में तथा एक युवक नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में जेल भेजा गया। तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि इसमें नाबालिग बच्चों के अपहरण कर फिरौती मांगे जाने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के मोबाइल लोकेशन के आधार पर रांची पटना रोड स्थित वैशाली प्रेस के निकट से कैप्टन आनंद के चीयर्स आइस फैक्ट्री से चार युवकों को पकड़ा। पहले तो आरोपियों ने इस मामले में अनभिज्ञता जाहिर की। फिर पुलिस ने जब तलाशी ली तो फैक्ट्री के एक बंद कमरे से दो नाबालिग को बरामद किया गया। जेल भेजे गए आरोपियों में राजन कुमार (31), अभय कुमार (29), दोनों के पिता अविनाश कुमार तथा राकेश कुमार (38) एवं राजू कुमार (45) दोनों के पिता शिव कुमार साव पता अंबेर, बिहार शरीफ, जिला नालंदा के नाम शामिल है।

**आयोजन** शिक्षित व जागरूक होकर ही विकसित राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है

# सरस्वती विद्या मंदिर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वधान में शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर ब्लॉक रोड में चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रमेश उपाध्याय ने किया। जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एलडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षित व जागरूक होकर ही विकसित राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना जरूरी है ताकि उसका चरित्र निर्माण हो सके। श्री ओझा ने कहा कि कानून की जानकारी हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साधन के अभाव में कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है ताकि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक न्याय की किरण पहुंच सके। उन्होंने पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल तस्करी, महिला प्रताड़ना सहित कई कानूनों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। वही रणजीत सिंह ने डीएलएसए द्वारा चलाए जा रहे हैं कई कार्यक्रमों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वैसे लोगों के लिए सरकारी अधिवक्ता मुहैया कराए जाते हैं। अधिवक्ता अश्विनी शरण ने आईटी एक्ट से संबंधित कानून की जानकारी दी। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश उपाध्याय ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि शिक्षा से ही देश का समांगीण विकास संभव है।

## न्यूज फटाफट

### जयनगर में खुशबू ब्यूटी पार्लर का हुआ उद्घाटन



**जयनगर:** प्रखंड जयनगर प्रखंड कार्यालय के सामने खुशबू ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। पार्लर संचालक चंद्रिका राम के द्वारा इस तरह का पार्लर खोलने से महिलाओं को शादी या अन्य कार्यक्रमों में कहीं बाहर नही जाना पड़ेगा। मौके पर जयनगर पश्चिमी पंचायत के मुखिया मरियम खातून, महावीर यादव, देवनारायण यादव, पवन सिंह, सुरेश यादव, अनिल यादव, इसहाक अंसारी, विजय गुप्ता, रामकृष्ण यादव, सुभाष यादव, अजय यादव, विनोद आनंद, खगेन्द्र राम, रामप्रसाद धोबी, हरिशंकर सिंह आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### मां और पत्नी की चीत्कार से गांव का माहौल हुआ गमगीन

**पेटरवार :** पेटरवार सड़क दुर्घटना में मृत पेटरवार के चरगी गांव निवासी स्व राजेश महतो के पुत्र धनंजय कुमार महतो (22 वर्ष) का सड़क दुर्घटना में हुई मौत हो गई रामगढ से पोस्टमार्टम कराकर शनिवार को जैसे ही शव गांव पहुंचा वैसे ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। एकलौता पुत्र का शव देखते ही विधवा मां और पत्नी की चीत्कार से गांव का माहौल काफी गमगीन हो गया था। परिजनों ने मृतक युवक का अंतिम संस्कार शनिवार को चरगी गांव स्थित अम्बागढा श्मशान घाट पर कर दिया। अपने एकलौते कमाऊ पुत्र की लाश को देखकर विधवा मां कुंती देवी और पत्नी आरती देवी बार-बार बेहोश हो जा रही थी। बताया जाता है। कि युवक शुक्रवार की रात्रि में एक बाइक पर सवार होकर हजारीबाग जिले के तापिन से अपने घर चरगी आ रहा था उसी दौरान रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर के पास रात्रि साढ़े 8 बजे एक वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिसके कारण उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी थी।

### रेलवे लाइन के किनारे से मिला शव, शिनाख्त नहीं

**कोडरमा:** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत मोरियावां में रेलवे लाइन के किनारे एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शव पोल संख्या 391/5 के पास मिला है। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष होगी। जानकारी के अनुसार, वहां से गुजर रहे लोगों ने सुबह 6 बजे शव को देखा। इसके बाद उन्होंने जीआरपी और आरपीआफ को जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गयी। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी है।

### कोडरमा के नवलशाही और महेशपुर हाल्ट मूलभूत सुविधाओं से है वंचित



**डोमचांच:** धनबाद रेल मंडल के कोडरमा, मधुपुर रेल खंड के नवलशाही और महेशपुर हाल्ट पर यात्री सुविधा कई वर्षो से वंचित है। दोनों हाल्टो मे शौचालय बंद है। जल, लाइट का भी ठिकाना नहीं है। साथ हीं यात्रियों के उतरने के लिए भी प्लेटफार्म की सुविधा नहीं है। महेशपुर हाल्ट के आसपास के लोगों ने बताया कि यात्री बिना टिकट के सफर करते हैं। रेल अधिकारियों द्वारा यात्रियों को जागरूक करना चाहिए। इधर गिरिडीह कोडरमा वाया हजारीबाग होते हुए रांची तक का 12 सितंबर को रांची इंटरसिटी ट्रेन का उद्घाटन होना है। जिसे लेकर लोगों मे उत्साह तो है परंतु दूसरी ओर यात्री सुविधा नहीं होने के कारण लोगों मे रोष भी है।

### नेशनल आयुष मिशन के तहत हर्बल पौधा रोपण एवं वितरण



**जयनगर:** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में नेशनल आयुष मिशन झारखंड के तहत जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी के निदेशानुसार जयनगर प्रखंड के आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जयनगर के डॉक्टर संदीप कुमार के द्वारा आयुष ग्राम तरवन, आंगनबाड़ी केंद्र तरवन, जयनगर पश्चिम पंचायत सचिवालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर में हर्बल पौधारोपण किया एवं तरवन के ग्रामीणों के बीच घर-घर जाकर हर्बल पौधा वितरण किया। जिसमें जामुन, पपीता, अर्जुन, अनार, आंवला आदि पेड़ का वितरण किया। डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि 28 अगस्त को हर्बल पौधा शमार्टांड एवं इरगोबाद में लगाया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ. अंकिता कुमारी, डॉ. आलम, डॉ. तौशिक, डॉ. प्रियंका, डॉ. आलोक, सहिया प्रिया देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने मवेशी लदे पांच ट्रक को पकड़ा

**कोडरमा:** कोडरमा थाना अंतर्गत बागीटांड़ के समीप से शुक्रवार की रात कोडरमा पुलिस ने पांच ट्रको में क्षमता से अधिक लदे मवेशियों को पकड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार वाहनों से लोड मवेशियों को उत्तर प्रदेश के दिलदार नगर से पश्चिम बंगाल लेकर जा रहे थे। इसी दौरान कोडरमा पुलिस ने गुप्त सूचना पर बागीटांड के समीप पहले दो ट्रक को रोका। जिसकी जांच में ट्रक पर क्षमता से अधिक मवेशी लोड पाए गए, वहीं इसके बाद पीछे से आ रहे तीन और ट्रकों की जांच करने पर उसमें भी क्षमता से अधिक मवेशी पाए गए। प्रत्येक ट्रक में 15 से अधिक मवेशी और उनके बच्चे बरामद किए गए हैं। फिलहाल कोडरमा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इधर कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि सभी वाहनों में लोड जानवरों के बाबत कागजात की जांच की जा रही है।

### एसबेस्टस तोड़ मोबाइल सहित अन्य उपकरणों की चोरी

**कुडू :** कुडू थाना अंतर्गत कृषि फार्म के समीप स्थित रॉयल मोबाइल नामक दुकान का एसबेस्टस तोड़कर आज्ञात चोरों ने हजारों रुपए के मोबाइल फोन और उपकरण की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार रॉयल मोबाइल दुकान के मालिक इमामुद्दीन अंसारी रोज की तरह गुरुवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए। शुक्रवार की सुबह जब उन्होंने दुकान खोला तो देखा कि घर की छत टूटी हुई है। छानबीन करने पर पता चला कि दुकान से मोबाइल फोन और कई उपकरण गायब हैं। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत कुडू थाना में की है।

## न्यूज फटाफट

### पीसीबी के मेहमान बनकर पाकिस्तान जायेंगे बिन्नी, शुक्ला




**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एशिया कप की मेजबानी के उपलक्ष्य में पीसीबी के मेहमान बनकर पाकिस्तान जायेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से शनिवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष जका अशरफ ने 15 अगस्त को बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को निमंत्रण भेजा था। बीसीसीआई सहित भाग लेने वाली टीमों के सभी शीर्ष बोर्ड सदस्यों ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। दो सितंबर को श्रीलंका के पाल्लेकेले स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मैच के एक या दो दिन बाद बिन्नी और राजीव शुक्ला वाघा बॉर्डर होते हुए लाहौर जायेंगे, जहां वे एक रात्रिभोज में शामिल होंगे। गौरतलब है कि बीते कुछ महीनों में दोनों बोर्ड कई विषयों पर एक-दूसरे से बरहम रहे हैं, हालांकि पीसीबी ने हाल ही में अपनी टीम को एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारत आने की मंजूरी देकर तनाव कम करने की ओर कदम बढ़ाया था। रिपोर्ट के अनुसार, इस यात्रा पर संबंधित बोर्ड प्रमुखों के बीच कोई आधिकारिक बैठक नहीं होने वाली है। बिन्नी और शुक्ला अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान तीन या पांच सितंबर को गद्दाफी स्टेडियम में एक मैच भी देख सकते हैं। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से मना किया था, जिसके कारम पीसीबी को एशिया कप के 13 में से चार मैचों की मेजबानी ही दी गयी है। कई महीनों की तनातनी के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाले एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट आयोजित करने पर सहमति जताई थी, जिसके तहत भारत अपने सभी एशिया कप मुकाबले श्रीलंका में खेलेगा। भारत अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत दो सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं तो वे एक-दूसरे से इस टूर्नामेंट के दौरान तीन बार भिड़ सकती हैं।

समीक्षा

भारत की एकदिवसीय विश्व कप टीम में

# नंबर चार के लिये बिल्कुल सही हैं विराट : डिविलियर्स

एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि विराट कोहली को भारत की एकदिवसीय विश्व कप टीम में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिये। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल हाल ही में चोट से उबरकर एशिया कप स्क्वाड में शामिल हुए हैं, जिसके कारण भारत का मध्यक्रम अस्थिर है। अगर इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी पूरी तरह फिट नहीं होता, या फॉर्म हासिल नहीं कर पाता तो बल्लेबाजी क्रम में चौथा पायदान भारत के लिये बड़ी चिंता बन सकता है।

डिविलियर्स का मानना है कि अगर भारत के सामने यह समस्या आती है तो वनडे क्रिकेट में नंबर तीन पर खेलने वाले कोहली को एक पायदान नीचे उतर जाना चाहिये। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में कोहली की टीम के साथी रहे डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, हम अब भी भारत के चौथे नंबर के बल्लेबाज की बात कर रहे हैं। मैंने कुछ बातें सुनी हैं कि विराट वह स्थान ले सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो मैं उसका समर्थन करूंगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि विराट नंबर चार के लिये बिल्कुल सही हैं। वह पारी को संवार सकते हैं, मध्यक्रम में किसी भी तरह की भूमिका निभा सकते हैं। मुझे नहीं पता कि वह ऐसा करना चाहेंगे या नहीं। हम जानते हैं कि उन्हें अपना नंबर तीन स्थान पसंद है। उन्होंने अपने ज्यादातर रन वहीं बनाए हैं, लेकिन अगर टीम को आपसे कुछ करने, एक निश्चित भूमिका निभाने की जरूरत है, तो आपको अपना हाथ आगे बढ़ाना होगा। गौरतलब है कि एशिया कप स्क्वाड की घोषणा करते हुए रोहित ने टीम में लचीलेपन की मांग की थी, हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि वरिष्ठ खिलाड़ी अपनी-अपनी जगह पर बने रहेंगे।




अपनी पीठ की सर्जरी करवाकर टीम में वापस आये अय्यर नंबर चार पर बल्लेबाजी करने के सबसे प्रबल दावेदार हैं, हालांकि कोहली को पहले भी इस भूमिका में बड़ी सफलता मिली है। नंबर चार पर खेलते हुए कोहली सात शतक बनाने में सफल रहे हैं, जबकि उनका औसत 55.21 और स्ट्राइक रेट 90.66 रहा है। वह आखिरी बार जनवरी 2024 में नंबर चार पर खेले थे। अलूर में भारत के एशिया कप प्रशिक्षण शिविर में अय्यर के अच्छे प्रदर्शन ने भारतीय मध्यक्रम में स्थिरता का अंदेशा दिया है, हालांकि केएल राहुल की फिटनेस अभी भी चिंता का विषय है और वह 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप में कम से कम दो मैचों से बाहर रह सकते हैं।

## खेल जगत अपडेट्स »

### भारत ने 14 पदकों के साथ विश्व चैंपियनशिप को कहा अलविदा



**बाकू :** भारत ने निशानेबाज़ी विश्व चैंपियनशिप 2023 में छह स्वर्ण और आठ कांस्य सहित 14 पदक जीतकर अपने शानदार अभियान का अंत किया। ओलंपिक और गैर-ओलंपिक नियमित शूटिंग प्रतियोगिताएं शुक्रवार को संपन्न हुई। चैंपियनशिप में रनिंग स्पर्धाएं 31 अगस्त तक जारी रहेंगे लेकिन इनमें कोई भारतीय भाग नहीं लेगा। वर्तमान में भारतीय शूटिंग टीम कुल पदक तालिका में चीन (15 स्वर्ण, सात रजत, छह कांस्य) के बाद दूसरे स्थान पर है। पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित आठ पदक जीतकर अमेरिका तीसरे स्थान पर है। चार भारतीय निशानेबाज़ों ने चैंपियनशिप के दौरान पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये भी क्वालीफाई किया। राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), सिफ्त कौर समरा (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), अखिल शद्योराण (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन) और मेहुली घोष (महिला 10 मीटर एयर राइफल) ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में ओलंपिक कोटा हासिल किया। तियाना, साक्षी सूर्यवंशी और किरणदीप कौर की 50 मीटर पिस्टल महिला टीम ने शुक्रवार को स्वर्ण पदक के साथ भारत का अभियान समाप्त किया। अमनप्रीत सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि शिव नरवाल और ईशा सिंह ने मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण हासिल किया। रिदम सांगवान, ईशा सिंह और मनु भाकर की भारतीय महिला तिकड़ी ने महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार और अखिल शद्योराण ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 टीम स्पर्धा में, जबकि मेहुली घोष तिलोत्तमा सेन और रमिता ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किये।

# गाखल-सुरजीत राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी टूर्नामेंट आज से




एजेंसियां

**जालंधर :** गाखल-सुरजीत राष्ट्रीय खेल दिवस (5एस) हॉकी टूर्नामेंट का पहला संस्करण रविवार से यहां बाल्टर्न पार्क में स्थित सुरजीत हॉकी स्टेडियम में शुरू हो रहा है। जिले के उपायुक्त और सुरजीत हॉकी सोसायटी के अध्यक्ष विशेष सारंगल ने शनिवार को बताया कि भारतीय हॉकी के दिग्गज दिवंगत ओलंपियन मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। प्रथम गाखल-सुरजीत राष्ट्रीय खेल दिवस 5एस हॉकी टूर्नामेंट 27 अगस्त से शुरू होगा इसका फाइनल मैच 29 अगस्त को खेला जाएगा। सुरजीत हॉकी सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ.) इकबाल सिंह संधू के मुताबिक इस टूर्नामेंट में अलग-अलग आयु वर्ग की 18 टीमें अपने खेल का प्रदर्शन करेंगी। लड़कों (18 वर्ष से कम) के वर्ग में हॉकी जालंधर, सुरजीत हॉकी अकादमी, राउंड ग्लास अकादमी, अल्फा हॉकी जालंधर, ब्रौक्की जालंधर, श्रेय हॉकी जालंधर, जबकि लड़कियों (ओपन) के वर्ग में रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला, खालसा कॉलेज जालंधर, सी.आर.पी.एफ. जालंधर, ब्रौक्की जालंधर की टीमें शामिल हैं। जूनियर (18 वर्ष से कम) वर्ग में अल्फा हॉकी जालंधर, सुरजीत हॉकी अकादमी, श्रेय हॉकी जालंधर की टीमें भाग लेंगी जबकि सब जूनियर (10 वर्ष से कम) में सुरजीत हॉकी अकादमी, हॉकी जालंधर, अल्फा हॉकी जालंधर, श्रेय हॉकी जालंधर टीमें शामिल हैं। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन 27 अगस्त को मॉस्को ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता और सेवानिवृत्त आईपीएस सुरिंदर सिंह सोढ़ी करेंगे। जालंधर के सांसद सुशील कुमार रिंकू 29 अगस्त को टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के मंडल रिटेल प्रमुख राजन बेरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सुरजीत हॉकी अकादमी जालंधर बनाम ब्रौक्की जालंधर के बीच खेला जाएगा।

# ब्रूक के लिये बंद नहीं हुए वनडे विश्व कप के दरवाज़े




एजेंसियां

**चेस्टर ली स्ट्रीट :** इंग्लैंड के सीमित ओवर कप्तान जॉस बटलर ने अंदेशा जताया है कि युवा प्रतिभावान बल्लेबाज हैरी ब्रूक के लिये अभी टीम के दरवाज़े बन्द नहीं हुए हैं और वह एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारत आने वाली टीम का हिस्सा हो सकते हैं। गौरतलब है कि अनुभवी हरफनमौला बेन स्टोक्स के संन्यास वापस लेने के कारण ब्रूक न्यूजीलैंड वनडे सीरीज के लिये चुनी गयी स्क्वाड में जगह नहीं बना सके। ब्रूक जनवरी 2022 में इंग्लैंड के लिये पदार्पण करने के बाद से तीनों प्रारूपों में प्रभावशाली प्रदर्शन कर चुके हैं, हालांकि स्टोक्स की वापसी ने समीकरण बदल दिये हैं। बटलर ने कहा,''बेन स्टोक्स का वापस आना और सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर (विश्व कप के लिये) उपलब्ध रहना काफी हद तक समीकरण बदल देता है। बेन एक शानदार खिलाड़ी हैं, इसलिये चयन का यह फैसला थोड़ा कठिन था।'' उन्होंने कहा,''अभी सबके प्लेन में चढ़ने में समय है, इसलिये हम इंतज़ार करेंगे और देखेंगे कि क्या होता है।''

विश्व कप से लगभग बाहर होने के बाद ब्रूक ने कहा था,''यह साफ तौर पर निराशाजनक है लेकिन इस बारे में कुछ नहीं किया जा सकता। आपको आगे बढ़ना ही होगा। मैं उसके बारे में नहीं सोच रहा।'' ब्रूक ने हाल ही में इंग्लैंड के अनूठे टूर्नामेंट 'द हंड्रेड' में 41 गेंद पर शतक जड़कर अपनी काबिलियत का प्रमाण दिया। उन्होंने नॉर्थर सुपरचार्जर्स की ओर से खेलते हुए 42 गेंद पर नाबाद 105 रन बनाये, जिसमें 11 चौके और सात छक्के शामिल रहे। बटलर ने कहा,''हम सभी जानते हैं कि हैरी एक शानदार खिलाड़ी है और हमने देखा भी क्या वह क्या कर सकता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, हम जानते हैं कि वह कितना शानदार खिलाड़ी है। दुर्भाग्यशाली से वह इस समय टीम में नहीं है।'' उन्होंने कहा,''हम प्रतिभाओं की भरमार के मामले में बहुत मजबूत हैं। ऐसे कई बेहतरीन खिलाड़ी हैं जो इस समय (न्यूजीलैंड सीरीज के लिये चुनी गयी) उस अस्थायी टीम में नहीं हैं। पिछले कुछ वर्षों में सीमित ओवर वाली टीमों में यह इंग्लैंड टीम की प्रकृति रही है, जो हमारे लिए एक अच्छा संकेत है। ऐसी समस्याएं होना अच्छा है।''

# ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम करना चाहती है जाह्नवी कपूर



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम करना चाहती हैं। जाह्नवी कपूर से पूछा गया कि उन्हें समीक्षकों द्वारा सराही गई फिल्में ज्यादा पसंद हैं या फिर ब्लॉकबस्टर फिल्में। जाह्नवी ने कहा कि उन्हें ब्लाकस्टर फिल्में करना पसंद है। उन्होंने कहा, मेरे करियर में अब तक वह फिल्म नहीं आई जिसने बॉक्स आफिस पर नंबर बनाए हो। जाह्नवी कपूर ने बताया, मुझे अभिनय के लिए सराहना मिली है, लेकिन नंबर चाहिए। फिल्म धड़क ने बाक्स आफिस पर कमाई की थी लेकिन मैं उसका मजा नहीं ले पाई थी। ब्लाकबस्टर फिल्म मुझे जो पहुंच देगी छोटे शहरों के दर्शकों के बीच वह शायद क्रिटिकली अक्लेम फिल्में नहीं देंगी।

## एआर रहमान ने फिल्म रॉकेट्री- द नम्बी इफेक्ट के लिये आर माधवन को बधाई दी



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध संगीतकार एआर रहमान ने 69वें नेशनल अवॉर्ड में आर माधवन की फिल्म रॉकेट्री द नंबी इफेक्ट को बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड मिलने पर बधाई दी है। 69वें नेशनल अवॉर्ड में आर माधवन की फिल्म रॉकेट्री द नंबी इफेक्ट को बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड मिला।

## बॉलीवुड गीतकार देव कोहली का निधन



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड के जानेमाने गीतकार देव कोहली का निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। देव कोहली पिछले कुछ महीनों से बीमार थे और अस्पताल में भर्ती थे। देव कोहली का जन्म पाकिस्तान के रावलपिंडी में 02 नवंबर 1942 को एक सिख परिवार में हुआ था। भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद उनका परिवार देहरादून आ गया । देव कोहली ने श्री गुरु नानक देव गुरु महाराज कॉलेज से पढ़ाई की।वर्ष 1964 में देव कोहली मुंबई चले आये, जहां उन्होंने फिल्मों में काम की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1969 में फिल्म गुंडा से की थी । उन्हें पहली सफलता फिल्म लाल पत्थर (1971) में गीत गाता हूँ मैं से मिली। वर्ष 1970 और 1980 के दशक में देव कोहली ने कई फिल्मों के लिए गीत लिखे, लेकिन उन्हें कुछ खास सफलता नहीं मिली।

# नेशनल अवॉर्ड जीतने के बाद कृति सैनन ने सिद्धिविनायक मंदिर में की पूजा



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने फिल्म मिमी के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल अवॉर्ड जीतने के बाद सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा-अर्चना की। 69वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स 2023 के विजेताओं का ऐलान हो गया है। आलिया भट्ट को गंगूबाई काठियावाड़ी और कृति सैनन को मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया है। नेशनल अवॉर्ड जीतने के बाद कृति सैनन बेहद खुश है। इस बीच वह अपने पूरे परिवार के साथ बप्पा के दर्शन करने के लिए सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची। कृति और उनकी छोटी बहन नूपुर ने दर्शन के बाद लोगों के बीच बप्पा का प्रसाद बांटा। उन्होंने वहां मौजूद सभी को अपनी जीत की खुशी में मिठाईयां भी खिलाई और सबको थैंक्स भी कहा। कृति ने अपने माता-पिता और बहन के साथ वहां मौजूद लोगों के साथ सेल्फी भी क्लिक करवाई।

## प्रदेश >> अपडेट

### मंत्रिमंडल विस्तार के मामले में कमलनाथ का कटाक्ष

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने आज शिवराज सिंह चौहान मंत्रिमंडल के विस्तार के मामले में कटाक्ष किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सोशल मीडिया के जरिए पोस्ट में लिखा है, जब कार्यकाल हो रहा है समाप्त और गिरने वाली है सरकार, तब मप्र में मंत्रिमंडल का हो रहा है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### ममता ने तमिलनाडु ट्रेन दुर्घटना पर जताया शोक

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को तमिलनाडु के मदुरै में ट्रेन में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने भारतीय रेलवे से मानव जीवन के प्रति अधिक सतर्क और कम कठोर रहने का आग्रह किया। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर कहा, इस बार शनिवार को मदुरै (तमिलनाडु) में रेलवे की एक और विनाशकारी घटना हुई, जिसमें ट्रेन के एक कोच में भीषण आग लग गई और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी। इस हादसे में कम से कम 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सहारनपुर में पटाखा फैक्टरी में आग, एक की मौत

**सहारनपुर:** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के गागलहेड़ी क्षेत्र में शुक्रवार देर रात पटाखा फैक्टरी में धमाकों के साथ आग लग गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। सूचना मिलने पर थाना गागलहेड़ी और थाना जनकपुरी और फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मौके से पुलिस को प्रेम प्रकाश (40) का शव बरामद हुआ। विनोद नाम के एक व्यक्ति की आईडी भी मौके से मिली है। परिजनों का दावा है कि घटना के वक्त वह भी यहीं पर था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पुंछ में संदिग्ध गतिविधि के बाद सुरक्षा बलों ने चलाया घेराबंदी एवं तलाशी अभियान

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के सुरनकोट के जंगलों में संदिग्ध गतिविधि के बाद शनिवार को सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान (कासो) चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर सेना, पुलिस और विशेष जांच समूह (एसओजी) की संयुक्त टीम ने सुरनकोट के गंगा टॉप इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है। सूत्रों ने बताया कि इलाके में संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद तलाशी अभियान के दौरान गोलीबारी भी की गयी। सूत्रों के अनुसार घेराबंदी और तलाशी अभियान अभी भी जारी है और विस्तृत जानकारी की प्रतिक्षा की जा रही है।

### मदुरै ट्रेन हादसे से योगी दुखी, रेलमंत्री से की बात

**लखनऊ** : तमिलनाडु के मदुरै में शनिवार तड़के हुये रेल हादसे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताते हुये मृतक के परिजनो को दो लाख रूपये की आर्थिक मदद और घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि लखनऊ से यात्रियों का एक दल ट्रेन संख्या 16730 (मदुरै - पुनालुर एक्सप्रेस) से यात्रा कर रहा था कि एक कोच में आग लगने से दस यात्रियों की झुलस कर मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये। श्री योगी ने कहा ''मदुरई ट्रेन दुर्घटना अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है।'' उन्होने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त करते हुये कहा कि हादसे में घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। उन्होने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय अधिकारियों एवं रेलवे के अधिकारियों के साथ समन्वय कर यूपी के लोगों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने के दिए निर्देश दिये है।

**तस्करी** | सोने के बिस्कुट इकट्ठा कर दूसरे तस्कर को देने की फिराक में था

# बीएसएफ की छापामारी में सत्तर लाख के सोने का बिस्किट बरामद

- बीएसएफ ने उस इलाके से दो पैकेट बरामद किये
- बांग्लादेश के रहने वाले सिराज शेख ने यह सोना भारत भेजा था



राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता:** बांग्लादेश में तस्करी से ठीक पहले बीएसएफ की छापेमारी में 70 लाख रुपये के सोने के बिस्कुट जब्त किये गये हैं। बांग्लादेश के रहने वाले सिराज शेख ने यह सोना भारत भेजा था। गिरफ्तार व्यक्ति कंटीले तारों वाले इलाके से सोने के बिस्कुट इकट्ठा कर दूसरे तस्कर को देने की फिराक में था। बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा से 10 सोने के बिस्कुट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। नदिया के करीमपुर के मुरुतिया थाना इलाके की घटना। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बरामद सोने के बिस्कुट की बाजार कीमत करीब 70 लाख रुपये है।

बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की रात बीएसएफ नंबर 86 बटालियन के जवानों को सूचना मिली कि बैजनाथपुर इलाके के रास्ते भारत-बांग्लादेश की कंटीली तार वाली सीमा पार कर सोने की तस्करी की जा रही है। कंपनी कमांडर के नेतृत्व में जवानों की एक क्विक रिएक्शन टीम बनाई जाती है। इसके बाद रात 11:40 बजे नदिया के मारुतिया पुलिस स्टेशन की भारत-बांग्लादेश सीमा पर निगरानी बढ़ा दी गई। दोपहर करीब 12:00 बजे बीएसएफ जवानों को बांग्लादेश से भारत की ओर कंटीले तारों के पार कुछ फेंके जाने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने तुरंत खोजबीन शुरू कर दी। रात करीब एक बजे बीएसएफ ने उस इलाके से दो पैकेट बरामद किये। जिसमें से 1 किलो 200 ग्राम वजन के 10 सोने के बिस्कुट बरामद किये गये। इसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 70 लाख रुपये है। बीएसएफ ने तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। बीएसएफ सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार व्यक्ति का नाम रायल मंडल है। उनका घर मुरुतिया थाना क्षेत्र में है। उससे पूछताछ के बाद पता चला कि बांग्लादेश के मेहरपुर जिले के सुरतला गांव के रहने वाले सिराज शेख ने सोना भारत भेजा था। गिरफ्तार व्यक्ति कंटीले तारों वाले इलाके से सोने के बिस्कुट इकट्ठा कर उमर मंडल नाम के एक अन्य तस्कर को देने की कोशिश कर रहा था।

बीएसएफ ने बताया कि इस काम के लिए उन्हें पांच हजार रुपये का भुगतान किया गया था। गिरफ्तार व्यक्तियों और जब्त किए गए सोने के बिस्कुट को बीएसएफ ने सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआइजी एके आर्य ने कहा, बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर एक के बाद एक सोने की तस्करी की कोशिशों को रोककर मिसाल कायम कर रहा है। अगर सीमावर्ती इलाकों के आम लोग आगे आएं तो हमारा काम आसान हो जाएगा।

## पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के आश्वासन से फरवरी में चुनाव की फिर से जगी उम्मीदें

एजेंसियां

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने कहा है कि वह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और मतदाता सूची को साथ-साथ अद्यतन करने का काम करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चुनाव संबंधी कार्य कम से कम समय में पूरा किया जा सके और अगले साल फरवरी में चुनाव कराये जा सकें। ईसीपी के इस आश्वासन के बाद देश में चुनाव कराने की एक बार फिर उम्मीद जगी है। ईसीपी ने यह आश्वासन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के एक प्रतिनिधिमंडल को दिया गया, जिसने शुक्रवार को चुनाव के रोडमैप पर ईसीपी के साथ बैठक की थी। यद्यपि संविधान का यह उल्लंघन होगा, जिसके लिए विधानसभाओं के विघटन के बाद 90 दिनों के भीतर चुनाव कराने की आवश्यकता होती है। यह इस आशंका को भी दूर करता है कि नये जनगणना ब्लॉकों के साथ मतदाता सूची के तुलनात्मक आकलन के बहाने परिसीमन पूरा होने के बाद चुनाव में कई महीनों की देरी हो सकती है। यदि यह निर्णय लागू किया जाता है, तो यह सुनिश्चित हो जाएगा कि मार्च में सीनेट के आधे सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने से पहले इसके लिए निर्वाचक मंडल मौजूद है। ईसीपी के प्रवक्ता ने कल एक बयान में कहा कि आयोग ने दोनों प्रक्रियाओं को एक साथ पूरा करने के इरादे से एक साथ परिसीमन और मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम शुरू कर दिया है।

झारखण्ड से 21 सदस्यीय टीम है शामिल

## एनयूजेआई का जयपुर में शुरू हुआ दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन


- निम्स यूनिवर्सिटी के सभागार में हो रहा कार्यक्रम
- देश भर के पत्रकार शामिल हो रहे हैं इस आयोजन में
- झारखंड के राजीव नयनम पूर्वी क्षेत्र के सचिव बने



एजेंसियां

**जयपुर** : इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्टस (आईएफजे) से सम्बन्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस (एनयूजे आई) का इकाई संगठन जर्नलिस्टस एसोसिएसन ऑफ राजस्थान (जार) ने एनयूजे आई का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया है। यह अधिवेशन जयपुर के निम्स यूनिवर्सिटी के सभागार में हो रहा है। अधिवेशन में एनयूजे आई के पूरे देश में संगठन इकाई झारखण्ड, बिहार, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, हिमाचल प्रदेश, असम, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, कर्नाटक, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, त्रिपुरा के पत्रकार शामिल हुए। सभी प्रदेशों से आए इकाई संगठन के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने प्रदेशों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय अधिवेशन के उदघाटन समारोह प्रारम्भ कार्यक्रम में बतौर अतिथि केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, राजस्थान सरकार में खाद्य मंत्री प्रताप सिंह राठौर, दाती महाराज, निम्स यूनिवर्सिटी के प्रबंधक डॉ पंकज सिंह, एनयूजे आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, महासचिव प्रदीप तिवारी उपस्थित है।

## यूक्रेन का दावा रूस के कब्जे वाले क्रीमिया के तटों पर सेना उतारी है



एजेंसियां

**कियेब:** यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा है कि यूक्रेनी सेनाओं ने क्रीमिया के कब्जे वाले क्षेत्र में रूसी सैन्य सुविधाओं के खिलाफ अब तक का अपना सबसे जटिल और महत्वाकांक्षी अभियान चलाया है। यूक्रेनी रक्षा खुफिया के अनुसार, देश की नौसेना के साथ एक संयुक्त अभियान में, विशेष बल क्रीमिया के पश्चिमी तट पर, ओलेनिव्का और मयाक की बस्तियों के पास उतरे। कार्य करते समय, यूक्रेनी रक्षक कब्जा करने वाले की इकाइयों से भिड़ गए। परिणामस्वरूप, दुश्मन को अपने कर्मियों को नुकसान उठाना पड़ा और दुश्मन के उपकरण नष्ट हो गए, खुफिया एजेंसी ने कहा। जब वे वहां थे, यूक्रेनी इकाई ने भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया। क्रीमिया में रूसी-नियुक्त अधिकारियों, यूक्रेनी प्रायद्वीप, जिस पर 2014 से मास्को की सेना द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, ने दावों का जवाब नहीं दिया है। रूसी सैनिकों के खिलाफ अपने आक्रामक जवाबी हमले को शुरू करने के बाद से यह ऑपरेशन कियेब द्वारा सबसे साहसी कदमों में से एक होगा, जिसने अब तक केवल सीमित प्रगति की है। यूक्रेन ने हाल ही में रूसी रसद और पुनः आपूर्ति प्रयासों को बाधित करने के लिए क्रीमिया पर ड्रोन हमले बढ़ा दिए हैं, फोकस में एक बदलाव जिसे पश्चिम के कुछ हिस्सों में संदेह के साथ पूरा किया गया है। इस क्षेत्र में उन्नत प्रणालियों सहित व्यापक वायु सुरक्षा और मिसाइल साइटें शामिल हैं। यूक्रेनियन ने बुधवार को कहा कि उन्होंने क्षेत्र में एक एस-400 मिसाइल रक्षा बैटरी को नष्ट कर दिया है। मायाक को रूसी रेडियो इंजीनियरिंग रेजिमेंट और परिष्कृत रडार सिस्टम का घर कहा जाता है। अनौपचारिक रूसी सोशल मीडिया अकाउंट्स ने गुरुवार सुबह होने से पहले क्रीमिया के सबसे पश्चिमी बिंदु - केप तारखानकुट में एक कैंपसाइट के पास गोलीबारी की बात कही है। एक चैनल ने कहा कि पहली गोलीबारी सुबह 4 बजे से कुछ देर पहले हुई।

## हर जिले में होगी साइबर क्राइम थानों की स्थापना: योगी

एजेंसियां



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिये अब राज्य के सभी 75 जिलों में साइबर क्राइम पुलिस थानो की स्थापना की जायेगी और हर थाने में साइबर सेल को सक्रिय किया जायेगा। श्री योगी ने शनिवार को प्रदेश में साइबर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि परिक्षेत्रीय स्तर पर संचालित साइबर क्राइम पुलिस थानों को अब सभी 75 जिलों तक विस्तार दिया जाए और वर्तमान में जिला स्तर पर संचालित साइबर सेल को आगे बढ़ाते हुए हर एक थाने में साइबर सेल गठित किया जाए। मुख्यमंत्री के इस निर्देश के बाद आगामी दो माह के भीतर प्रदेश में 57 नए साइबर क्राइम थानों की स्थापना होगी, जबकि हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क के अलावा अब साइबर सेल भी क्रियाशील होगा। सभी साइबर पुलिस क्राइम थाने स्थानीय पुलिस लाइन में स्थापित किए जाएंगे। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के समय में तकनीक के दुरुपयोग से अपराध की प्रकृति भी बदली है। आज कस्टमर केयर फ्रॉड, पेंशन फ्रॉड, बिजली बिल फ्रॉड, वर्क फ्रॉम होम फ्रॉड, सेक्स्टॉर्सन फ्रॉड, लोन एप फ्रॉड, पार्सल फ्रॉड, फ्रेंचाइजी फ्रॉड, फेक बेटिंग एप, क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, पॉन्जी स्कीम फ्रॉड के मामले देखने को मिल रहे हैं।

**विवाद** | लोग कहते हैं कि बस भाड़ा नहीं तो वेतन कम लो

## महिलाओं को फ्री बस सेवा का नया बखेड़ा बेंगलुरु में

- महिलाएं और ट्रांसजेंडर अब सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर सकते हैं

राष्ट्रीय खबर



**बेंगलुरु:** अब से आपको काम पर आने के लिए बस के किराये की जरूरत नहीं पड़ेगी तो वेतन तदनुसार कम होना चाहिए। ऐसा कई लोगों का दावा है। उन्होंने अपने कार्यस्थल पर वेतन में कटौती की मांग नहीं की। लेकिन अपने घर वालों के मामले में उनका बयान अलग है। सरकारी योजना द्वारा महिलाओं के लिए किराया खत्म करने के बाद कई परिवारों ने नौकरानियों के वेतन में कटौती के कदम उठाए हैं। उनका तर्क एक ही है वेतन का जो हिस्सा आने-जाने में बस किराये के रूप में खर्च हो जाता था, उसकी अब जरूरत नहीं रही। इसलिए ये लोग वह पैसा देने को तैयार नहीं हैं। इस शहर की घरेलू नौकरानियों का दावा है कि उन्हें बेंगलुरु के कई परिवारों में ऐसी घटनाओं का सामना करना पड़ा है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक महिला की पोस्ट से यह घटना सामने आई। दरअसल, महिलाएं और ट्रांसजेंडर अब सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर सकते हैं।

हाल ही में कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने ऐसा आदेश जारी किया है। चुनावी वादे के मुताबिक नवगठित सिद्धारमैया सरकार ने राज्य में महिला आवास को पूरी तरह खत्म कर दिया है। शक्ति नाम की यह सेवा कर्नाटक के विभिन्न जिलों में शुरू की गई है। सरकार ने घोषणा की थी कि इस योजना से हर दिन राज्य की 41.8 लाख महिलाओं को फायदा होगा। लेकिन फायदे के अलावा किसी ने नहीं सोचा था कि इस प्रोजेक्ट से लड़कियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन बिल्कुल वैसा ही हुआ। हाल ही में मानसी नाम की महिला ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि वह बेंगलुरु के एक संभ्रांत आवास की रहने वाली है। सच कहें तो पूरे देश के मानचित्र पर कर्नाटक का यह जिला पहले से ही बेहद महंगे और संभ्रांत शहर के रूप में जाना जाता है। मानसी ने कहा, लेकिन कई परिवार आवास के निलंबन के बाद गृहस्वामी के वेतन को कम करने का अवसर तलाश रहे हैं। ऐसे देश में जहां घरेलू कामगारों की मजदूरी पहले से ही काफी कम है, उन्होंने इस घटना को क्रूरता माना। वहीं इस मुद्दे पर नेटिजनों ने भी उनके सुर में सुर मिलाते हुए अपना गुस्सा जाहिर किया है।

## न्यूज फटाफट

### मेडागास्कर में भगदड़, 12 लोगों की मौत

**एंटानानारिवो:** मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो के बारिया स्टेडियम में 11वें इंडियन ओशन आइलैंड गेम्स के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रवेश द्वार पर भगदड़ मचने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और लगभग 80 अन्य घायल हो गए। मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्से ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार शाम को मीडिया को बताया कि भगदड में मरने वालों की संख्या 12 है और करीब 80 लोग घायल हैं, जिनमें से 11 को तत्काल सर्जरी की आवश्यकता है। नत्से ने कहा, सरकार घायलों की चिकित्सा लागत वहन करेगी और सभी संस्थानों की ओर से मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना ने मृतकों के प्रति दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने घटना को दुर्भाग्यपूर्व बताया है। उन्होंने बताया कि स्टेडिम के प्रवेश द्वार पर भगदड़ मच गई। कई लोग घायल है। राष्ट्रपति ने संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मौन रखने का आ''ान किया है। इसके बाद उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति ने भगदड़ में मारे गए लोगों के प्रति एक मिनट का मौन रखा। उल्लेखनीय है कि 26 जून, 2019 को मेडागास्कर की स्वतंत्रता का जश्न मनाने के दौरान महामासिना स्टेडियम में मची भगदड़ में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 75 अन्य घायल हो गए।

### सीरियाई सेना की कार्रवाई में सात विद्रोही ढेर

**दमिश्क:** सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में सेना की कार्रवाई में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही गुट के सात सदस्य मारे गये। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर 'मन राइट्स के अनुसार सेना ने शुक्रवार को अलेप्पो के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में एचटीएस के दो वाहनों पर हमला किया, जिसमें सात विद्रोही मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि कुछ विद्रोहियों के गंभीर रुप से घायल होने से मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है। सीरियाई सेना और एचटीएस के बीच तनाव बढ़ने के साथ ही दोनों पक्षों के बीच उत्तरी सीरिया में गोलीबारी जारी है। सरकारी समाचार एजेंसी सना के अनुसार, सोमवार को सीरियाई बलों ने इदलिब और हमा के उत्तर-पश्चिमी प्रांतों में एचटीएस द्वारा भेजे गए तीन हथियारबंद ड्रोनों को रोका और मार गिराया। निगरानी समूह के अनुसार, उसी दिन, इदलिब क्षेत्र में किए गए रूसी हवाई हमलों में आठ एचटीएस विद्रोही मारे गए। अल-कायदा के पूर्व सहयोगी एचटीएस ने इदलिब के एक बड़े हिस्से पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है।

### मोरक्को में मानव तस्करी के आरोप में पांच गिरफ्तार

**रबात:** मोरक्को पुलिस ने अनियमित प्रवासन और मानवीय तस्करी करने में संलिप्त पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक न्यूज एजेंसी एमएपी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एमएपी ने सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि दक्षिण-पश्चिम मोरक्को के टन-टन और मेहदिया क्षेत्रों में गुरुवार को दो अलग अभियान के दौरान उनको गिरफ्तार किया गया। मेहदिया में चार लोग और टन-टन से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मोरक्को के तान-तान और मेहदिया क्षेत्रों में दो अलग-अलग अभियानों के दौरान संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। मेहदिया से चार व्यक्तियों और टैन-टैन से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। हिरासत में लिए गए लोग कथित तौर पर अवैध आप्रवासन की योजना बनाने की प्रक्रिया में थे। रिपोर्ट में बताया गया कि गिरफ्तारी अभियान अनियमित प्रवासन और मानव तस्करी पर मोरक्को के सुरक्षा बलों की राष्ट्रीय कार्रवाई का हिस्सा है। हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों को जांच और अन्य प्रक्रियाओं के लिए न्यायिक अधिकारियों के पास भेजा गया है।

### ब्रिक्स संसदीय फोरम मंच के अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका में आयोजन की संभावना

**जोहान्सबर्ग:** दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री नलेदी पंडोर ने शुक्रवार को कहा है कि ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन संभवत: अक्टूबर में जोहान्सबर्ग में किया जाएगा। पंडोर ने रेडियो उबंटू को बताया, इस साल के अंत के आसपास, हमारे पास ब्रिक्स संसदीय फोरम होगा, जो अक्टूबर में जोहान्सबर्ग में होगा। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स - दुनिया की सबसे बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं, (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) को एकजुट करने वाला समूह है। जिसने मंगलवार से गुरुवार तक जोहान्सबर्ग में अपना वार्षिक शीर्ष स्तरीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया। गुरुवार को समूह में अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को आधिकारिक तौर पर समूह में शामिल किया गया था।

### फिलीस्तीन ने की इजरायल के 'नस्लवादी बयानों' की निंदा

**रामल्ला:** फिलीस्तीन ने इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर के 'नस्लवादी बयानों' की कड़ी निंदा की है। फिलीस्तीन के विदेश मंत्रालय ने प्रेस बयान में यह जानकारी दी है। फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह 'बेन-ग्विर के नस्लवादी बयानों और रुख' की कड़े शब्दों में निंदा करता है। दरअसल, बुधवार को इज़राइल के एन12 न्यूज़ के साथ एक साक्षात्कार में श्री बेन-ग्विर ने कहा कि उनके और उनके परिवार के लिए जीवन और आंदोलन का अधिकार, कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी के अरबों के लिए आंदोलन के अधिकार से कहीं अधिक है।

### आज का इतिहास

- 1604 : अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में आदि गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतिस्थापना की गई।
- 1781 : हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।
- 1870 : भारत के पहले मज़दूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना की गई।
- 1939 : जेट ईंधन वाले विश्व के पहले विमान ने जर्मनी से पहली उड़ान भरी।
- 1976 : भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक नियुक्त हुई।
- 1976 : भारतीय पार्श्वगायक मुकेश का निधन।
- 1979 : आयरलैंड के समीप एक नौका विस्फोट हुआ।
- 1985 : नाइजीरिया में सैनिक क्रान्ति में मेजर जनरल मुहम्मद बुहारी की सरकार का तख्ता पलटा गया तथा जनरल इब्राहिम बाबनगिदा नये सैनिक शासक बने।
- 1990 : वाशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के 55 में से 36 कर्मचारियों को अमेरिका ने निष्कासित कर दिया।
- 1991 : मालदोवा ने सोवियत संघ से आजाद होने की घोषणा की।
- 1993 : भारतीय महिला तलवारबाज़ सी. ए. भवानी देवी का जन्म।
- 1999 : सोनाली बनर्जी भारत की प्रथम महिला मैरिन इंजनियर बनीं।
- 2003 : 60 हजार वर्षों के अंतराल के बाद मंगल पृथ्वी के सबसे नजदीक पहुंचा।
- 2004 : वित्तमंत्री शौकत अजीज पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री चुने गये।
- 2006 : भारतीय फ़िल्मों के प्रसिद्ध निर्माता व निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी का निधन।
- 2008 : सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ए.के. माथुर को सशस्त्र बल ट्रिब्यूनल का पहला अध्यक्ष बनाया गया।
- 2009 : बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष सुश्री मायावती को पुन: अध्यक्ष पद पर तीसरी बार चुन लिया गया। उल्लेखनीय है कि दल के संस्थापक कांशीराम के उपरान्त वे लगातार इस पद पर बनी हुई हैं।
- 2010 : कोंकणी साहित्य के सबसे मजबूत स्तंभ रवीन्द्र केलकर का निधन।
- 2013 : उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में दो धार्मिक समुदायों के बीच दंगे भड़के।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची रविवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

27:08:2023


## हाईकोर्ट से कृष्णा कबीर को अग्रिम जमानत

रांचीःझारखंड हाईकोर्ट ने चिट फंड कंपनी में पैसा निवेश करने के से जुड़े धोखाधडी के आरोपी कृष्णा कबीर को अग्रिम जमानत दी है। कृष्णा कबीर अल्केमिस्ट ग्रुप के निदेशक हैं। उनकी याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि कोर्ट के आदेश की प्रति प्राप्त होने के तीन सप्ताह के भीतर वह निचली अदालत में आत्मसमर्पण करेंगे।

**चुनाव घोषणा** चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव के लिए टीमों की तैयारी जारी, जल्द होगी घोषणा

# फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव सितंबर में

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव सितंबर में होना है। हालांकि अभी चुनाव की तारीख घोषित नहीं है। लेकिन चैंबर की वर्तमान कार्यकारिणी की ओर से चैंबर चुनाव कमेटी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की घोषणा कर दी गयी है। जबकि अभी तक सदस्यों के बीच टीम और अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर कुछ स्पष्ट नीति नही बन पायी है। चैंबर सूत्रों की मानें तो वर्तमान महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे। उनकी टीम की घोषणा भी अगले सप्ताह होने की संभावना है। डॉ अभिषेक के साथ ही आदित्य मल्होत्रा भी उनकी टीम में नजर आयेंगे। हालांकि पूर्व में भी डॉ अभिषेक रामाधीन ने चैंबर चुनाव में दावेदारी की बात




स्वीकारी थी। वहीं, दूसरी टीम की बात करें तो अभी तक इस पर स्पष्ट तैयारी की जानकारी नहीं मिल पायी है।

हालांकि राहुल मारू की ओर से भी टीम बनाने की बात कही जा रही है। जो इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिये उम्मीदवारी करेंगे।बता दें पिछले साल राहुल मारू और किशोर मंत्री के बीच अध्यक्ष पद पर दावेदारी की गयी थी। अनुभव समेत अन्य मानकों को ध्यान में रखते हुए सदस्यों ने किशोर मंत्री को अध्यक्ष बनाया। हालांकि किशोर मंत्री को पिछले साल के चुनाव में अधिक मतदान भी मिलें थे। इस बार चुनाव कमेटी के अध्यक्ष ललित मोदी और उपाध्यक्ष पवन शर्मा को बनाया गया है।चैंबर चुनाव ग्यारह कार्यकारिणी सदस्यों के लिए कराया जाता है। जहां 21 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। वहीं छह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष चुनें जायेंगे।

इसमे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष समेत अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। चुनाव के पूर्व चैंबर की आमसभा होगी। वर्तमान में चैंबर मे लगभग चार हजार सदस्य हैं। चुनाव के पूर्व सदस्यों की स्क्रूटनी की जाती है जिसके बाद फाइनल लिस्ट जारी की जायेगी। पिछले कुछ सालों से चैंबर चुनाव ग्यारह सितंबर तक संपन्न कराया गया है। हालांकि कोविड महामारी के दौरान दो साल चुनाव देर से कराया गया। साल 2022 मे चुनाव पूर्व की तरह नियत समय पर कराया गया था।

डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में

# दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी-सह-जनपद संस्कृत सम्मेलन आयोजित



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में भारतीय ज्ञान परंपराः सिद्धांत एवं अनुप्रयोग विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी-सह- जनपद संस्कृत सम्मेलन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा बहुत ही प्राचीन है एवं कल्याणकारी है। इस ज्ञान परंपरा के कारण हम भारत के लोग आत्मविश्वास के साथ बहुत सारे प्राचीन एवं पारंपरिक विधाओं का उपयोग करते चले आ रहे हैं। आज इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुये महान वैज्ञानिक एस। सोमनाथ एवं उनकी टीम ने चंद्रयान-3 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया। इतना ही नहीं हमारी ज्ञान परंपरा में मेडिसिन सर्जरी, संगीत, स्थापत्यकला इत्यादि न जाने कितने आयाम शामिल है। सुश्रूत द्वारा की जाने वाली सर्जरी की तकनीकी को आज भी शल्य चिकित्सक जानने की कोशिश करते हैं।राज्यपाल ने कहा कि हमें अपने मातृभाषा पर गर्व होनी चाहिए। वह हमारे ज्ञान की जड़ है और वहीं से ज्ञान की यात्रा शुरू होती है। विश्व के सर्वाधिक प्राचीनतम भाषाओं में भारत की 2 भाषाएँ संस्कृत एवं तमिल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भाषा को नहीं भूलना चाहिए लेकिन अन्य भाषाओं को भी सीखना चाहिए, तभी हम जान पाएंगे की देश-दुनिया में क्या हो रहा है? अपने देश की उन्नति के लिए भी अन्य देशों की भाषा सीखना जरूरी है। किसी से घृणा कर अपने को बेहतर साबित नहीं कर सकते हैं। यह दृष्टिकोण अपने ही विकास में बाधक होगा। राज्यपाल ने कहा कि हमें मॉडर्न टेक्नोलॉजी को भी अंगीकार करना है लेकिन अपनी उन्नत एवं सारगर्भित विधा को भूलना भी नहीं है।

धीरे-धीरे दुनिया कृषि आधारित अर्थव्यवस्था से औद्योगिक अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ती चली गई। अब कृषि आधारित अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक अर्थव्यवस्था के बीच सामंजस्य बनाकर विकास की नई गाथा लिखी जा सकती है। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन जीने के तरीकों के साथ मानव मूल्य भी स्थापित थे। हम अपनी माँ के पास अभी भी बिना समय लिए हुये जाते हैं, लेकिन आज देखा जा रहा है की बुजुर्गों को बात करने के लिए बच्चों से समय लेना पड़ता है।

सैकड़ों एजेंटों और जमाकताओं ने सहारा पोर्टल के जरिये पैसे की वापसी को नाकाफी बताया

# सहारा इंडिया में डूबे पैसों की वापसी के लिए राजभवन के समक्ष धरना



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः**सहारा इंडिया में डूबे पैसों की वापसी के लिए शनिवार को सैकड़ों जमाकताओं और एजेंटों ने राजभवन के पास धरना दिया। संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले दिये गये धरना दे रहे लोगों ने आरोप लगाया कि सहारा इंडिया के संस्थापक सुब्रतो राय ने गरीबों की गाढ़ी कमाई हड़प लिया है। जमाकताओं का पैसा नहीं दे रहा है। मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मोहित कुमार ने कहा कि हमलोग सहारा से लुटे हुए व्यक्ति हैं। सभी जमाकताओं को एकजुट होना होगा। भुगतान पाने के लिए सरकार पर दबाव बनाना होगा। केंद्र और राज्य सरकार डूबा हुआ पैसा नहीं दिलाती है, तो आने वाले 2024 के चुनाव में भाजपा को वोट नहीं देंगे। कहा कि विगत दो साल से लगातार हक का पैसा मांग रहे हैं। इसके लिए पूरे देश में आंदोलन कर रहे हैं। इसके बाद भी सरकार नहीं सुन रही है। सरकार ने ही सहारा को पैसा जमा करने के लिए लाइसेंस दिया है। सहारा इंडिया आज भी प्रत्येक जिले में आफिस खोलकर बैठा है। गरीबों का पैसा लूटने का काम कर रहा है।वहीं सहारा के एजेंट प्रभात कुमार ने कहा कि गृह मंत्री ने सहारा पोर्टल के माध्यम से दस हजार रुपए उनके अकाउंट में जमा करने का वादा किया है, जो नाकाफी है। लाखों लोगों का पांच साल, दस साल से मैच्योरिटी पूरा हो गया है।

## डीएवी बरियातू में छात्रों को दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

रांची :एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन्स ऑफ इंडिया द्वारा देश भर में 26 अगस्त को ट्रामा जागरूकता दिवस मनाया गया। इस क्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

एसोसिएशन की ओर से रांची के मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ ओम प्रकाश और डॉ अनुज ने स्कूल के छात्रों को यातायात के नियमों के साथ- साथ दुर्घटना से बचाव के बारे में बताया।डॉक्टरों ने छात्रों को आकस्मिक बचाव की भी जानकारी दी। उन्हें सावधानी से गाड़ी चलाने और किसी भी नशे इत्यादि से दूर रहने की सलाह दी।

# व्यवसायी विष्णु अग्रवाल ने ईडी कोर्ट में दायर की जमानत याचिका

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ की जमीन खरीदने के मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की ओर से ईडी कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गयी है। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने विष्णु अग्रवाल को रिमांड पर लेकर 12 दिनों तक पूछताछ की थी जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। 31 जुलाई को रात करीब 10:00 बजे ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से



खरीदने का आरोप है। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गई थी।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**राष्ट्रीय ख़बर**

**रांचीः**29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर राज्य स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का ओोजन खेलकूद विभाग के स्तर से किया जायेगा। इसमें राज्यस्तरीय क्रॉस कन्ट्री दौड़ (पुरुष-6 किमी, महिला-4किमी) के अलावे आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग केवल) भी शामिल है। ओपन वर्ग में होने वाली क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता के लिए पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार मिलेगा। इसके तहत 21 हजार, 11 हजार और 7500 रुपये की राशि तय है।इसके अलावा आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता (ओपन) के लिए भी क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपये की राशि इनाम के तौर पर फाइनल है।राज्य के इच्छुक खिलाड़ी इन खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने को 28 अगस्त की सुबह 9 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी (रांची) स्थित खेलकूद निदेशालय कार्यालय में करा लेंगे। इसके अलावा मोबाइल नंबर 7909072789 पर वाट्सएप के माध्यम से भी करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए अपना नाम, पता, आधार कार्ड की छायाप्रति और मोबाइल नंबर की जानकारी देनी होगी। निबंधन निःशुल्क है। प्रतियोगिता स्थल तक आने-जाने का खर्च प्रतिभागी खिलाड़ियों को स्वयं वहन करना होगा।

# सुनील यादव को दुमका पुलिस ने रांची हाईकोर्ट में किया पेश, जेल

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले के आरोपी दाहु यादव के भाई सुनील यादव को रांची पीएमएलएमें पेश किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुनील यादव को दुमका पुलिस ने शुक्रवार (25 अगस्त) की देर शाम गिरफ्तार किया था। बता दें कि इस मामले की जांच ईडी मनी लॉन्ड्रिंग के तहत कर रही है। इस मामले में दाहू यादव और सुनील यादव के खिलाफ दस महीने पहले वारंट जारी किया गया था।बता दें कि दाहू और सुनील यादव सगे भाई हैं। इनपर झारखंड




के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के साथ मिलकर अवैध खनन, अवैध परिवहन और साहिबगंज में गंगा नदी पर अवैध तरीके से जहाज परिचालन का आरोप है।दाहू यादव पर मे0सर्स इंफ्रालिंक लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड का स्टीमर गलत तरीके से चलवाने का भी आरोप है। 23 मार्च 2022 को हुई दुर्घटना और अवैध स्टोन चिप्स ढुलाई मामले में ईडी ने इंफ्रालिंक के स्टीमर को जब्त किया था। जिसे दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की देखरेख में चलाया जाता था। दोनों भाईयों पर आरोप है कि वे स्टीमर के सहारे स्टोन चिप्स ढोनेवाले ट्रकों से पंकज मिश्रा के लिए 500 रुपये प्रति ट्रक की दर से वसूली करते थे।






**अवलोकन विषय** बीएयू में डॉ आरआर अग्रवाल मेमोरियल व्याख्यान आयोजित

# सिलिकॉन एक लाभकारी पादप पोषक तत्वः डॉ एनबी

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में संचालित इंडियन सोसाइटी ऑफ सॉयल साइंस (आईआईएसएस), रांची चैप्टर ने शनिवार को डॉ आरबी प्रसाद मेमोरियल हॉल में कृषि में सिलिकॉन स्रोतों और उपयोगिता का अवलोकन विषय पर डॉ आरआर अग्रवाल मेमोरियल व्याख्यान का आयोजन किया। जिसके इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ सिलिकॉन इन एग्रीकल्चर एंड रिलेटेड डिसिप्लिन (आईएसएसएआरडी) के पहले अध्यक्ष, प्रसिद्ध भारतीय सिलिकॉन शोधकर्त्ता और डीन एग्रीकल्चर, कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बेंगलुरु डॉ एनबी प्रकाश मुख्य वक्ता थे। अपने व्याख्यान में डॉ एनबी प्रकाश ने बताया कि सिलिकॉन एक लाभकारी पौध पोषक तत्व है, जो अक्सर फसलों में किसी भी अन्य प्रमुख पोषक तत्व की तुलना में अधिक मात्रा में



पौधों द्वारा अवशोषित होता है। भारत के व्यावहारिक कृषि में सिलिकॉन के महत्व को तेजी से पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि फसलें आम तौर पर अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की तुलना में तेजी से सिलिकॉन को अवशोषित करती हैं । चावल और गन्ना सिलिकॉन प्रिय फसलें हैं और इन्हें सिलिकॉन संचायक के रूप में जाना जाता है। चावल और गन्ने की फसलें एक वर्ष में प्रति हेक्टेयर औसतन 300 से 600 किलोग्राम सिलिकॉन निकालती हैं। जहां फसल अवशेषों का पुनर्चक्रण छोटा होता है, वहां फसलों द्वारा लिया गया अधिकांश सिलिकॉन मिट्टी से हटा दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप मिट्टी में सिलिकॉन की कमी हो जाती है। डॉ प्रकाश ने बताया कि सिलिकॉन फसल के पौधों पर कई लाभकारी प्रभाव डालता है। पौध स्तंभन में सुधार, ठंड में कमी, प्रकाश संश्लेषण में वृद्धि और लौह, मैंगनीज और एल्यूमीनियम की विषाक्तता में कमी के लिए सिलिकॉन जरुरी है।

अध्यक्षीय भाषण में कुलपति डॉ ओएन सिंह ने कहा कि नवीनतम शोध में फसलों के स्वास्थ एवं उत्पादकता के विकास के लिए सिलिकॉन की आवश्यकता महसूस की गयी है। इसमें चावल, गन्ना, अन्य अनाज फसलें, सब्जियों और फलों सहित विभिन्न प्रकार की फसलों की वृद्धि और पैदावार बढ़ाने के लिए इसे एक लाभकारी पौधा पोषक तत्व पाया गया है। अपनी फसल उत्पादकता को बढ़ाने और टिकाऊ उत्पादन के लिए कई देशों में फसलों पर सिलिकॉन उर्वरक का सफल उपयोग किया जा रहा है। कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बेंगलुरु में विभिन्न फसलों में सिलिकॉन पर शोध कार्य बेहद सराहनीय और प्रशंसनीय प्रयास है। व्याख्यान से पूर्व आईआईएसएस, रांची चैप्टर के अध्यक्ष और डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने कहा कि मिट्टी जीवन का उदगम है, इसपर विशेष ध्यान दिया जाना जरुरी है। मौके पर डॉ शाही ने डॉ। आरआर अग्रवाल का संक्षिप्त जीवन परिचय और कोषाध्यक्ष डॉ अरबिंद कुमार ने डॉ एनबी प्रकाश का संक्षिप्त जीवन परिचय से अवगत कराया। चैप्टर के सचिव डॉ। बीके अग्रवाल ने स्वागत भाषण और मृदा वैज्ञानिक डॉ। प्रभाकर महापात्रा ने धन्यवाद व्यक्त की। कार्यक्रम में डॉ एमके गुप्ता, डॉ एस कमार्कार, डॉ मनिगोपा चक्रवर्ती, ई डीके रूसिया, एचएन दास सहित मृदा, शस्य एवं आनुवांशिकी विभाग के अनेकों संकाय सदस्य और पीजी और पीएचडी छात्र छ्र छात्राएं भी मौजूद थे।